# नेशनल प्रेस टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

नई दिल्ली, बुधवार
02 अप्रैल 2025

नई दिल्ली। (राष्ट्रीय संस्करण) वर्ष : 11, अंक : 33 www.nationalpresstimes.com पृष्ठ : 10 मूल्य : 05 रुपया RNI No : UPHIN/2015/64579


आज रखा जाने
चौथा व्रत

### कूष्मांडा



माँ दुर्गाजी के चौथे स्वरूप का नाम कूष्मांडा है। अपनी मंद मुस्कान द्वारा अंड अर्थात ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्मांडा देवी के नाम से अभिहित किया गया है। जब सृष्टि का असित्व नहीं था, चारों ओर अंधकार ही अंधकार परिव्याप्त था, तब इन्हीं देवी ने अपने ईषत हास्य से ब्रह्मांड की रचना की थी। अत: यही सृष्टि की आदि स्वरूपा आदि शक्ति है। माँ कूष्मांडा की उपासना से भक्तों के समस्त रोग-शोक विनष्ट हो जाते हैं। इनकी भक्ति से आयु, यश, बल और आरोग्य की वृद्धि होती है। माँ कूष्मांडा अत्यल्प सेवा और भक्ति से भी प्रसन्न होने वाली है।

## गुजरात के बनासकांठा में पटाखा फैक्ट्री में भीषण आग; स्लैब भी ध्वस्त, 13 लोगों की मौत



बनासकांठा । गुजरात के बनासकांठा जिले में मंगलवार को बड़ी घटना हुई। यहां एक पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट के बाद एक स्लैब ढह गया। मलबे में कई लोगों के फंसे होने की आशंका है। बचाव कार्य चलाया जा रहा है।


गुजरात के बनासकांठा जिले में मंगलवार को एक पटाखा फैक्ट्री में आग लगने से 13 लोगों की मौत हो गई। हादसे में चार अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि आग लगने के बाद कई विस्फोट हुए। इस वजह से डीसा कस्बे के पास स्थित फैक्ट्री के कुछ हिस्से ढह गए। मलबे में कई श्रमिकों के फंसे होने की आशंका जताई जा रही है।

डीसा ग्रामीण पुलिस थाने के निरीक्षक विजय चौधरी ने बताया कि डीसा नगर पालिका के अग्निशमनकर्मी मलबे में फंसे श्रमिकों को बचाने की कोशिश कर रहे हैं। घटनास्थल बचाव कार्य में कोई कोताही नहीं बरती जा रही है। इससे पहले जिला प्रशासन के एक अधिकारी ने बताया था कि तीन लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। छह अन्य घायलों को इलाज के लिए सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

शेष पेज 2 पर

### प्रधानमंत्री पद की दावेदारी पर सीएम योगी का बड़ा बयान-

# मैं योगी हूं, हमेशा के लिए राजनीति में नहीं




लखनऊ । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री पद पर अपनी दावेदारी को लेकर बयान दिया है। उन्होंने भविष्य में अपनी राजनीतिक योजनाओं पर भी चर्चा की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राजनीति में धर्म का मिलन गलत नहीं है। ये हमारी गलती है कि हम धर्म को कुछ स्थानों के लिए सीमित कर देते हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री पद की दावेदारी को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि मैं दिल से एक योगी हूं और राजनीति मेरा पूर्णकालिक व्यवसाय नहीं है। मैं मुख्यमंत्री पद पर उत्तर प्रदेश की जनता की सेवा करने के लिए हूं और मैं हमेशा के लिए राजनीति में नहीं आया हूं। मेरी पार्टी भाजपा ने मुझे जो जिम्मेदारी दी है उसे मैं निभा रहा हूं।

दिए गए साक्षात्कार में उन्होंने प्रधानमंत्री पद की दावेदारी को लेकर खंडन किया। उन्होंने कहा कि मैं कब तक राजनीति में रहूंगा इसकी समय सीमा है। मैं हमेशा के लिए राजनीति में नहीं हूं। बता दें कि इन दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तराधिकारी को लेकर चचाएं काफी तेज हैं और योगी को उनके समर्थकों के द्वारा प्रधानमंत्री पद के दावेदार के तौर पर देखा जा रहा है। ये चचाएं प्रधानमंत्री मोदी के 30 मार्च को संघ मुख्यालय जाने के बाद और तेज हो गई हैं। सोशल मीडिया पर हो रही चचाओं में सीएम योगी और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को प्रधानमंत्री पद के दावेदार के तौर पर देखा जा रहा है।

इस पर शिवसेना के नेता संजय राउत ने भी बयान दिया है। उन्होंने कहा कि देश का अगला प्रधानमंत्री महाराष्ट्र से होगा जिस पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि मोदी जी ही देश का नेतृत्व करेंगे। हमारी संस्कृति में जब तक पिता जीवित होता है उत्तराधिकारी की बात नहीं की जाती है।

शेष पेज 2 पर

## एक तिथि एक त्योहार का नियम पूरे यूपी में होगा लागू, सीएम के निर्देश पर काशी विद्वत परिषद ने तैयार की रूपरेखा

वाराणसी। 2026 में पूरे प्रदेश के लिए एक तिथि एक त्योहार वाला पंचांग सामने आएगा। इससे प्रदेश के व्रत, पर्व, तिथि और त्योहारों के बीच होने वाला भेद भी दूर होगा। मुख्यमंत्री के निर्देश पर काशी विद्वत परिषद ने इसका खाका तैयार कर लिया है और इसे सात अप्रैल को मुख्यमंत्री को भी भेजा जाएगा।

एक तिथि एक त्योहार का नियम अब पूरे प्रदेश में लागू होगा। बनारस से प्रकाशित पंचांग के आधार पर ही प्रदेश के व्रत-पर्व और अवकाश का निर्धारण होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर काशी विद्वत परिषद ने इसका खाका तैयार कर लिया है। प्रदेश के सभी पंचांगकारों की सहमति के बाद इस दिशा में कार्य भी शुरू हो चुका है। काशी के पंचांगों में एकरूपता के बाद अब प्रदेश के पंचांग की तिथियों को एक करने की तैयारी शुरू हो गई है। 2026 में पूरे प्रदेश के लिए एक तिथि एक त्योहार वाला पंचांग सामने आएगा। नवसंवत्सर पर इसे आम जनता के लिए लोकार्पित किया जाएगा। इससे प्रदेश के व्रत, पर्व, तिथि और त्योहारों के बीच होने वाला भेद भी दूर होगा। मुख्यमंत्री के निर्देश पर काशी विद्वत परिषद ने इसका खाका तैयार कर लिया है और इसे सात अप्रैल को मुख्यमंत्री को भी भेजा जाएगा।

शेष पेज 2 पर

## अंतरात्मा को झकझोर दिया...जिनके घर गिराए, उन्हें 10-10 लाख थमाओ, बाबा के बुलडोजर के आगे स्पीडब्रेकर बनकर खड़ा हुआ सुप्रीम कोर्ट



प्रयागराज । प्रयागराज नगर निगम अधिकारियों को उनकी असंवेदनशीलता के लिए आड़े हाथों लेते हुए, शीर्ष अदालत ने कहा कि ये मामले हमारी अंतरात्मा को झकझोर देते हैं। उत्तर प्रदेश सरकार को मुआवजा देने का आदेश दिया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अमानवीय और अवैध तरीके से तोड़फोड़ की गई। कोर्ट ने आगे कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है, जहां अवैध तोड़फोड़ की गई और इसमें शामिल लोगों के पास निर्माण करने की क्षमता नहीं है।

सुप्रीम कोर्ट ने योगी आदित्यनाथ सरकार को आड़े हाथों लेते हुए प्रयागराज नगर निगम को निर्देश दिया कि वह उन सभी याचिकाकताओं को 10 लाख रुपये का मुआवजा दे, जिनका घर 2021 में इस झूठे आधार पर ध्वस्त कर दिया गया था कि वह भूखंड दिवंगत गैंगस्टर-राजनेता अतीक अहमद का है।

शेष पेज 2 पर

# व्यापक व्यापार समझौते पर बातचीत शुरू करेंगे भारत और चिली

### दोनों देशों में बनी सहमति

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री ने चिली के राष्ट्रपति के साथ बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए कहा कि 'ये बेहद खुशी की बात है कि चिली में योग को अपनाया जा रहा है। चिली में 4 नवंबर को योग दिवस घोषित किया जाना, हमारे लिए प्रेरणा की बात है। हमने चिली में आयुर्वेद और पारंपरिक चिकित्सा को बढ़ावा देने के मुद्दे पर भी बात की।'

भारत और चिली ने तय किया है कि दोनों देश व्यापक व्यापार समझौते पर बातचीत शुरू करेंगे। चिली के राष्ट्रपति गैब्रियल बोरिक फॉन्ट भारत दौरे पर हैं। मंगलवार को चिली के राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की। इस मुलाकात में द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिहाज से कई अहम मुद्दों पर



बात हुई। बोरिक पांच दिवसीय दौरे पर भारत आए हैं। अपने इस दौरे में वे भारत के साथ द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने का संभावनाओं को तलाशेंगे, जिनमें व्यापार और रक्षा क्षेत्र भी शामिल हैं।

**'दोनों देश महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में तलाशेंगे साझेदारी की संभावनाएं'**- दोनों देशों के बीच शीर्ष नेतृत्व स्तर की बातचीत के बाद मीडिया से बात करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 'आज हमारी टीमों ने व्यापक आर्थिक साझेदारी की दिशा में बातचीत की शुरूआत की है। दोनों देशों के बीच महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में साझेदारी की संभावनाएं भी तलाशी जाएंगी।' पीएम मोदी ने लैटिन अमेरिका में चिली को भारत का महत्वपूर्ण साझेदार बताया और कहा कि भारत, चिली को अंटार्कटिका के प्रवेश द्वार के तौर पर देखता है। भारत, चिली के साथ डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर, अक्षय ऊर्जा, रेलवे, अंतरिक्ष और अन्य क्षेत्रों में अपना सकारात्मक अनुभव साझा करने के लिए तैयार है।

**'चिली में योग दिवस का एलान हमारे लिए प्रेरणा की बात'**-पीएम मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति बोरिक का यह पहला भारत दौरा है औ? उनका भारत के साथ रिश्तों को मजबूत करने का समर्पण अद्भुत है। आज की बातचीत में हमने खाद्य सुरक्षा के मामले में एक दूसरे की क्षमताओं को मजबूत करने पर भी बात की। चिली में स्वास्थ्य सुरक्षा के क्षेत्र में भारत विश्वसनीय साझेदार है। ये बेहद खुशी की बात है कि चिली में योग को अपनाया जा रहा है। चिली में 4 नवंबर को योग दिवस घोषित किया जाना, हमारे लिए प्रेरणा की बात है। शेष पेज 2 पर

## शीर्ष कोर्ट से रणवीर अल्लाहाबादिया और आशीष चंचलानी को राहत नहीं जांच पूरी होने तक पासपोर्ट देने से इनकार

सुप्रीम कोर्ट ने यूट्यूबर रणवीर अल्लाहबादिया द्वारा अपना पासपोर्ट जारी करने की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया है।

यूट्यूबर रणवीर अल्लाहबादिया ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की, जिसमें उन्होंने अपने शो में शालीनता बनाए रखने की बात कही। रणवीर ने अपना पासपोर्ट जारी करने की मांग की। उन्होंने कहा कि कई इंटरव्यू के सिलसिले में उन्हें विदेश जाना पड़ता है और कई मीटिंग करनी पड़ती है। रणवीर ने तर्क दिया कि इससे उनकी आजीविका प्रभावित हो रही है। हालांकि, कोर्ट ने उनकी याचिका यह कहते हुए खारिज कर दिया कि अगर वह विदेश जाते हैं तो इससे



जांच प्रभावित होगी।

रणवीर अल्लाहबादिया के अलावा आशीष चंचलानी ने भी अपना पासपोर्ट वापस पाने के लिए कोर्ट से गुहार लगाई, लेकिन शीर्ष अदालत ने उनकी याचिका को भी खारिज कर दिया।

कब तक चलेगी जांच?

पीठ ने कहा कि अगर अल्लाहबादिया विदेश जाते हैं तो इससे जांच प्रभावित होगी।

शेष पेज 2 पर

### कपिल मिश्रा को लगा बड़ा झटका

## दिल्ली दंगों में भूमिका को लेकर होगी जांच आप बोली- क्या वह मंत्री बनने के लायक हैं?

**नई दिल्ली।** अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट वैभव चौरसिया ने फैसला सुनाते हुए कहा कि पहली घटना के संबंध में आगे की जांच शुरू की जाए क्योंकि शिकायतकर्ता ने संज्ञेय अपराध का खुलासा किया है। कपिल मिश्रा के खिलाफ हम आगे की जांच का निर्देश दे रहे हैं क्योंकि हमारा प्रथम दृष्टया मानना है कि यह संज्ञेय अपराध है।

दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को दिल्ली पुलिस को 2020 के उत्तर-पूर्वी दिल्ली दंगों में कथित संलिप्तता को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता कपिल मिश्रा के खिलाफ आगे की जांच करने का आदेश दिया। यह मामला यमुना विहार




निवासी मोहम्मद इलियास द्वारा अगस्त 2024 में दायर एक याचिका से संबंधित है, जिसमें दयालपुर पुलिस स्टेशन के तत्कालीन स्टेशन हाउस ऑफिसर (एसएचओ) मिश्रा और तीन भाजपा नेताओं मुस्तफाबाद विधायक मोहन सिंह बिष्ट और पूर्व विधायक जगदीश प्रधान और सतपाल सांसद सहित पांच अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की गई थी।

**मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने क्या कहा**

अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट वैभव चौरसिया ने फैसला सुनाते हुए कहा कि पहली घटना के संबंध में आगे की जांच शुरू की जाए क्योंकि शिकायतकर्ता ने संज्ञेय अपराध का खुलासा किया है।

शेष पेज 2 पर

## कलकत्ता हाईकोर्ट का बड़ा फैसला! 280 लोगों पर मानहानि का केस खारिज



नई दिल्ली। न्यायमूर्ति अजय कुमार गुप्ता ने कहा, "अगर किसी व्यक्ति के खिलाफ कानूनन और अच्छे विश्वास में किसी प्राधिकरण को शिकायत दर्ज कराई जाती है, तो इसे मानहानि नहीं माना जा सकता।" उं'४३३ लँ उङ्ग४१३: न्यायमूर्ति अजय कुमार गुप्ता ने कहा, "अगर किसी व्यक्ति के खिलाफ कानूनन और अच्छे विश्वास में किसी प्राधिकरण को शिकायत दर्ज कराई जाती है, तो इसे मानहानि नहीं माना जा सकता।

शेष पेज 2 पर

# बीजेपी ने अपने लोकसभा सांसदों को जारी किया तीन लाइन का व्हिप, आज पेश होगा वक्फ संशोधन बिल

**नई दिल्ली।** बिजनेस एडवाइजरी कमेटी (बीएसी) की बैठक हुई और वक्फ विधेयक पर आठ घंटे की चर्चा निर्धारित की गई। हालांकि, कांग्रेस ने 12 घंटे की चर्चा की मांग की। इस पर सरकार और विपक्ष के बीच बैठक में तीखी नोकझोंक हुई और विपक्ष ने सदन से वॉकआउट कर दिया।

वक्फ संशोधन विधेयक पर कल यानी 2 अप्रैल को लोकसभा में विचार-विमर्श और पारित होने के लिए विचार किया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सत्र में पेश होने के लिए लोकसभा में अपने सभी सांसदों को तीन लाइन



का व्हिप जारी किया है। आज बिजनेस एडवाइजरी कमेटी (बीएसी) की बैठक हुई और वक्फ विधेयक पर आठ घंटे की चर्चा निर्धारित की गई। हालांकि, कांग्रेस ने 12 घंटे की चर्चा की मांग की। इस पर सरकार और विपक्ष के बीच बैठक में तीखी नोकझोंक हुई और विपक्ष ने सदन से वॉकआउट कर दिया।

**तीन लाइन का व्हिप**

सभी भाजपा सांसदों को तीन लाइन के व्हिप में पार्टी ने कहा कि लोकसभा में सभी भाजपा सदस्यों को सूचित किया जाता है कि बुधवार, 2 अप्रैल 2025 को लोकसभा में कुछ बहुत ही महत्वपूर्ण विधायी कार्य पारित करने के लिए उठाए जाएंगे। इसलिए, लोकसभा में भाजपा के सभी सदस्यों से अनुरोध है कि वे बुधवार, 2 अप्रैल 2025 को पूरे दिन सदन में सकारात्मक रूप से उपस्थित रहें और सरकार के रुख का समर्थन करें। केंद्रीय गृह मंत्री किरेन रिजिजू ने मंगलवार को कहा कि केंद्र सरकार वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 पर चर्चा चाहती है, जिसे बुधवार को प्रश्नकाल के बाद लोकसभा में पेश किया जाएगा।

शेष पेज 2 पर

# असम के गुवाहाटी प्रेस क्लब ने ड्यूटी पर तैनात पत्रकारों की सुरक्षा के लिए किया कानूनी सुरक्षा उपायों की मांग

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो,**
असम :असम के गुवाहाटी में अपेक्स बैंक में हाल ही में चले एक विरोध प्रदर्शन को कवर करने वाले दिलवर हुसैन मजूमदार नामक एक वरिष्ठ पत्रकार की गिरफ्तारी के जवाब में, असम के प्रसिद्ध प्रेस क्लब, गुवाहाटी प्रेस क्लब (जीपीसी) ने सरकार से ड्यूटी के दौरान मीडिया कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक कानून लाने का मांग किया है। पिछले रविवार को प्रेस क्लब परिसर में आयोजित एक बैठक के दौरान, वरिष्ठ पत्रकारों और जीपीसी के सदस्यों ने मीडिया पेशेवरों के सामने बढ़ते खतरों पर विचार-विमर्श किया। इसमें खासकर हाल ही में वरिष्ठ पत्रकार दिलवर हुसैन मजुमदार की गिरफ्तारी के बारे में चर्चा हुई, जिन्हें एक बैंक कर्मचारी और एक वित्तीय संस्थान के प्रबंध निदेशक द्वारा दायर दो मामलों के संबंध में गुवाहाटी पुलिस ने मंगलवार आधी रात और गुरुवार सुबह के बीच हिरासत में लिया था। असम के अपेक्स बैंक में एक कथित




घोटाले से जुड़े एक विरोध प्रदर्शन को कवर कर रहे पत्रकार मजुमदार को तब से दोनों मामलों में जमानत मिल गई है । रविवार को इस सन्दर्भ में विचार विमर्श करने के बाद एक बयान जारी कर पत्रकारों की सुरक्षा के लिए ₹कार्य करते समय पत्रकारों की सुरक्षा अधिनियम₹ की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया। सदस्यों ने पत्रकारों को उनके संबंधित संस्थानों और मान्यता प्राप्त पत्रकार संगठनों के पहचान पत्रों के अलावा सरकार द्वारा जारी पहचान पत्रों के माध्यम से आधिकारिक मान्यता देने पर भी जोर दिया। इसके अलावा, जीपीसी ने मांग की कि पत्रकारों को समाचार एकत्र करते समय होने वाले किसी भी नुकसान या क्षति के लिए मुआवजा दिया जाए। बयान में मंत्री, विधायक, संस्थान या व्यक्ति जैसे सार्वजनिक हस्तियों को पत्रकारों को मौखिक रूप से गाली देने या परेशान करने से रोकने के लिए कानूनी उपायों की आवश्यकता को भी रेखांकित किया गया ।

मीडिया पेशेवरों के सामने आने वाली चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए, क्लब ने महिला पत्रकारों के लिए बुनियादी सुविधाओं की वकालत की और स्वतंत्र पत्रकारों को सहायता देने के लिए बेहतर प्रावधानों की मांग की, ताकि वे बिना किसी बाधा के अपना काम जारी रख सकें। बैठक का समापन एक प्रस्ताव के साथ हुआ, जिसमें प्रेस क्लब से इन मांगों को औपचारिक रूप से राज्यपाल, मुख्यमंत्री और असम के अन्य संबंधित अधिकारियों को प्रस्तुत करने और उनके कार्यान्वयन की निगरानी करने का आग्रह किया गया। इसके अतिरिक्त, प्रतिभागियों ने पत्रकारों की तत्काल चिंताओं को दूर करने के लिए एक आपातकालीन राहत प्रकोष्ठ के साथ-साथ असम भर में प्रेस क्लबों के एक समन्वित नेटवर्क और एक कानूनी सहायता प्रकोष्ठ की स्थापना का प्रस्ताव रखा है ।

# दिल्ली में ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों की खैर नहीं!

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

दिल्ली - दिल्ली की सड़कों पर अब सिर्फ सीसीटीवी कैमरे ही नहीं, बल्कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (अक) से लैस 360-डिग्री घूमने वाले 4ऊरडार इंटरसेप्टर भी तैनात किए जाएंगे। ये हाई-टेक सिस्टम उन ट्रैफिक उल्लंघनों को भी पकड़ सकेगा, जो आम कैमरों से छूट जाते हैं।

दिल्ली की सड़कों पर अब सिर्फ सीसीटीवी कैमरे ही नहीं, बल्कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (अक) से लैस 360-डिग्री घूमने वाले 4ऊरडार इंटरसेप्टर भी तैनात किए जाएंगे। ये हाई-टेक सिस्टम उन ट्रैफिक उल्लंघनों को भी पकड़ सकेगा, जो आम कैमरों से छूट जाते हैं।

**हर नियम तोड़ने पर तुरंत कटेगा चालान**

इस नए सिस्टम से ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों का तुरंत पता लगाया जाएगा और बिना किसी इंसानी दखल के ऑटोमैटिक ई-चालान जारी कर दिया जाएगा। ये सिस्टम ओवरस्पीडिंग, बिना सीट बेल्ट गाड़ी चलाना, ड्राइविंग के दौरान मोबाइल का इस्तेमाल, बिना हेलमेट बाइक चलाना, तीन सवारियों का बैठना, पीछे बैठे यात्री का हेलमेट न पहनना और फैंसी नंबर प्लेट इस्तेमाल करने जैसे उल्लंघनों को तुरंत पकड़ लेगा।

पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक, अक-पावर्ड 4ऊरडार इंटरसेप्टर दिल्ली पुलिस की गाड़ियों की छत पर लगाया जाएगा। इस इंटरसेप्टर में 360-डिग्री घूमने वाला ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन (अठढफ) कैमरा होगा, जो ट्रैफिक पर पूरी नजर रखेगा और गाड़ियों के नंबर प्लेट को स्कैन करेगा।

**एक साथ कई गाड़ियों पर नजर**

रडार सिस्टम रेडियो वेव तकनीक की मदद से एक साथ कई गाड़ियों को ट्रैक कर सकता है और उनकी स्पीड भी सटीक रूप से माप सकता है। इसमें रडार, सेंसर, कैमरे और खास सॉफ्टवेयर एल्गोरिदम लगे हैं, जो ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन को रियल-टाइम में पकड़ सकते हैं।

रडार, सेंसर, कैमरे और नियम-आधारित सॉफ्टवेयर एल्गोरिदम से लैस, इंटरसेप्टर अपने क्षेत्र से गुजरने वाले वाहनों को स्कैन कर सकता है और रियल टाइम (वास्तविक समय) में ट्रैफिक उल्लंघनों की पहचान कर सकता है। यह सिस्टम नेशनल इंफॉर्मेटिक्स सेंटर से जुड़ा होगा, जिससे चालान बनाने की प्रक्रिया पूरी तरह ऑटोमेटेड होगी। यह दिल्ली में इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने दावा किया है कि इस तकनीक से सड़क सुरक्षा और ऑटोमेशन में उल्लेखनीय बढ़ोतरी होने की उम्मीद है।

**ट्रायल में 120 ई-चालान जारी-** यह तकनीक अभी शुरूआती चरण में है और पिछले हफ्ते इसका पहला ट्रायल किया गया, जिसमें 120 ई-चालान जारी किए गए।

# पेज एक का शेष...

## मैं योगी हूं, हमेशा के लिए राजनीति में नहीं

**राजनीति और धर्म का मिलन गलत नहीं**-मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राजनीति में धर्म का मिलन गलत नहीं है। ये हमारी गलती है कि हम धर्म को कुछ स्थानों के लिए सीमित कर देते हैं और राजनीति को कुछ लोगों के लिए छोड़ देते हैं। इससे समस्याएं उत्पन्न होती हैं। राजनीति का उद्देश्य स्वार्थों की पूर्ति करना नहीं है बल्कि समाज की भलाई करना है। इसी तरह धर्म का उद्देश्य भी परमार्थ होता है। जब धर्म का प्रयोग स्वार्थ की पूर्ति के लिए होता है तो मुश्किल आती है लेकिन परमार्थ का उद्देश्य होने पर धर्म प्रगति के मार्ग खोलता है।

## एक तिथि एक त्योहार का नियम पूरे यूपी में होगा लागू, सीएम के निर्देश पर काशी विद्वत परिषद ने तैयार

काशी विद्वत परिषद के महामंत्री प्रो. रामनारायण द्विवेदी ने बताया कि प्रदेश का पंचांग तैयार करने के लिए काशी के विद्वानों के साथ ही प्रदेश के प्रमुख पंचांगकारों की टीम बनाई गई है। अगले वर्ष की कालगणना, तिथि, पर्व का सटीक निर्धारण करके एक तिथि एक त्योहार और एक पंचांग के सूत्र पर इसे तैयार किया जाएगा।

काशी हिंदू विश्वविद्यालय में पिछले दिनों आयोजित ज्योतिष सम्मेलन में पंचांगकारों में इस पर सहमति बन चुकी है। 2026 में आने वाले नवसंवत्सर में इसका प्रकाशन किया जाएगा। इसके प्रकाशन की जिम्मेदारी अन्नपूर्णा मठ मंदिर उठाएगा। यह पहला मौका होगा जब पूरे प्रदेश में त्योहारों पर होने वाला मतभेद दूर हो जाएगा। इसका प्रकाशन संवत 2083 यानी 2026-27 के लिए किया जाएगा।

काशी के पंचांगों में हो चुकी है एकरूपता- काशी हिंदू विश्वविद्यालय, काशी विद्वत परिषद और काशी के पंचांगकारों के सहयोग से काशी के पंचांगों के अंतर को दूर किया जा चुका है। चैत्र प्रतिपदा से इसकी शुरूआत हुई है। इसमें बीएचयू से बनने वाला विश्वपंचांग, ऋषिकेश, महावीर, गणेश आपा, आदित्य और ठाकुर प्रसाद के पंचांग शामिल हैं। तीन साल की मेहनत के बाद काशी के पंचांगों में एकरूपता आई है।

त्योहारों में नहीं रहेगा अंतर-चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, नवरात्र, रामनवमी, अक्षय तृतीया, गंगा दशहरा, रक्षाबंधन, श्रावणी, जन्माष्टमी, पितृपक्ष, महालया, विजयादशमी, दीपावली, अन्नकूट, नरक चतुर्दशी, भैया दूज, धनतेरस, कार्तिक एकादशी, देवदीपावली, शरद पूर्णिमा, सूर्य षष्ठी, खिचड़ी और होली में होने वाला अंतर समाप्त हो जाएगा।

समाज के मध्य होने वाला भ्रम होगा दूर-बीएचयू के ज्योतिष विभाग के प्रो. विनय पांडेय का कहना है कि पंचांगों की एकरूपता से समाज के मध्य होने वाला भ्रम दूर होगा। त्योहारों के निर्धारण में केवल उदया तिथि का ही महत्व नहीं होता है। राम नवमी के व्रत पर्व के लिए मध्याह्नव्यापिनी, दीपावली पर प्रदोषव्यापिनी, शिवरात्रि व जन्माष्टमी पर अर्द्धरात्रि का महत्व होता है। सामान्य व्रत पर्वों में ही उदया तिथि का मान लिया जाता है। कालखंड में व्याप्त तिथियों के अनुसार ही व्रत पर्वों का निर्धारण किया जाता है।

## शीर्ष कोर्ट से रणवीर अल्लाहाबादिया और आशीष चंचलानी को राहत नहीं जांच पूरी होने तक पासपोर्ट देने से इनकार

साथ ही महाराष्ट्र और असम सरकारों का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से जांच पूरी करने की समय-सीमा के बारे में भी पूछा। तुषार मेहता ने जांच दो सप्ताह में पूरी होने की संभावना जताई। पीठ ने कहा कि वह दो सप्ताह बाद पासपोर्ट जारी करने के अल्लाहबादिया के अनुरोध पर विचार करेगी।

शर्तों के साथ शो शुरू करने की अनुमति-इंडिया गॉट लैटेंट में अश्लील और विवादित बयान के विवाद में फंसे रणवीर को 3 मार्च को सुप्रीम कोर्ट ने उनका पॉडकास्ट द रणवीर शो फिर से शुरू करने की अनुमति दी। यह अनुमति उन्हें नैतिकता और शालीनता बनाए रखने और सभी उम्र के दर्शकों के लिए उपयुक्त बनाने के शर्त पर मिली।

सुप्रीम कोर्ट ने अल्लाहबादिया को लगाई फटकार-रणवीर अल्लाहबादिया ने कॉमेडियन समय रैना के यूट्यूब शो इंडियाज गॉट लैटेंट पर माता-पिता को लेकर अश्लील टिप्पणी की थी। जिसके बाद इनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। 18 फरवरी को, सुप्रीम कोर्ट ने अल्लाहबादिया को गिरफ्तारी से अंतरिम संरक्षण दिया, जबकि उनकी टिप्पणियों को अश्लील और उनके दिमाग को गंदा दिमाग कहते हुए फटकार लगाई।

## गुजरात के बनासकांठा में पटाखा फैक्ट्री में भीषण आग; स्लैब भी ध्वस्त, 13 लोगों की मौत

बनासकांठा कलेक्टर मिहिर पटेल ने बताया, 'आज सुबह हमें डीसा के औद्योगिक क्षेत्र में एक बड़े विस्फोट की सूचना मिली। अग्निशमन विभाग ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया।' उन्होंने तब घटना स्थल पर सात श्रमिकों की मौत की बात कही थी। हालांकि, अब यह आंकड़ा बढ़ गया है। घायल श्रमिकों को अलग-अलग अस्पतालों में रेफर किया गया है। विस्फोट इतना जबरदस्त था कि फैक्ट्री का स्लैब ढह गया। हम मलबे में दबे किसी भी व्यक्ति को बचाने के लिए तलाशी अभियान चला रहे हैं।'

कटक शॉपिंग मॉल में लगी आग, कोई हताहत नहीं-इस बीच मंगलवार को ओडिशा के कटक में एक शॉपिंग मॉल में आग लग गई, जिसमें लाखों रुपये का कीमती सामान जलकर राख हो गया। बाद में दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पा लिया। घटना में किसी के हताहत होने या घायल होने की खबर नहीं है। हालांकि, आग लगने का सही कारण अभी पता नहीं चल पाया है, लेकिन संदेह है कि एयर कंडीशनर में शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगी होगी।

## व्यापक व्यापार समझौते पर बातचीत शुरू करेंगे भारत और चिली

हमने चिली में आयुर्वेद और पारंपरिक चिकित्सा को बढ़ावा देने के मुद्दे पर भी बात की। रक्षा क्षेत्र में बढ़ता सहयोग दोनों देशों के बीच बढ़ते आपसी विश्वास का प्रतीक है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि 'संगठित अपराध, ड्रग तस्करी, आतंकवाद से मुकाबले के लिए भी हम सहयोग बढ़ाएंगे। वैश्विक मोर्च पर भारत और चिली का मानना है कि संघर्षों को बातचीत के जरिए सुलझाया जाना चाहिए। हम संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार के भी पक्ष में हैं। भारत और चिली के बीच भले ही बहुत दूरी है, लेकिन दोनों देश प्राकृतिक रूप से जुड़े हुए हैं। चिली में भारतीय सिनेमा की बढ़ती लोकप्रियता हमारे सांस्कृतिक संबंधों का उदाहरण है। भारत औ? चिली के बीच छात्रों के एक्सचेंज को भी बढ़ाया जाएगा।'

चिली ने सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता का किया समर्थन-वहीं चिली के राष्ट्रपति बोरिक ने कहा कि 'दोनों देशों के बीच सहयोग की काफी संभावनाएं हैं। हम भारत के ऑडियो विजुअल उद्योग को चिली ले जाना चाहते हैं। इसके लिए हमने शूट इन चिली कार्यक्रम की शुरूआत की है। बॉलीवुड के जरिए भारत ने जो किया है वो काबिले तारीफ है। हम भारत की संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता का भी समर्थन करते हैं, साथ ही सुरक्षा परिषद में सुधार का भी समर्थन करते हैं।'

## अंतरात्मा को झकझोर दिया...जिनके घर गिराए, उन्हें 10-10 लाख थमाओ, बाबा के बुलडोजर के आगे स्पीडब्रेकर बनकर खड़ा हुआ सुप्रीम कोर्ट

प्रयागराज नगर निगम अधिकारियों को उनकी असंवेदनशीलता के लिए आड़े हाथों लेते हुए, शीर्ष अदालत ने कहा कि ये मामले हमारी अंतरात्मा को झकझोर देते हैं। उत्तर प्रदेश सरकार को मुआवजा देने का आदेश दिया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अमानवीय और अवैध तरीके से तोड़फोड़ की गई। कोर्ट ने आगे कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है, जहां अवैध तोड़फोड़ की गई और इसमें शामिल लोगों के पास निर्माण करने की क्षमता नहीं है।

अदालत ने कहा कि विध्वंस का कार्य न केवल अवैध था, बल्कि सबसे महत्वपूर्ण मौलिक अधिकार आश्रय का अधिकार, जो जीवन के अधिकार के अंतर्गत आता है, का भी उल्लंघन करता है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि आवासीय परिसर/भवनों को बेरहमी से ध्वस्त कर दिया गया है। इस प्रकार, अदालत ने राज्य सरकार को सभी अपीलकर्ताओं - एक वकील, एक प्रोफेसर और दो महिलाओं को 10-10 लाख रुपये का भुगतान करने का आदेश दिया, जिनके आवासीय ढांचे, प्रयागराज के लूकरगंज में एक परिसर में स्थित थे, जिन्हें 2021 में ध्वस्त कर दिया गया था।

इससे पहले, शीर्ष अदालत ने उचित प्रक्रिया का पालन किए बिना मकान ढहाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार की आलोचना की थी। पीठ ने जिस तरह से मकान ढहाए गए, उसकी आलोचना की - नोटिस देने के बमुश्किल 24 घंटे बाद - जिससे कार्यकारी निर्णय को अपील या चुनौती देने का कोई समय नहीं मिला। याचिकाकताओं के अनुसार, 6 मार्च को उन्हें ध्वस्त करने का आदेश दिए जाने के बाद 7 मार्च, 2021 को उनके मकान ढहा दिए गए - जिससे उन्हें कार्यकारी अधिकार के उल्लंघन का विरोध करने के लिए अपीलीय निकाय में जाने के लिए पर्याप्त समय नहीं मिला।

## दिल्ली दंगों में भूमिका को लेकर होगी जांच आप बोली- क्या वह मंत्री बनने के लायक हैं?

कपिल मिश्रा के खिलाफ हम आगे की जांच का निर्देश दे रहे हैं क्योंकि हमारा प्रथम दृष्टया मानना ??है कि यह संज्ञेय अपराध है। कपिल मिश्रा को इलाके में देखा गया था। इलियास का प्रतिनिधित्व कर रहे अधिवक्ता महमूद प्राचा ने आरोप लगाया कि 23 फरवरी, 2020 को उन्होंने मिश्रा और उनके सहयोगियों को कर्दमपुरी में एक सड़क को अवरुद्ध करते और रेहड़ी-पटरी वालों की गाड़ियों को नष्ट करते देखा।

आप का तंज-फरवरी में, दिल्ली पुलिस ने अदालत को बताया कि जांच में मिश्रा को गलत तरीके से फंसाने की साजिश का पता चला है। कोर्ट के आदेश पर आप नेता प्रियंका कक्कड़ ने कहा कि कपिल मिश्रा ने दिल्ली में किस तरह दंगे भड़काए, यह तो सभी ने देखा। भाजपा द्वारा उन्हें बचाने की अनगिनत कोशिशों के बाद भी कोर्ट ने पाया कि कपिल मिश्रा दंगों के दौरान मौजूद थे और उन पर आगे की जांच की जानी चाहिए। क्या वह कैबिनेट मंत्री बनने के लायक हैं? पुलिस को उन्हें जल्द से जल्द गिरफ्तार करना चाहिए क्योंकि दिल्ली दंगों के सभी अन्य आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं।

## बीजेपी ने अपने लोकसभा सांसदों को जारी किया तीन लाइन का व्हिप, आज पेश होगा वक्फ संशोधन बिल

**रिजिजू का बयान-** रिजिजू ने बताया कि लोकसभा की कार्य मंत्रणा समिति (बीएसी) की बैठक में चर्चा के लिए आठ घंटे का समय तय किया गया है जिसे बढ़ाया भी जा सकता है। रिजिजू ने कहा कि लोकसभा की कार्य मंत्रणा समिति (बीएसी) की बैठक में मैंने समिति के समक्ष प्रस्ताव रखा था कि कल 2 अप्रैल को हम वक्फ संशोधन विधेयक ला रहे हैं और इसके लिए हमें चर्चा के लिए समय आवंटित करना होगा...अंत में, इस बात पर सहमति बनी कि वक्फ संशोधन विधेयक पर चर्चा के लिए कुल समय आठ घंटे होगा जिसे सदन की राय जानने के बाद बढ़ाया जा सकता है। रिजिजू ने कहा कि हम चर्चा चाहते हैं। हर राजनीतिक दल को अपनी राय व्यक्त करने का अधिकार है और देश यह सुनना चाहता है कि संशोधन विधेयक पर किस राजनीतिक दल का क्या रुख है।

## बीजेपी ने अपने लोकसभा सांसदों को जारी किया तीन लाइन का व्हिप, आज पेश होगा वक्फ संशोधन बिल

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण निर्णय में 2013 में दायर मानहानि के मामले को खारिज कर दिया। यह मामला पश्चिम बंगाल के बर्धमान जिले के एक शैक्षणिक संस्थान के अधीक्षक द्वारा 280 से अधिक लोगों के खिलाफ दायर किया गया था, जिन्होंने मुख्यमंत्री को उनके खिलाफ सामूहिक याचिका भेजी थी।

न्यायमूर्ति अजय कुमार गुप्ता ने अपने निर्णय में स्पष्ट किया कि यह याचिका सार्वजनिक हित से जुड़ी हुई थी और इसे मानहानि की श्रेणी में नहीं रखा जा सकता।

क्या था पूरा मामला?

बर्धमान जिले के एक प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान के अधीक्षक के खिलाफ 287 व्यक्तियों ने मुख्यमंत्री को एक सामूहिक याचिका भेजी थी। इसमें अधीक्षक पर अवैध गतिविधियों में संलिप्त होने के आरोप लगाए गए थे। याचिकाकताओं ने मामले की निष्पक्ष जांच और उचित कार्रवाई की मांग की थी।

इसके जवाब में अधीक्षक ने आरोप लगाया कि इस सामूहिक शिकायत से उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा है और उन्होंने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट, बर्धमान में आपराधिक मानहानि का मुकदमा दायर किया था।

न्यायमूर्ति बोले- सामूहिक याचिका समाज के व्यापक हित में थी

हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया कि इस याचिका का उद्देश्य केवल संस्थान और छात्रों के हितों की रक्षा करना था, न कि किसी व्यक्ति की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाना। न्यायमूर्ति अजय कुमार गुप्ता ने कहा, "अगर किसी व्यक्ति के खिलाफ कानूनन और अच्छे विश्वास में किसी प्राधिकरण को शिकायत दर्ज कराई जाती है, तो इसे मानहानि नहीं माना जा सकता।" अदालत ने यह भी कहा कि इस मामले में 280 से अधिक लोगों ने हस्ताक्षर किए थे, जिससे यह स्पष्ट होता है कि यह व्यक्तिगत बदले की भावना से प्रेरित नहीं था, बल्कि समाज के व्यापक हित में था।

न्यायमूर्ति गुप्ता ने इस बात पर जोर दिया कि याचिका को याचिकाकताओं के कानूनी और प्राकृतिक अधिकारों के तहत उचित अधिकारियों को गोपनीय रूप से प्रस्तुत किया गया था। यह सामूहिक याचिका संस्थान और उसके छात्रों की सुरक्षा के लिए है, अदालत ने कहा कि इसे "दुर्भावना या सार्वजनिक या समाज में प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने के रूप में नहीं समझा जा सकता है।

## कलकत्ता हाईकोर्ट का बड़ा फैसला! 280 लोगों पर मानहानि का केस खारिज

: कलकत्ता उच्च न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण निर्णय में 2013 में दायर मानहानि के मामले को खारिज कर दिया। यह मामला पश्चिम बंगाल के बर्धमान जिले के एक शैक्षणिक संस्थान के अधीक्षक द्वारा 280 से अधिक लोगों के खिलाफ दायर किया गया था, जिन्होंने मुख्यमंत्री को उनके खिलाफ सामूहिक याचिका भेजी थी।

न्यायमूर्ति अजय कुमार गुप्ता ने अपने निर्णय में स्पष्ट किया कि यह याचिका सार्वजनिक हित से जुड़ी हुई थी और इसे मानहानि की श्रेणी में नहीं रखा जा सकता।

क्या था पूरा मामला?

बर्धमान जिले के एक प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान के अधीक्षक के खिलाफ 287 व्यक्तियों ने मुख्यमंत्री को एक सामूहिक याचिका भेजी थी। इसमें अधीक्षक पर अवैध गतिविधियों में संलिप्त होने के आरोप लगाए गए थे। याचिकाकताओं ने मामले की निष्पक्ष जांच और उचित कार्रवाई की मांग की थी।

इसके जवाब में अधीक्षक ने आरोप लगाया कि इस सामूहिक शिकायत से उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा है और उन्होंने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट, बर्धमान में आपराधिक मानहानि का मुकदमा दायर किया था।

न्यायमूर्ति बोले- सामूहिक याचिका समाज के व्यापक हित में थी

हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया कि इस याचिका का उद्देश्य केवल संस्थान और छात्रों के हितों की रक्षा करना था, न कि किसी व्यक्ति की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाना। न्यायमूर्ति अजय कुमार गुप्ता ने कहा, "अगर किसी व्यक्ति के खिलाफ कानूनन और अच्छे विश्वास में किसी प्राधिकरण को शिकायत दर्ज कराई जाती है, तो इसे मानहानि नहीं माना जा सकता।" अदालत ने यह भी कहा कि इस मामले में 280 से अधिक लोगों ने हस्ताक्षर किए थे, जिससे यह स्पष्ट होता है कि यह व्यक्तिगत बदले की भावना से प्रेरित नहीं था, बल्कि समाज के व्यापक हित में था।

न्यायमूर्ति गुप्ता ने इस बात पर जोर दिया कि याचिका को याचिकाकताओं के कानूनी और प्राकृतिक अधिकारों के तहत उचित अधिकारियों को गोपनीय रूप से प्रस्तुत किया गया था। यह सामूहिक याचिका संस्थान और उसके छात्रों की सुरक्षा के लिए है, अदालत ने कहा कि इसे "दुर्भावना या सार्वजनिक या समाज में प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने के रूप में नहीं समझा जा सकता है।"

# दिगंबर जैन इंटर कॉलेज, बड़ौतः वकील चंद जैन की सेवानिवृत्ति के बाद योगेंद्र वर्मा बने नए प्रधानाचार्य

**सुरेंद्र मलानिया**

बड़ौत/बागपत-बड़ौत के प्रतिष्ठित दिगंबर जैन इंटर कॉलेज में प्रबंधन समिति ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए योगेंद्र वर्मा को कॉलेज का नया प्रधानाचार्य नियुक्त किया है। यह पद पूर्व प्रधानाचार्य वकील चंद जैन की सेवानिवृत्ति के बाद रिक्त हुआ था।

**सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य वकील चंद जैन का योगदान**

वकील चंद जैन ने अपने कार्यकाल के दौरान कॉलेज को नई ऊंचाइयों तक पहुँचाया। उनके नेतृत्व में दिगंबर जैन इंटर कॉलेज ने शैक्षिक उपलब्धियों, अनुशासन और उत्कृष्ट परीक्षा परिणामों में बेहतरीन प्रदर्शन किया। उन्होंने छात्रों को न केवल पाठ्यक्रम में उत्कृष्टता प्रदान की बल्कि संस्कार, नैतिक मूल्यों और सामाजिक सेवा का भी पाठ पढ़ाया।

**योगेंद्र वर्मा की नियुक्ति और उनकी प्राथमिकताएँ**

प्रबंधन समिति द्वारा प्रधानाचार्य पद के लिए कई योग्य उम्मीदवारों के बीच विचार-विमर्श के बाद योगेंद्र वर्मा का चयन किया गया। समिति ने उनके अनुभव, नेतृत्व क्षमता और शिक्षा के प्रति उनकी दूरदृष्टि को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया।



नव नियुक्त प्रधानाचार्य योगेंद्र वर्मा ने कहा, ₹मैं प्रबंधन समिति और कॉलेज के शिक्षकों व छात्रों का धन्यवाद करता हूँ। मेरा लक्ष्य रहेगा कि कॉलेज की प्रतिष्ठा को और ऊँचा ले जाया जाए। आधुनिक शिक्षा प्रणाली, नैतिक मूल्यों और छात्रों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

**कॉलेज प्रशासन और प्रबंधन समिति का समर्थन**

कॉलेज के प्रबंधक राकेश कुमार जैन ने कहा, ₹योगेंद्र वर्मा के पास शिक्षण और प्रशासन का बेहतरीन अनुभव है। हमें विश्वास है कि उनके नेतृत्व में कॉलेज आगे और प्रगति करेगा।₹

इसके साथ ही, कॉलेज के अध्यक्ष राकेश जैन और प्रबंधक प्रवीण कुमार जैन की अगुवाई में प्रबंधन समिति ने इस नियुक्ति को अंतिम रूप दिया।

**दिगंबर जैन इंटर कॉलेज: शिक्षा के क्षेत्र में गौरवशाली सफर**

बड़ौत का दिगंबर जैन इंटर कॉलेज शिक्षा के क्षेत्र में एक प्राचीन और प्रतिष्ठित संस्थान है।

इसकी स्थापना 1916 में एक जैन प्राइमरी पाठशाला के रूप में हुई थी।

1921 में इसे हाईस्कूल की मान्यता मिली और 1940 में इंटरमीडिएट स्तर पर अपग्रेड किया गया।

कॉलेज से हर साल सैकड़ों छात्र उच्च शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करते हैं।

**छात्रों और अभिभावकों में उत्साह**

योगेंद्र वर्मा के प्रधानाचार्य बनने से छात्रों और अभिभावकों के बीच उत्साह का माहौल है। सभी को उम्मीद है कि उनके नेतृत्व में कॉलेज और प्रगति करेगा और आधुनिक तकनीक के साथ शिक्षा में सुधार लाएगा।

# संजीव कुमार बने उत्तर प्रदेश सम्भागीय परिवहन कर्मचारी संघ बागपत के अध्यक्ष



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

बागपत। बागपत के सारथी हॉल में उ प्र सम्भागीय परिवहन कर्मचारी संघ शाखा बागपत का द्विवार्षिक निर्वाचन सम्पन्न हुआ। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद शाखा बागपत के जिलाध्यक्ष व निर्वाचन अधिकारी प्रमोद कुमार ने संघ के सदस्यों से आपसी विचार-विमर्श कर निर्वाचन की घोषणा की।

प्रमोद कुमार ने बताया कि सभी पदों पर एक-एक निर्वाचन आवेदन प्राप्त होने से सभी पदों पर निर्वाचन निर्विरोध सम्पन्न हुआ। निर्वाचन में सेवानिवृत्त चरणजीत को संरक्षक, प्रधान सहायक संजीव कुमार को अध्यक्ष, प्रधान सहायक सतेन्द्र कुमार को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, वरिष्ठ सहायक दिलीप कुमार को मंत्री-सचिव, वरिष्ठ सहायक किशोर कुमार को कोषाध्यक्ष, प्रधान सहायक राजेन्द्र कुमार को निर्वाचित घोषित किया गया। निर्वाचन के उपरान्त सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन बागपत राघवेन्द्र सिंह ने निर्वाचित पदाधिकारियों का माला पहनाकर अभिनन्दन किया और निर्वाचित सदस्यों को अपने कार्यालय कक्ष में शपथ दिलायी। निर्वाचित नवनियुक्त अध्यक्ष संजीव कुमार ने कहा कि उत्तर प्रदेश सम्भागीय परिवहन कर्मचारी संघ शाखा बागपत ने उनको जो जिम्मेदारी सौंपी है वह उसका पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ पालन करेंगें और सभी को साथ लेकर चलेंगें।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने एक दिवसीय दौरे पर मण्डल स्तरीय अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के साथ की समीक्षा बैठक



**एनपीटी ब्यूरो**

बरेली, । मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की अध्यक्षता में आज बरेली मण्डल की मण्डलीय समीक्षा बैठक विकास भवन स्थित सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में मण्डलायुक्त सौम्या अग्रवाल द्वारा मा0 मुख्यमंत्री जी को मण्डल की प्रगति के बारे में अवगत कराते हुए बताया गया कि जनपद पीलीभीत में टाइगर रिजर्व में 25 किमी की फेंसिंग का कार्य पूर्ण हो गया है। वर्ष 2022-24 तक मण्डल में 12 आकांक्षात्मक विकास खण्डों को भारत व राज्य सरकार द्वारा किसी न किसी मानक में पुरस्कृत किया गया है। जनपद बरेली में 18 खगोलीय विज्ञानशाला बनायी गयी हैं। शाहजहांपुर में ह्यह्यगर्ल्स कैन डूह्यह्य कार्यक्रम चलाया जा रहा है। संचारी रोग नियंत्रण में बरेली व पीलीभीत ने अच्छा कार्य किया है।

इसी प्रकार पुलिस महानिरीक्षक डॉ0 राकेश सिंह ने कानून व्यवस्था के बारे में जानकारी देते हुए परिवार परामर्श केन्द्र, ऑपरेशन कन्विक्शन, गैंगस्टर, एनडीपीएस, कबूतर बाजी (विदेश भेजे जाने के नाम पर ठगी), गोवध निवारण अधिनियम, ट्रैफिक व्यवस्था आदि के बारे में बताया।

मुख्यमंत्री जी ने स्मार्ट सिटी के अन्तर्गत चलने वाले कार्यों के बारे में जानकारी लेते हुए पूछा कि बरेली में ऐसा कौन सा कार्य स्मार्ट सिटी के अन्तर्गत कराया गया है, जिसे मॉडल के रुप में प्रदेश स्तर पर अपनाया जा सके। मुख्यमंत्री जी ने निर्देश दिए कि बरेली कमिश्नरी हेडक्वाटर है यहां उपलब्ध सभी सरकारी भूमि का अभिलेख तैयार कराकर विकास प्राधिकरण को दिया जाए। मण्डल व जिले के सारे कार्यालय एक ही छत के नीचे बनाए जाएं।

मुख्यमंत्री जी ने नाथ नगरी की प्रोग्रेस के बारे में भी जानकारी ली, जिस पर मण्डलायुक्त द्वारा अवगत कराया गया कि नाथ नगरी के चार द्वार पूर्ण करा लिए गए हैं, जिस पर मुख्यमंत्री जी ने मंदिरों के अंदर कराये जा रहे कार्यों की भी जानकारी ली। मुख्यमंत्री जी ने जल जीवन मिशन के अन्तर्गत चल रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि जिस उद्देश्य से यह योजना चल रही है वह उद्देश्य पूरा हो इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए, प्रत्येक आम जन को पीने का स्वच्छ जल मुहैया हो सके, जिससे वह बीमारियों से बच सके।

मुख्यमंत्री जी ने गेहूं खरीद की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि गेहूं क्रय करने हेतु विकास खण्ड स्तरों पर कृषकों से समन्वय स्थापित किया जाए। मण्डी में किसानों के बैठने, पीने के पानी, सस्ती कैंटीन आदि की सुविधाएं मुहैया करायी जाएं। मुख्यमंत्री जी ने निर्देश दिए कि विकास परियोजनाओं को समयबद्ध रखा जाए इसके लिए नोडल अधिकारी बनाए जाएं

मुख्यमंत्री जी ने सेफ सिटी की समीक्षा करते हुए जानकारी ली कि आपरेशन त्रिनेत्र के अन्तर्गत कितने कैमरे लगाए गए हैं, जिस पर अपर पुलिस महानिदेशक रमित शर्मा द्वारा अवगत कराया गया कि डेढ़ लाख से अधिक कैमरे पूरे जोन में लगे हैं। इसके अतिरिक्त इंटीग्रेटेड कमाण्ड सेंटर से समन्वय कर भी कार्य किया जा रहा है। मा0 मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सीसीटीवी की अपराध अनावरण में महत्ती भूमिका है अतः इस दिशा में विशेष ध्यान दिया जाए। अपराध रोकने की दृष्टि से ई-रिक्शा/टैक्सी आदि का वेरिफिकेशन कराया जाए। इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम के माध्यम से अपराध कम करने और ट्रैफिक

मुख्यमंत्री जी ने अपराध रोकने की दृष्टि से भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में फुट पैट्रोलिंग बढ़ाये जाने, बार्डर क्षेत्रों में पैट्रोलिंग किये जाने, तीनों नये कानूनों को प्रभावी ढ़ग से लागू किये जाने, धमार्तंरण को रोकने की कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिए इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों से क्षेत्र की समस्याओं के बारे में जानकारी ली, जिस पर पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री ने कैलाश गिरी आश्रम से अखा तक तटबंध पर सड़के बनवाने, गैनी रामगंगा के पास पुल की मांग व आंवला में रोजवेज बस स्टैण्ड बनवाने की अपील की। वन एवं पर्यावरण मंत्री ने 300 बेडेड हास्पिटल संचालित करवाने की अपील की, जिस पर मुख्यमंत्री जी ने 300 बेडेड हास्पिटल व मानसिक चिकित्सालय की जमीन को मिलाकर एक अच्छा सुपर स्पेशियल्टी हास्पिटल का प्लान बनाकर भेजने के निर्देश दिए। महापौर ने रोजवेज बस अड्डा जो इज्जतनगर के निकट निमार्णाधीन है उसका कार्य तेजी से पूर्ण कराने, शहर से लगे गांवों को नगर निगम की सीमा में शामिल करने, एमएलसी बहोरन लाल मौर्य ने रोड व विद्युत आपूर्ति व्यवस्था ठीक कराने, एमएलसी कुंवर महाराज ने सैटेलाइट बस स्टैण्ड का नाम पंडित राधेश्याम कथावाचक के नाम पर रखने, सांसद बरेली ने शारदा नहर पर सड़के चौड़ी कराने, विधायक मीरगंज ने डग्गामार बसे रोकने व रोजवेज बसे चलवाने, विधायक नवाबगंज ने नवाबगंज में रोडवेज बस स्टैण्ड व अप्सरा नदी के सकरे पुल व क्योलड़िया के पुल के चौड़ीकरण की बात रखी, विधायक बिथरीचैनपुर ने रामगंगा परियोजना के डैम के प्रोजेक्ट का कार्य पूर्ण कराने व देवचरा में सरकारी मण्डी बनवाने, विधायक फरीदपुर ने फरीदपुर में मण्डी का निर्माण करवाने, विधायक कैण्ट ने बदायूं रोड पर बसे अड्डे का निर्माण कराने, बरेली से चार धाम के लिए हवाई यात्रा शुरू कराने व सुभाषनगर रेलवे लाइन का निस्तारण करने की बात रखी।

बैठक में जनप्रतिनिधियों में पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह, वन एवं पर्यावरण मंत्री अरुण कुमार, मंत्री सहकारिता विभाग/प्रभारी मंत्री जे0पी0एस0 राठौर, मंत्री बेसिक शिक्षा विभाग संदीप सिंह, महापौर डॉ0 उमेश गौतम, सांसद बरेली छत्रपाल सिंह गंगवार, सदस्य विधान परिषद कुंवर महाराज सिंह, बहोरन लाल मौर्य, विधायक फरीदपुर श्याम बिहारी लाल, विधायक कैण्ट संजीव अग्रवाल, विधायक बिथरी चैनपुर डॉ0 राघवेन्द्र शर्मा, विधायक नवाबगंज डॉ0 एम0पी0 आर्य, अधिकारियों में अपर पुलिस महानिदेशक रमित शर्मा, मण्डलायुक्त सौम्या अग्रवाल, पुलिस महानिरीक्षक डॉ0 राकेश सिंह, जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य, मुख्य विकास अधिकारी जग प्रवेश, नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# इज्जत नगर मंडल ने अर्जित की विशेष उपलब्धियां

**एनपीटी ब्यूरो**

बरेली, इज्जत नगर मंडल पर प्रेस वार्ता का आयोजन मंडल रेल प्रबंधक सुश्री वीणा सिन्हा की अध्यक्षता में मंडल सभाकक्ष में आयोजित की गई। जिसमें मंडल रेल प्रबंधक सुश्री सिन्हा द्वारा गत वित्त वर्ष 2024-25 में इज्जतनगर मंडल की उपलब्धियों की जानकारी विस्तृत रुप से साझा की गई।

चालू वित्त वर्ष में यात्रियों की संख्या 65.77 मिलियन है जो पिछले वित्त वर्ष से 17.45 प्रतिशत अधिक और लक्ष्य से 13.59 प्रतिशत अधिक है। चालू वित्त वर्ष में यात्री यातायात से रु. 351.58 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया गया है।

चालू वित्त वर्ष में एनएफआर के तहत 1.90 करोड़ रुपये अर्जित किए गए हैं। जो अब तक की सर्वश्रेष्ठ वार्षिक उपलब्धि है।

चालू वित्त वर्ष में



वाणिज्यिक विविध आय के रूप में रु. 5.10 करोड़ रुपये अर्जित किए गए जो इस अवधि के पिछले वर्ष से 33.40 प्रतिशत अधिक और लक्ष्य से 7.59 प्रतिशत अधिक है।

चालू वित्त वर्ष में फरुर्खाबाद, बरेली सिटी और कासगंज स्टेशनों पर 03 पीएमबीजेकेवाई केंद्र स्थापित किए गए, जो स्टेशन परिसर में जेनेरिक और कम कीमत वाली दवाइयाँ उपलब्ध कराते हैं।

चालू वित्त वर्ष में, इज्जतनगर मंडल रेलवे मदद ऐप के माध्यम से प्राप्त शिकायतों के त्वरितध्त्वरित समाधान के लिए भारतीय रेलवे मंडलों में 5वें स्थान पर है।

रेल यात्रियों द्वारा यूपीआई भुगतान की सुविधा के लिए इज्जतनगर मंडल के सभी स्टेशनों पर क्यूआर कोड डिवाइस लगाए गए हैं।

इज्जतनगर मंडल के काठगोदाम, रुद्रपुर सिटी, काशीपुर, रामनगर, बरेली सिटी, कासगंज, कन्नौज, फरुर्खाबाद और टनकपुर रेलवे स्टेशनों के पार्सल स्थान पर पीएमएस स्थापित और क्रियाशील है। इस नई सुविधा में बुकिंग और डिलीवरी पीएमएस के तहत की जाती है। उपभोक्ता अपने पार्सल को ऑनलाइन ट्रैक भी कर सकते हैं। एसएमएस प्राप्त होने पर उपभोक्ता तुरंत स्टेशन से अपना पार्सल ले सकता है।


# मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय के लिए मिले 12 करोड़ रुपये

गाजियाबाद। जिले के उच्च प्राथमिक विद्यालय तलहैटा को मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय बनाया जाएगा। कुल 25 करोड़ रुपये में विद्यालय का निर्माण होगा, जिसमें पहली किस्त में बेसिक शिक्षा विभाग को 12 करोड़ रुपये का बजट मिला है।

स्कूल प्री प्राइमरी से बारहवीं कक्षा तक होगा। निर्माण कार्य के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी हो गई है, कंस्ट्रक्शन एंड डिजाइन सर्विसेज कार्यदायी संस्था को स्कूल निर्माण की जिम्मेदारी दी गई है। जिला समन्वयक निर्माण विश्वास गौतम ने बताया कि स्कूल में बच्चों के लिए लाइब्रेरी के साथ सभी विषयों की लैब की व्यवस्था दी जाएगी। बच्चों को डिजिटल एजुकेशन प्लेटफार्म और डिजिटल लर्निंग के माध्यम से गुणवत्तापरक शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए स्मार्ट क्लास की स्थापना और डिजिटल उपकरणों की व्यवस्था की जाएगी। प्रदेश के कुल 57 जिलों में मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय बनाए जा रहे हैं जिसके तहत जिले में भी स्कूल का निर्माण किया जाएगा।

विज्ञापन


# महिलाओं की सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस की लापरवाही पिकं बूथों पर लगा ताला

**नेशनल प्रेस टाइम्स, ब्यूरो**

मुरादाबाद । आए दिन महिलाओं के साथ हादसे होते रहते हैं। बावजूद इसके मुरादाबाद जिले के अधिकतर पिंक बूथों पर ताला लगा हुआ है

राह चलते महिलाओं के साथ कोई हादसा ना हो। इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट पिंक बूथ की शुरूआत राजधानी लखनऊ से लेकर पूरे प्रदेश में की गई है। मगर मुरादाबाद में आए दिन महिलाओं के साथ हादसे होते रहते हैं और यहां के चौराहों पर स्थापित महिला पिकं बूथों पर ना तो पुलिस रहती है और ना ही पिंक बूथ खुले रहते है, जिससे महिलाएं खुद को सुरक्षित महसूस कर सके हैं, जबकि बीते एक महीने के भीतर कई महिलाओं से चैन स्नैचिंग से लेकर कान के कुंडल तक खीचें गए हैं। इस बारे में पुलिस वालों का बयान भी लापरवाही भरा है। जब उनसे पूछा गया कि पिंक बूथों पर ताला क्यों लगा रहता है तो वह निरूत्तर नजर आये।

**मुरादाबाद जिले में बने हैं 55 पिंक बूथ।**

स्मार्ट सिटी कहे जाने वाला शहर मुरादाबाद में आये दिन महिलाओं के साथ छेड़-छाड़ चैन स्नैचिन, सामान चोरी की घटनाएं आम बात हो गई हैं। महिलाओं की सुरक्षा और समस्या का निस्तारण के लिए जनपद में 55 पिंक बूथ बनाये गये है। मुरादाबाद शहर में ही करीब दो दर्जन से अधिक पिंक बूथ बनाये गए हैं।

**पिंक बूथों पर लगा रहता है ताला।**

महिलाओं की सुरक्षा को सुनिश्चत करने के लिए प्रमुख चौराहों और स्कूल, कॉलेज के पास पिंक बूथों का निर्माण तो कराया गया है। कागजों में यहां महिला पुलिस कर्मियों तैनाती भी की जाती है। मगर इन पिंक बूथों पर जिसकी ड्यूटी लगाई जाती है, कोई बैठता नहीं है। ज्यादातर पिंक बूथों पर ताला लगा रहता है। ऐसे में महिलाओं की सुरक्षा भगवान भरोसे रहती है।

**पुलिस चौकी पर लिख दिया पिंक बूथ लावारिस हालत में।**




**टीन शेड वाले पिंक बूथ में उबल जाए इंसान**

मुरादाबाद में पिंक बूथों के बनाए जाने में इतनी अधिक लापरवाही बरती गई है। पूरे पिंक बूथ को चारों ओर से लोहे के टीनशेड से घेर दिया गया है। गर्मी के इस मौसम अगर कोई इन पिंक बूथों में बैठे तो ना बेहोश होना तो भी वह बेहोश जाएगा, क्योंकि टीन शेड बहुत छोटा बना गया है। ऐसा लगता है कि केवल सरकार को फोटो भेजने के लिए बनाया गया है।

**सोहदों को पकड़ने के लिए मिली पिंक स्कूटी का अता-पता नहीं।**

भीड़ भाड़ और स्कूल कॉलेज के आस-पास बनाए गए पिंक बूथों पर तैनात होने वाली महिला कांस्टेबल के लिए पिंक स्कूटी भी दी गई है। मगर चोर उचक्के और शोहदे घटना को अंजाम देकर निकल जाते हैं। बावजूद इसके पिंक बूथों पर तैनात महिला कांस्टेबल का कहीं अता-पता नहीं रहता है।

त्योहारी सीजन में पिंक बूथों को है एक्टिव करने की जरूरत है इस समय नवरात्र का सीजन चल रहा है। बाजार में चहल पहल है। देर रात महिलाओं का मंदिरों में आना जाना है। ऐसे में पिंक बूथों पर ताला लगा रहना दुर्भाग्य पूर्ण है। पिंक बूथ योजना के अनुसार शहर में राह चलती महिलाओं की सुरक्षा के लिए चौराहे पर एक पिंक बूथ पर दो महिला कांस्टेबल एक पिंक स्कूटी दी गई। शहर में त्योहार का माहौल है। ईद व नवरात्रि चल रहे है ऐसे में महिला और पुरुष सभी बाजार घूमने, मंदिर जा रहे है, ऐसे में सुरक्षा की व्यवस्था तेज होनी चाहिए। मगर हमारे यहाँ सुरक्षा के नाम पर पिंक बूथों पर ताला लगा हुआ है। इनका मकसद यह है कि महिलाओं को थाने तक की दौड़ ना लगानी पड़े। मुरादाबाद में पिंक पुलिस बूथ के माध्यम से महिलाओं की समस्याओं का निस्तारण किया जाना चाहिये। महिलाओं को थाने तक दौड़ न लगाने पड़े। इसके लिए पिंक बूथों की व्यवस्था बनाई गई। पिंक बूथ में मौजूद महिला पुलिस कर्मी शिकायतों को सुनने के साथ ही उनके निस्तारण का भी प्रावधान है। मगर जब कोई महिला कांस्टेबल इन पिंक बूथों में बैठगी तब समस्या का समाधान होगा।

**चरजीत सिंह । सिविल लाइंस थाना पिंक बूथ।**

सिविल लाइंस थाना निवासी चरनजीत सिंह ने बताया कि शिकायत होती है तो दो-चार दिन पिंक बूथ खुल जाता है, उसके बाद फिर बंद हो जाता है। कई बार यहां पर राह चलती महिलाओं के साथ छेड़खानी हो चुकी है।

**मझोला निवासी विनोद कुमार।**

मझोला निवासी विनोद कुमार ने बताया कि साहब, पिंक बूथ कभी खुलता ही नहीं है। जिस तरह से यह पिंक बूथ बना हुआ है। इसमे कौन बैठ पायेगा। यहां कभी कोई आता नहीं है।

आप किस एरिया की बात कर रहे हैं,अगर ऐसा है तो हम दिखवाते हैं ताला क्यों लगा हुआ है : **सतपाल अंतिल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद।**

# संपादकीय

## मोदी की नागपुर यात्रा के निहितार्थ

भले ही प्रसंग राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सौ साल पूरा होने का हो, लेकिन प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी की संघ के मुख्यालय की पहली यात्रा के गहरे निहितार्थ भी हैं। जो इस बात का संकेत है कि पिछले आम चुनाव के दौरान संघ व भाजपा के रिश्तों में जिस खटास की बात कही जा रही थी, वह संवाद व संपर्क से दूर कर ली गई है। जो इस बात का भी संकेत है कि आने वाले वक्त में पार्टी व सरकार के अहम फैसलों में संघ की भूमिका बढ़ सकती है। यूं तो प्रधानमंत्री ने बीते रविवार को नागपुर यात्रा के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों में भागीदारी की, लेकिन उनका प्रधानमंत्री के रूप में संघ मुख्यालय पहुंचना खास चर्चा में रहा। उल्लेखनीय है कि चौथाई सदी पहले संघ मुख्यालय पहुंचने वाले अटल बिहारी वाजपेयी पहले प्रधानमंत्री थे। इसमें कोई दो राय नहीं है कि मोदी भी संघ की पृष्ठभूमि से आते हैं। साथ ही वे संघ की रीति-नीतियों से भली-भांति परिचित हैं। लेकिन पिछले आम चुनाव के दौरान भाजपा के कुछ वरिष्ठ नेताओं के ऐसे बयान चचाओं में थे कि पार्टी का कद संघ से बड़ा हो गया है। जिसके चलते संघ व भाजपा के रिश्तों में कुछ कसक देखी गई। जिसकी कुछ इस तरह व्याख्या की गई कि पार्टी जिस तरह चार सौ पार के लक्ष्य से चूकी, उसके मूल में संघ कार्यकताओं की उदासीनता रही है। बाद में दोनों के रिश्ते सामान्य होने के बाद हरियाणा, महाराष्ट्र व छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनाव में भाजपा को जो आशातीत सफलता हाथ लगी, कहा जा रहा था कि उसमें संघ कार्यकताओं का समर्पण व योगदान महत्वपूर्ण घटक रहा। अब संघ मुख्यालय में प्रधानमंत्री की यात्रा से यह तथ्य भी उजागर हुआ कि दोनों की रीतियों-नीतियों फिर से बेहतर तालमेल स्थापित हुआ है। अब राजनीतिक पंडित कयास लगा रहे हैं कि आने वाले दिनों में केंद्र सरकार के फैसलों में संघ के दृष्टिकोण का प्रभाव नजर आएगा।

वहीं दूसरी ओर कहा तो यहां तक भी जा रहा है कि आने वाले दिनों में भाजपा अध्यक्ष के चुनाव में संघ की भूमिका हो सकती है। ऐसा ही असर बदलते वक्त के साथ पार्टी के अन्य फैसलों पर भी नजर आ सकता है। यानी दोनों अब सामंजस्य व सहजता के साथ आगे बढ़ेंगे। अर्थात पार्टी अब अपने वैचारिक स्रोत के साथ बेहतर तालमेल करके चलना चाहेगी। यही वजह है कि प्रधानमंत्री ने संघ मुख्यालय में कहा कि संघ का विचार बीज अब वट वृक्ष का रूप ले चुका है। उन्होंने संघ कार्यकताओं के योगदान की चर्चा करते हुए संघ को भारतीय संस्कृति का विशाल वट वृक्ष बताया। बहरहाल, भाजपा संघ से कुछ मुद्दों पर असहमति से आगे निकल चुकी है। उल्लेखनीय है कि आम चुनाव परिणाम के बाद संघ प्रमुख ने नसीहत दी थी कि लोगों की सेवा करने वाले एक सच्चे सेवक में अहंकार नहीं होना चाहिए। उनकी यह टिप्पणी कतिपय उन नेताओं की तरफ इशारा भी था जिन्होंने कहा था कि पार्टी बड़ी हो गई है और उसे संघ की पहले की तरह जरूरत नहीं है। इसके बाद संघ ने अपने महत्व का अहसास पार्टी को कराया। जिसका राजनीतिक लाभ भाजपा को कुछ राज्यों के विधानसभा चुनावों में मिला भी। बहरहाल, प्रधानमंत्री मोदी द्वारा नागपुर यात्रा के दौरान की गई टिप्पणियों का निष्कर्ष यह भी है कि संघ परिवार की अब सरकार व पार्टी में भूमिका बढ़ सकती है। राजनीतिक पंडितों को तब आश्चर्य नहीं होगा यदि पार्टी के नये अध्यक्ष के चयन में संघ की मोहर लगे। यह भी हकीकत है कि लोकसभा चुनाव में अपने बलबूते पूर्ण बहुमत से दूर रहने के कारण पार्टी की सहयोगी दलों पर निर्भरता बढ़ी है। जिसके चलते भाजपा अपनी सुरक्षा को मजबूत करने के लिये संघ पर अधिक निर्भर रहेगी। निर्विवाद रूप से आने वाले समय में पार्टी को पंजाब, केरल और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में कठिन परीक्षा से गुजरना होगा। ऐसे में भगवा पार्टी को अगले दो वर्षों में बड़ी सफलता हासिल करने के लिये संघ पर निर्भर रहना पड़ेगा। जहां संघ अपनी आधार भूमि को विस्तार दे रहा है।

तकरीबन 2,000 साल पहले, जब रोमन साम्राज्य अपने चरम पर था, भूमध्य सागर से बाहर के बंदरगाहों से आने वाले व्यापारिक जहाजों को अपने साथ लाए जाने वाली प्रत्येक वस्तु पर एकमुश्त कर चुकाना पड़ता था। कुछ शताब्दियों बाद, जब इस इलाके पर रोमनों का राज जाता रहा और यह क्षेत्र यहां-वहां बिखरे देशों और छोटी सल्तनतों में विभक्त हो गया, तो व्यापारियों को एक बंदरगाह से दूसरे राजा के बंदरगाह तक जाने के लिए कई किस्म के शुल्कों का सामना करना पड़ा। इसलिए, एक परंपरा विकसित हुई, जिसमें व्यापारियों को पहले से ही यह बता दिया जाता था कि प्रत्येक वस्तु पर कितना कर लगाया जाएगा। अरबी भाषा में इसे तारीफेः अर्थात ? अधिसूचना कहा जाता था। यही शब्द अन्य भाषाओं में भी आया, स्पेनिश में टैरिफा, इतालवी में टैर्रिफा और आगे चलकर अंग्रेजी में टैरिफ बना। गया।

# संघ-भाजपा में तालमेल से जुड़े सुखद संकेत

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के 25 साल बाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुख्यालय के अंगने में पहुंचकर संघ के संस्थापक केशव बलिराम हेडगेवार और दूसरे सरसंघचालक माधव सदाशिव गोलवलकर (गुरुजी) के स्मारक स्मृति मंदिर में श्रद्धांजलि दी, जिससे संघ एवं भाजपा के बीच एक नई तरह की ऊर्जामयी सोच एवं समझ विकसित हुई है। एक नई प्राणवान ऊर्जा का सूरज उगा है, नये संकल्पों को पंख लगे हैं। संघ के सौ वर्ष पूरे करने के ऐतिहासिक अवसर पर मोदी ने सही कहा कि संघ भारत की अमर संस्कृति का आधुनिक अक्षय वट है, जो निरंतर भारतीय संस्कृति और राष्ट्रीय चेतना को ऊर्जा प्रदान कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने 34 मिनट की संबोधन में देश के इतिहास, भक्ति आंदोलन, इसमें संतों की भूमिका, संघ की निःस्वार्थ कार्य प्रणाली, देश के विकास, युवाओं में धर्म-संस्कृति, स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, शिक्षा, भाषा और प्रयागराज महाकुंभ की चर्चा करते हुए जहां नये बन रहे भारत की बानगी प्रस्तुत की, वही संघ की उपयोगिता एवं महत्व को चार-चांद लगाये। प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी की संघ के मुख्यालय की इस पहली यात्रा के गहरे निहितार्थ भी हैं तो दूरगामी परिदृश्य भी है। जो इस बात का संकेत है कि पिछले आम चुनाव के दौरान संघ व भाजपा के रिश्तों में जिस खटास को अनुभव किया गया था, वह संवाद, समझ, सकारात्मक सोच व संपर्क से दूर कर ली गई है। जो इस बात का भी संकेत है कि आने वाले वक्त में भाजपा व सरकार के अहम फैसलों में संघ की भूमिका बढ़ेगी, जिससे देश हिन्दू राष्ट्र के रूप में सशक्त होते हुए विश्व गुरु बनने के अपने संकल्प को पूरा कर सकेगा। वसुधैव कुटुम्बकम के भारत के उद्घोष को अधिक सार्थक करते हुए दुनिया के लिये एक रोशनी बनेगा।



यह सर्वविदित है कि मोदी भी संघ की पृष्ठभूमि से आते हैं। साथ ही वे संघ की रीति-नीतियों से भली-भांति परिचित हैं। लेकिन पिछले आम चुनाव के दौरान भाजपा के कुछ वरिष्ठ नेताओं के कुछ अतिश्योक्तिपूर्ण एवं अहंकारी बयानों से भाजपा का कद संघ से बड़ा बताने की कोशिशें हुई थी, जिसके चलते संघ व भाजपा के रिश्तों में कुछ कसक एवं खटास देखी गई। जिसका असर लोकसभा चुनाव में चार सौ पार के लक्ष्य पर पड़ा, उसके मूल में संघ कार्यकताओं की उदासीनता रही है। बाद में दोनों के रिश्ते सामान्य होने के बाद हरियाणा, महाराष्ट,ज छत्तीसगढ़ एवं दिल्ली के विधानसभा चुनाव में भाजपा को जो आशातीत सफलता हाथ लगी, कहा जा रहा था कि उसमें संघ कार्यकताओं का समर्पण व सक्रिय भागीदारी महत्वपूर्ण घटक रहा। अब संघ मुख्यालय में प्रधानमंत्री की यात्रा से यह तथ्य भी उजागर हुआ कि दोनों की रीतियों-नीतियों फिर से बेहतर तालमेल स्थापित हुआ है। इसका असर आने वाले दिनों में भाजपा अध्यक्ष के चुनाव में संघ की भूमिका को लेकर देखने को मिलेगा, ऐसा ही असर बदलते वक्त के साथ पार्टी के अन्य फैसलों पर भी नजर आ सकता है। आने वाले समय में भाजपा के लिये संघ का सहयोग पंजाब, केरल और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में अपनी जमीन मजबूत करने एवं जड़े जमाने में मील का पत्थर साबित होगा। इन राज्यों में संघ अपनी आधार भूमि को विस्तार दे रहा है। यानी दोनों अब सामंजस्य, सहयोग व सहजता के साथ आगे बढ़ेंगे। अर्थात भाजपा अब अपने वैचारिक एवं ऊर्जा स्रोत के साथ बेहतर तालमेल करके चलना चाहेगी। मोदी की नागपुर यात्रा के अनेक शुभ संकेत देखे जा रहे हैं, इसको औरंगजेब, राणा सांगा, संभल विवाद के बीच हिन्दुत्व की राजनीति को नई धार देने की कोई योजना के साथ जोड़कर भी देखा जा रहा है, नरेन्द्र मोदी और संघ प्रमुख मोहन भागवत की इस मुलाकात को 2029 के चुनावों की कोई नई पटकथा तैयार करने की पृष्ठभूमि में भी देखा जा रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी के संघ मुख्यालय के दौरे पर जहां विपक्ष बौखला रहा है वहीं इस यात्रा ने संघ के भीतर भी कई लोगों को सुखद आश्चर्य में डाल दिया है। मोदी दीक्षाभूमि भी गए, जहां डॉ. बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर ने 1956 में अपने हजारों अनुयायियों के साथ बौद्ध धर्म अपनाया था। उन्होंने दीक्षाभूमि की सामाजिक न्याय और दलितों को सशक्त बनाने के प्रतीक के रूप में सराहना करते हुए डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के सपनों के भारत को साकार करने के लिए और भी अधिक मेहनत करने की सरकार की प्रतिबद्धता दोहरा कर सबका दिल जीत लिया। मोदी की ओर से नागपुर में अपने संबोधन के दौरान संघ की भरपूर प्रशंसा को अपने वैचारिक मार्गदर्शक के प्रति भाजपा के रुख में आये बदलाव के रूप में देखा जा रहा है। मोदी ने संघ की राष्ट्र निर्माण और विकास में रचनात्मक भूमिका को रेखांकित करके अपनी 2047 तक विकसित भारत की योजनाओं में संघ की भूमिका के महत्व को भी दशार्या है। प्रधानमंत्री मोदी ने प्रयागराज में हाल ही में संपन्न महाकुंभ मेले में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए भी स्वयंसेवकों को श्रेय दिया था। इसके अलावा, हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा सरकारी कर्मचारियों पर आरएसएस द्वारा की जाने वाली सामाजिक गतिविधियों में भाग लेने पर लगाए गए प्रतिबंध को भी हटा दिया गया था।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने जीवन-संकल्पों एवं विचार-ऊर्जा के जिस आंगन में आठ वर्ष की आयु में कदम रख कर जीने की कला सीखी। उस संघ से संस्कार ग्रहण कर ही उनके दिल में राष्ट्रभक्ति की ज्योति प्रज्ज्वलित हुई। उसी संघ के आंगन में नरेन्द्र मोदी के जाने पर अलग-अलग कयास लगाने एवं स्तरहीन राजनीति करने की जरूरत नहीं है। इस पर ज्यादा आश्चर्य भी जताने का कोई औचित्य इसलिये नहीं है कि कोई अपने घर, अपने संस्कार-भूमि एवं अपनी पवित्र पाठशाला में गया है। संघ उनकी राजनीति की आत्मा तो है ही, जीवन-संस्कारदाता भी है। उनका संघ से रिश्ता दशकों पुराना है। नरेन्द्र मोदी के साथ संघ भी हमेशा चट्टान की तरह खड़ा रहा है। खुद को संघ के प्रचारक मानने वाले मोदी समय-समय पर संघ की तारीफ करने में नहीं चूकते। हाल ही में तीन बड़े मौके आये जब मोदी ने अपने जीवन को सही मार्गदर्शन देने के लिए संघ का आभार जताया और इस सबसे बड़े स्वयंसेवी संगठन की भरपूर प्रशंसा की। प्रधानमंत्री ने नागपुर में भी संघ को एक ऐसे संगठन के रूप में संदर्भित किया जिसने समर्पण और सेवा के उच्चतम सिद्धांतों को कायम रखा।

निश्चित ही संघ दुनिया का सबसे बड़ा स्वयंसेवी गैर-राजनीतिक संगठन है। हिन्दू धर्म एवं संस्कृति की रक्षा उसका मूल उद्देश्य है। संघ की स्थापना राष्ट्रवादी आंदोलन को एक मजबूत सांस्कृतिक आधार देने के लिए की गई थी। हमारी सदियों पुरानी प्राचीन सभ्यताएं जो धर्म, अहिंसा और भक्ति के सिद्धांतों पर आधारित थी उपनिवेशवाद के शोर में अपनी आवाज खो रही थी, हिन्दू समाज पर रह-रह की हमले हो रहे थे, हिन्दू एवं सनातन संस्कृति को सलक्ष्य कुचलने के प्रयास से हिन्दू समाज भयभीत था एवं लगातार कमजोर हो रहा था, इन जटिल स्थितियों में भारत के लोगों को एक सांस्कृतिक छत्र के नीचे एकजुट करने का प्रयास संघ ने प्रभावी ढंग किया और यह उन अभिजात्य लोगों को बहुत पसंद नहीं आया, जिन्होंने अपनी सांस्कृतिक पहचान को त्याग कर अपनी विदेशी शिक्षा और पश्चिमी मूल्यों के सम्पर्क में पश्चिम की नकल करने के पक्ष ?में थे। इन्हीं भारत विरोधी लोगों ने संघ पर तरह-तरह के प्रतिबंध भी लगाये, लेकिन उनके आरोप पूरी तरह निराधार पाये गये।

संघ अपनी सकारात्मक सोच, सेवा एवं समर्पण के बल पर निरन्तर आगे बढ़ता रहा। संघ का एक ही भाव था कि बतौर राष्ट्र भारत पुनः सशक्त स्थिति में आए जहां वह दुनिया का मार्ग दर्शन कर सके लेकिन इसके लिए पहले भारतीय समाज का रूपांतरण होना जरूरी था। समाज के रूपांतरण के लिए संघ ने दैनिक शाखाओं के जरिए व्यक्ति निर्माण का काम शुरू किया था। संघ के स्वयं सेवक एवं 40 से अधिक परियोजनाएं जीवन के हर क्षेत्र में सेवा करके मां भारती की सेवा कर रहे हैं। कौन नहीं जानता कि 1947 में संघ के स्वयंसेवकों ने कश्मीर सीमा पर बगैर किसी प्रशिक्षण के पाकिस्तान सेना की गतिविधियों पर नजर रखी थी और पाकिस्तान से जान बचाकर आए शरणार्थियों के लिए ?शिविर लगाए, भोजन की व्यवस्था की थी। 1962 में भारत-चीन हमले के दौरान सैनिक आवाजाही मार्गों की यातायात व्यवस्था, रसद और आपूर्ति में मदद स्वयंसेवकों ने की थी। सेवा के साथ-साथ राष्ट्रीयता के मजबूत इरादों की तमाम चुनौतियों के बावजूद संघ लगातार विस्तार पाते हुए वृक्ष से वटवृक्ष बनने की ओर अग्रसर है।

# ट्रम्प के टैरिफ की चुनौती से मुकाबले की तैयारी

ट्रम्प की जवाबी टैरिफ नीति से भारत को भी नुकसान होने की आशंका है। दरअसल भारत और अमेरिका के आयात शुल्कों के बीच बड़ा अंतर है। व्यापार की यह स्थिति भारत को रास आती है जो ट्रंप के निशाने पर है। भारत के टैरिफ जितनी जवाबी दरें करने का उनका निर्णय या तो भारतीय निर्यात को अप्रतिस्पर्धी बना देगा या फिर हमें मजबूरन अपने टैरिफ अमेरिका के समान करने होंगे।

तकरीबन 2,000 साल पहले, जब रोमन साम्राज्य अपने चरम पर था, भूमध्य सागर से बाहर के बंदरगाहों से आने वाले व्यापारिक जहाजों को अपने साथ लाए जाने वाली प्रत्येक वस्तु पर एकमुश्त कर चुकाना पड़ता था। कुछ शताब्दियों बाद, जब इस इलाके पर रोमनों का राज जाता रहा और यह क्षेत्र यहां-वहां बिखरे देशों और छोटी सल्तनतों में विभक्त हो गया, तो व्यापारियों को एक बंदरगाह से दूसरे राजा के बंदरगाह तक जाने के लिए कई किस्म के शुल्कों का सामना करना पड़ा।

इसलिए, एक परंपरा विकसित हुई, जिसमें व्यापारियों को पहले से ही यह बता दिया जाता था कि प्रत्येक वस्तु पर कितना कर लगाया जाएगा। अरबी भाषा में इसे तारीफेः अर्थात ? अधिसूचना कहा जाता था। यही शब्द अन्य भाषाओं में भी आया, स्पेनिश में टैरिफा, इतालवी में टैर्रिफा और आगे चलकर अंग्रेजी में टैरिफ बना। गया।

आज, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की बदौलत, यह शब्द पिछले चार दशकों से चली आ रही विश्व व्यवस्था में खलल डालने पर तुला है। कुछ ही दिनों में, ट्रम्प की जवाबी टैरिफ नीति हर देश को प्रभावित करने वाली है। अमेरिका में आयात शुल्क दर अब ठीक उतनी होगी जो माल भेजने वाला देश अमेरिकी वस्तुओं के आयात पर लगाएगा।

हम पर भी इसका असर होगा। साल 2023-24 में अमेरिका को हमारा निर्यात 78 बिलियन डॉलर रहा और इस वित्त वर्ष की पहली छमाही में यह 60 बिलियन डॉलर को पार कर गया। इनमें से सबसे बड़ा हिस्सा दवाइयों का था- हमारी दवा कंपनियां अमेरिका को महत्वपूर्ण दवाओं के सस्ते संस्करण निर्यात करती हैं और कमाई मोटी है। इनके बाद सबसे बड़ा अंश था टेलीकॉम उत्पादों का, जैसे कि भारत में पुर्जे जोड़कर बनाए आईफोन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक और इलेक्ट्रिकल गैजेट एवं मशीनें इत्यादि।

हालांकि, हम अमेरिकी उपभोक्ताओं को बहुत अधिक कारें नहीं बेचते हैं, लेकिन ऑटो पार्ट्स हम खूब निर्यात करते हैं। अमेरिकी बाजार हमारे सकल ऑटोमोबाइल निर्यात का 27 प्रतिशत हिस्सा है। हम अन्य देशों को भी ऑटो पार्ट्स



निर्यात करते हैं, जिनका उपयोग ऑटोमोबाइल तैयार करने में किया जाता है, जिन्हें आगे अमेरिका भेजा जाता है। निर्यात का एक अन्य बड़ा हिस्सा हीरे एवं सोने के गहने हैं। वर्ष 2024 में, हमने अमेरिका को 12 बिलियन डॉलर के रत्न और आभूषण निर्यात किए। हम वहां कपड़ा और परिधान भी भेजते हैं। पिछले साल, हमने अमेरिका को 11 बिलियन डॉलर के रेडीमेड परिधान, यार्न और टेक्सटाइल बेचे। भारत से अमेरिका को कई किस्म के समुद्री खाद्य पदार्थ भी निर्यात किए जाते हैं। हम अमेरिकी उपभोक्ताओं को विभिन्न किस्मों के चावल भी बेचते हैं। वर्ष 2024 में अमेरिकी बाजार में भारत से कुल मिलाकर 6 बिलियन डॉलर से अधिक मूल्य के कृषि उत्पाद, समुद्री भोजन, मछली और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ पहुंचे थे। वर्तमान में, अमेरिका को भारत का सकल निर्यात उसके यहां से आने वाले माल से 45 बिलियन डॉलर अधिक है।

ट्रंप का मानना है कि इस अंतर का एक बड़ा कारण है कि भारत अमेरिकी वस्तुओं पर बहुत अधिक टैरिफ लगाता है, जिससे भारतीय बाजार में अमेरिकी सामान अधिक महंगा हो जाता है। भारत विदेश से घरेलू अर्थव्यवस्था में आने वाली वस्तुओं पर औसतन 12 प्रतिशत टैरिफ लगाता है। यह अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ से पांच गुना अधिक है। लेकिन बात जब विशिष्ट वस्तुओं की आए तो यह अंतर और भी अधिक गहरा हो जाता है। आयातित कृषि उत्पादों पर भारत औसतन 37.8 प्रतिशत टैरिफ लगाता है जबकि अमेरिका केवल 5.4 प्रतिशत लगा रहा है। अमेरिका में बने ऑटोमोबाइल और ऑटो पार्ट्स पर हमारा टैरिफ उसके द्वारा भारतीय कलपुर्जों पर वहां लगाए जाने वाले शुल्क से 24 प्रतिशत से भी ज्यादा है। हाल ही तक, अमेरिका भारतीय ऑटो कलपुर्जों पर महज 1 प्रतिशत शुल्क लगाता रहा था।

भारत और अमेरिका के टैरिफ के बीच अब तक रहे अंतर में : कृषि उत्पादों में 32.4 प्रतिशत, ऑटो पार्ट्स में 23.1 प्रतिशत, हीरे और सोने के आभूषणों में 13.3 प्रतिशत, फार्मास्यूटिकल्स में 8.6 प्रतिशत तो इलेक्ट्रॉनिक, इलेक्ट्रिकल और दूरसंचार उत्पादों में 7.2 प्रतिशत शामिल है। यही चीज ट्रम्प के निशाने पर है। भारत के टैरिफ जितना शुल्क लगाने का उनका निर्णय या तो भारतीय निर्यात को अप्रतिस्पर्धी बना देगा या फिर अगर भारत चाहता है कि अमेरिकी बाजार तक अपने माल की पहुंच जारी रहे, तो उसे अपने टैरिफ अमेरिका के समान करने को मजबूर होना पड़ेगा। दोनों ही विकल्प भारत के लिए बुरे हैं।

ट्रम्प के जवाबी टैरिफ से भारतीय कृषि उत्पाद, समुद्री भोजन और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ अमेरिका में 31 प्रतिशत तक महंगे हो जाएंगे। अमेरिकी उपभोक्ता के लिए यह कारण बासमती चावल की बजाय इसके सस्ते विकल्प टेक्समती की और मुड़ने के लिए काफी होगा। भारतीय ऑटो पार्ट्स भी 23 प्रतिशत महंगे हो जाएंगे। अमेरिकी बाजार में भारत निर्मित दवाएं और अन्य चिकित्सा उत्पाद 7 से 9 प्रतिशत तो रत्न एवं आभूषण 13 प्रतिशत महंगे पड़ेंगे। इससे भारतीय उत्पाद अमेरिकी दुकानों से बाहर हो सकते हैं। हमारे निर्यातक प्रतिस्पर्धा करने में तभी सक्षम हो सकेंगे, जब वे अपनी बिक्री कीमत कम रख पाएंगे। इसलिए, भारतीय झींगा और मसालों को 17 प्रतिशत कम पर बेचना पड़ सकता है ताकि उच्च टैरिफ के बाद भी अमेरिकी सुपर मार्केट में उनकी बिक्री बनी रहे।

पिछले कुछ वर्षों में, भारतीय फार्मा कंपनियों ने अमेरिका में खुदरा दवा बिक्री में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाई थी, जिससे आयरलैंड और स्विट्जरलैंड के बाद भारत अमेरिका को तीसरा सबसे बड़ा फार्मास्यूटिकल्स निर्यातक बन गया। अब ट्रंप के जवाबी टैरिफ लागू होने से भारतीय दवा कंपनियों को यह सुनिश्चित करने को कि अमेरिकी उपभोक्ता की जेब पर असर न पड़े, अपनी कीमतों में 6-8 प्रतिशत की कमी करनी पड़ जाएगी, अन्यथा हो सकता है वे फिर से आयरिश और स्विस दवा निमार्ताओं की ओर रुख करें, जिन्हें भारतीय कंपनियों के हाथों अपना हिस्सा गंवाना पड़ रहा है।

# सीएम योगी ने जिले को दी विकास परियोजनाओं की सौगात, स्कूल चलो अभियान का किया शुभारम्भ

## बोले- बरेली में अब दंगा नहीं, सब चंगा है

**बरेली ब्यूरो**

बरेली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को बरेली में स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ किया। बरेली कॉलेज मैदान में आयोजित कार्यक्रम के मंच पर उन्होंने स्कूली बच्चों को किट बांटी। इसके बाद मुख्यमंत्री ने बटन दबाकर जिले की 932 करोड़ रुपये की 132 योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

सीएम योगी ने कहा कि अब प्रदेश और बरेली बदल चुका है। यह वही बरेली है, जहां 2017 के पहले दंगे हुआ करते थे। पिछले आठ वर्षों में यहां एक ही दंगा नहीं हुआ। बरेली में अब दंगा नहीं, सब चंगा है। दंगाई अब चूहे की तरह बिलबिलाते हैं, लेकिन बाहर निकलने का दुस्साहस नहीं कर पाते। उन्हें मालूम है कि दंगा करेंगे तो दुष्परिणाम क्या हागा। बाप-दादा ने जो कमाई की होगी। वह सब एक झटके में सरकार जब्त करके गरीबों में बंटवाने का काम कर देगी। बरेली दंगा सिटी नहीं, अब स्मार्ट सिटी की पहचान बना चुकी है।

**बरेली को दी नाथनगरी की पहचान**

उन्होंने कहा कि बरेली विकास के पथ पर अग्रसर हुआ है। इंफ्रास्ट्रक्कर का नया मॉडल दे रहा है। पिछली सरकार ने बरेली को झुमका से जोड़ा था। हमने बरेली को नाथनगरी के रूप से नाथ कॉरिडोर देकर





पुरानी पहचान दिलाने का काम किया है। विकास के नए मॉडल के रूप में बरेली को आगे बढ़ाया जा रहा है। यहां निवेश आ रहे हैं। इंडस्ट्री लग रही है। बरेली दंगा सिटी नहीं, अब स्मार्ट सिटी की पहचान बना चुकी है।

**सपा मुखिया अखिलेश यादव पर बरसे सीएम**

सपा मुखिया अखिलेश यादव पर बरसते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा मुखिया को गोबर से दुर्गन्ध आती है। उनको अपने कृत्यों से दुर्गंध नहीं आती। निराश्रित गोवंश सपा सरकार की देन है। हम तो लोगों को गो सेवा का पुण्य दिला रहे हैं। निराश्रित गोवंश की देखरेख के लिए प्रदेश में बरेली के विधायक ने ही 7700 गो संरक्षण केंद्र बनवाए हैं।

मुख्यमंत्री योगी मंगलवार को सुबह करीब साढ़े 11 बजे बरेली कॉलेज मैदान में पहुंचे। पशुधन विकास मंत्री धर्मपाल सिंह और वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने हाथ जोड़कर जनता का अभिवादन स्वीकार किया। मंच पर वनमंत्री अरुण सक्सेना ने सरकार के कार्यों को गिनाते हुए युवाओं से कहा कि नौकरी देने वाला बनो। मंच पर उनके साथ बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह, श्रम मंत्री अनिल राजभर, सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) व बरेली जिले के प्रभारी जेपीएस राठौर भी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री विशेष संचारी रोग नियंत्रण मुहिम का शुभारंभ किया। विभिन्न जिलों के लिए एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस मौके पर बरेली के सभी विधायक संसद मंत्री गण एवं मेयर आदि मौजूद रहे।

बताते चलें कि मुख्यमंत्री योगी मंगलवार को सुबह करीब साढ़े 11 बजे बरेली कॉलेज मैदान में पहुंचे। पशुधन विकास मंत्री धर्मपाल सिंह और वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने हाथ जोड़कर जनता का अभिवादन स्वीकार किया।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया अटल आवासीय विद्यालय किया उद्घाटन



**एनपीटी ब्यूरो**

बरेली। नवाबगंज थाना क्षेत्र के अधकटा नजराना गांव में अटल आवासीय विद्यालय बनकर तैयार हो गया है। मंगलवार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इसका उद्घाटन किया।

बताते चलें कि अधकटा नजराना गांव में 71 करोड़ रुपये की लागत से 15 एकड़ भूमि पर अटल आवासीय विद्यालय का निर्माण कराया गया था। अब जल्द ही बरेली मंडल के श्रमिकों के मेधावी बच्चों को इसमें पढ़ाई का अवसर मिलेगा। विद्यालय में बनाए गए छात्रावास में 500 बालक व 500 बालिकाओं के ठहरने की व्यवस्था की गई है। इस सत्र के लिए छठवीं और नौवीं में 140-140 विद्यार्थियों के प्रवेश हो चुके हैं।

# ट्रेन की चपेट में आने से अधेड की हुई मौत

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**



खैरथल !हरसौली खैरथल के मध्य रेलमार्ग पर किरवारी फाटक के पास मंगलवार शाम को आश्रम ट्रेन की चपेट में आने से एक 54 वर्षीय अधेड की मौत हो गईं!

रेलवे पुलिस ने बताया की मृतक की शिनाख्त खैरथल के वार्ड निवासी जितेंद्र उर्फ जीता पुत्र सुरता राम जोशी के रूप में हुई है !शव को मौके उठवाकर सेटेलाइट अस्पताल की मोचेर्री में रखवाया जहाँ चिकित्सको ने शव का पोस्टमार्टम कर शव को परिजनों को सौंप दिया !

# पूर्व चेयरमैन पप्पू खा के कैंप कार्यालय पर मनाया गया होली व ईद मिलन समारोह

उत्तर प्रदेश रामपुर शाहबाद ।सोमवार को पूर्व चैयरमैन पप्पू खा के कैंप कार्यालय अब्दुला के डेरे पर होली तथा ईद मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर नगर व क्षेत्र के लोग एकत्र हुए और एक दूसरे से गले मिलकर होली तथा ईद की बधाइयां दी। इस मौके पर पूर्व चेयरमैंन पप्पू खा ने कहा कि इस बार होली तथा ईद मिलन समारोह एक साथ रखा गया है क्योंकि इस वर्ष होली का पर्व रमजान के महीने में था। इसलिए हमारे सभी साथियों ने विचार विमर्श के बाद यह तय किया कि इस वर्ष होली तथा ईद मिलन समारोह ईद के दिन रखा जाएगा, होली तथा ईद मिलन समारोह में वाहिद बेग, सभासद प्रतिनिधि अनूप सिंह, सभासद प्रतिनिधि श्री राम, हरिओम शर्मा, जावेद खा समाजसेवी शप्पू खा सूरज, राजू, शादाब खा असलम मलिक, रफीक मलिक, जकी अहमद,नईम खा,शरीफ मलिक, रफीक मलिक, हबीब अहमद अंसारी सभासद रवि गोला,इंतेजार खां,बलजीत मौर्य, आदि लोग मौजूद रहे

# मथुरा में पुलिस और बदमाशों के बीच एनकाउंटर, 6 बदमाश घायल,लूटपाट और डकैती घटनाओं में थे वांटेड

मथुरा के थाना जमुनापार पुलिस और एसओजी (स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप) टीम ने बीती रात मुठभेड़ की, जब उन्हें वांछित बदमाशों के बारे में जानकारी मिली। यह बदमाश लूटपाट और डकैती की वारदातों में शामिल थे और पुलिस काफी समय से इनकी तलाश कर रही थी। मुठभेड़ तब हुई जब बदमाशों और पुलिस की टीम का सामना वृंदावन कट के अल्लेपुर के पास हुआ। इस गोलीबारी में छह बदमाश घायल हो गए, जिनमें से अधिकांश को अस्पताल में भर्ती किया गया है। पुलिस ने इनसे लूटे गए ?3 लाख 13 हजार रुपये, 6 तमंचे और लूट में इस्तेमाल की गई 3 मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। मथुरा में बीती रात पुलिस और बदमाशों के बीच जबरदस्त मुठभेड़ हुई, जिसमें छह बदमाश घायल हो गए। पुलिस और बदमाशों के बीच ताबड़तोड़ फायरिंग हुई, जिसके बाद पुलिस ने इन बदमाशों को अस्पताल में भर्ती करवा दिया। उनकी हालत अब खतरे से बाहर बताई जा रही है।

# पत्रकारों संगठन की मासिक बैठक के साथ होली और ईद मिलन समारोह का आयोजन

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

उत्तर प्रदेश रामपुर शाहबाद। नगर में शाहबाद पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन (रजि.) की मासिक बैठक के साथ होली और ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें संगठन से जुड़े नगर और ग्रामीण क्षेत्रों के पत्रकारों ने शिरकत की और एक दूसरे को गले मिलकर होली और ईद की शुभकामनाएं दी। इस दौरान अध्यक्ष आफताब ने



बताया कि हमारे हिंदू मुस्लिम ईद होली एवं अन्य त्योहार भाईचारे के साथ मनाते हैं। इसलिए आज संगठन के द्वारा हमारे कोषाध्यक्ष मुस्तफा अली सैफी के यहां आवास पर होली व ईद मिलन समारोह आयोजित किया गया। यहां सभी पत्रकार साथियों ने एक दूसरे के गले मिलकर ईद और नवरात्र की भी शुभकामनाएं दीं।

इस दौरान संस्थापक अंकित गुप्ता, महासचिव सिफत मियां, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एहसान खां, उपाध्यक्ष राजीव भटनागर, उपाध्यक्ष शराफत हुसैन, प्रवक्ता शाहनवाज अली, कनिष्ठ उपाध्यक्ष आकाश शंकर, विधिक सलाहकार अभिषेक शर्मा, संगठन मंत्री विनोद गुप्ता, कोषाध्यक्ष मुस्तफा अली, नेहा गुप्ता,सचिव शावेज छोटे, सचिव वीरेंद्र सिंह, इरफान मलिक, धर्मेंद्र सागर,जहीर खा आदि रहे।

# खनन माफिया ने एसडीएम और पुलिस टीम को ट्रक से कुचलने की कोशिश, बैरिकेड तोड़कर निकल गए; मुकदमा दर्ज

मथुरा के नौहझील में गिट्टी लदे ट्रकों को रोकने का इशारा करने पर एसडीएम, खनन निरीक्षक और पुलिस टीम को जान से मारने की नीयत से ट्रक से कुचलने की कोशिश की गई। नौहझील थाना क्षेत्र की छिनपारई और कोलाहार चौकी के पास ये घटनाएं शनिवार रात हुईं। कोलाहार चौकी के पुलिस की बैरिकेड को तोड़कर ट्रक अलीगढ़ जिले की सीमा में चले गए। इस मामले में खनन निरीक्षक की तहरीर पर 5 ट्रक, 3 कार चालकों व 2 अज्ञात लोगों के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया है। खनन इंस्पेक्टर अक्षय कुमार ने अपनी तहरीर में बताया कि शनिवार (29 मार्च) की रात 12 बजे वे एसडीएम मांट अभिनव जे जैन के साथ नौहझील क्षेत्र की छिनपारई चौकी के पास चेकिंग कर रहे थे। गिट्टी से भरे 2 ट्रकों को रोकने का इशारा करने पर चालकों ने जान से मारने की नीयत से ट्रक चढ़ाने की कोशिश की। आगे कोलाहर चौकी प्रभारी संजय कुमार ने बैरिकेड लगाकर ट्रकों को रोकने की कोशिश की तो पुलिस कर्मियों पर ट्रक चढ़ाने की कोशिश की गई। यहां ट्रक बैरिकेड तोड़कर अलीगढ़ की तरफ भाग निकले। सुबह साढ़े 4 बजे नौहझील बस स्टैंड के पास व छिनपारई के पास से दो ट्रकों को नौहझील पुलिस को सौंपा गया। इस दौरान छिनपारई के पास भी ट्रक चढ़ाने की कोशिश हुई। इस दौरान 3 कारें (लोकेटर व सूचना देने वालों की) आगे पीछे चल रहीं थी। डीएम चंद्रप्रकाश सिंह का कहना है कि जिले में अवैध खनन नहीं होने देंगे। घटना की जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे उसी के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# यमुना एक्सप्रेसवे से वृंदावन तक नया बाईपास, शासन से मिल गई मंजूरी

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

मथुरा। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद ने हाईवे और एक्सप्रेस-वे को जोड़ने वाले वृंदावन बाईपास को बनाने की योजना बनाई थी। यह बाईपास जैंत से शुरू होकर रामताल होते हुए वृंदावन बाईपास यमुनापार से होकर यमुना एक्सप्रेस-वे के किलोमीटर संख्या 101 पर जुड़ेगा। 15 किलोमीटर लंबा यह मार्ग सिक्सलेन होगा। इसका निर्माण राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा किया जाएगा। इस योजना का रोडमैप तैयार कर



शासन को भेजा गया था। इस पर वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन सोमवार को 1645.72 करोड़ रुपये शासन से मंजूरी मिल गई। बाईपास निर्माण के साथ-साथ फुटपाथों को सौंदर्यीकरण भी कराया जाएगा। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के सीईओ एसबी सिंह ने बताया कि प्रस्तावित योजना पर शासन से मंजूरी मिल गई है। वृंदावन बाईपास के बनने से देशभर से वृंदावन आने वाले श्रद्धालुओं को जाम से नहीं गुजरना होगा। दिल्ली, आगरा, नोएडा, बरेली से मथुरा शहर में प्रवेश किए श्रद्धालु सीधे वृंदावन पहुंच सकेंगे। इस तरह यह वृंदावन बाईपास हाफ रिंग रोड का काम करेगा। सीईओ ने बताया कि सरकार की मथुरा-वृंदावन को पर्यटन हब के रूप में विकसित करने की मंशा है।

इस के तहत शासन द्वारा कनेक्टिविटी पर ध्यान दिया जा रहा है। इससे मथुरा-वृंदावन आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में इजाफा होगा।

# मथुरा की नरी सेमरी में देवी मां की लट्ठों से होती है पूजा

मथुरा। चैत्र शुक्ल पक्ष नवरात्र में नरी सेमरी मंदिर में देवी की पूजा लट्ठों से की जाती है। यह आयोजन 6 अप्रैल को नवमी के दिन होगा। छाता क्षेत्र के गांव नरी सेमरी स्थित मंदिर में विराजमान देवी मां की लट्ठ पूजा यदुवंशी समाज के लोग करते हैं। इस बार लट्ठ पूजा चैत्र मास के शुक्ल पक्ष नवमी यानि 6 अप्रैल को होगी। मान्यता है कि आगरा का ध्यानू (धांधू) भगत नगर कोट कांगड़ा (हिमाचल प्रदेश) वाली देवी मां का भक्त थे। पूजा से प्रसन्न होने पर मां ने उनसे वरदान मांगने को कहा। भगत ने मां से आगरा चलने का वर मांगा। देवी मां आगरा जाने के लिए राजी हो गईं, लेकिन शर्त रखी कि अगर भगत ने रास्ते में पीछे मुड़कर नहीं देखेंगे। नगर कोट से देवी माता भगत के पीछे आगरा के लिए चल दीं। ब्रज क्षेत्र में आकर भगत को आशंका हुई तो उन्होंने पीछे मुड़कर देखा। ऐसा करते ही देवी मां वहीं विराजमान हो गईं। यह स्थान छाता के गांव नरी सेमरी था। उस समय यहां घना जंगल था। क्षमा याचना के बाद भी मां दर्शन नहीं दिए। मंदिर के पुजारी सत्यपाल व गुपाल ने बताया कि चैत्र शुक्ल पक्ष नवमी यानि 6 अप्रैल को देवी मां की लट्ठ पूजा होगी। लट्ठ पूजा के लिए जादौंन यदुवंशी समाज के नरी, सांखी, अलवाई, रहेड़ा आदि गांवों के भक्त लाठी, फरसा, बल्लभ लेकर डीजे बाजे से मेला प्रांगण में प्रदर्शन करते हुए देवी के भवन पहुंचेंगे और लट्ठ पूजा करेंगे।

# छात्राओं को गलत तरीके से छूने के आरोप में शिक्षक निलंबित

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

मथुरा। विकासखंड मथुरा के एक उच्च प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत शिक्षक को बीएसए सुनील दत्त ने छात्राओं को गलत तरीके से छूने के आरोप में निलंबित कर दिया है। स्कूल की छात्राओं का एक वीडियो भी वायरल हो रहा है, जिसमें वे शिक्षक पर इस तरह के आरोप लगा रही हैं बीएसए ने बताया कि उन्हें बीते दिनों एक वीडियो मिला, जिसमें छात्राओं ने शिक्षक पर गलत तरह से उन्हें छूने, गले लगाने का प्रयास और



अश्लील शब्दों का प्रयोग करने की बात कही। छात्राएं लंबे समय से शिक्षक का विरोध कर रही थीं। ग्रामीणों ने भी बीएसए से शिकायत की थी। इसके आधार पर शिक्षक को निलंबित कर दिया और खंड शिक्षाधिकारी कार्यालय, मथुरा में संबद्ध किया है। मामले की जांच के लिए बीईओ गोवर्धन और बीईओ मुख्यालय मथुरा को जांच अधिकारी नामित किया है। 15 दिन में जांच सौंपने के दिए हैं।

# विधायक ने चार करोड़ इक्तालिस लाख की 51 परियोजनाओं का किया लोकार्पण

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

महसी बहराइच। मंगलवार दोपहर ब्लाक मुख्यालय परिसर में क्षेत्र पंचायत की बैठक आहूत की गई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक महसी सुरेश्वर सिंह ने क्षेत्र पंचायत द्वारा कराए गए विकास कार्यों की समीक्षा की व राज्य व केंद्रीय वित्त द्वारा कराए गए कार्यों का लोकार्पण किया। क्षेत्र पंचायत महसी की बैठक मंगलवार दोपहर प्रमुख महसी श्रीमती कृष्णा देवी की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें मुख्य अतिथि विधायक महसी सुरेश्वर सिंह रहे। खंड विकास अधिकारी व ब्लाक प्रमुख द्वारा मुख्य अतिथि का पुष्प गुच्छ व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में विधायक ने क्षेत्र



पंचायत महसी में राज्य वित्त व केंद्रीय वित्त से किए गए चार करोड़ इकतालीस लाख की लागत से निर्मित 51 परियोजनाओं का लोकार्पण किया। साथ ही 10 लाख की लागत से बने खंड विकास अधिकारी के नये कार्यालय का भी लोकार्पण किया। क्षेत्र पंचायत की बैठक में विभागवार अधिकारियों के द्वारा अपनी विभाग की उपलब्धियों के बारे में अवगत कराया गया एवं योजनाओ की पात्रता की जानकारी प्रदान की गई, विकास खण्ड में वित्तीय वर्ष 2024-25 में 415 प्रधानमंत्री आवास, 437 मुख्य मंत्री आवास, 2287 व्यक्तिगत शौचालय का निर्माण, 03 नए पंचायत भवनों का निर्माण, दो विद्यालयों का चयन पी0एम0 श्री योजना के अंतर्गत, सभी विद्यालयों में दो-दो टेबलेट देने का कार्य किया गया है। इस मौके पर अखंड प्रताप सिंह निदेशक गन्ना समिति, योगेस्वर सिंह, दिवाकर पांडेय, संजय त्रिवेदी मंडल अध्यक्ष महसी, शशिकांत त्रिपाठी, शिवकांत शुक्ला, धीरेन्द्र प्रताप सिंह बेटू, अखिलेश सिंह उपजिलाधिकारी महसी, हेमंत यादव खण्ड विकास अधिकारी महसी, प्रवीण श्रीवास्तव सहायक विकास अधिकारी (पंचायत), धर्मेंद्र शुक्ला, रामकुमार बाजपेई,रामललन बाजपेई, दिनेश सिंह डीके, विजय सिंह, विवेक सिंह, पिन्टु सिंह, अभिजीत मिश्रा, सुशील त्रिवेदी सहित क्षेत्र पंचायत सदस्य व प्रधानगण उपस्थित रहे।

# टीबी से ग्रसित मरीजों को गोद लेने वाले महादानियों को किया सम्मानित

## जिलाधिकारी व चिकित्साधिकारी ने प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**एनपीटी ब्यूरो**

चित्रकूट ब्यूरोः टीबी मुक्त कराए जाने के परिप्रेक्ष्य में आकांक्षा समिति एवं इण्डियन रेड क्रास सोसाइटी के तत्वाधान में टीबी ग्रसित मरीजों को गोद लेने वाले महादानियों को मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन व चिकित्सा अधिकारी डॉ तनुषा टीआर द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर रेडक्रास सोसाइटी के सचिव केशव शिवहरे ने कहा कि जनपद चित्रकूट को टीबी मुक्त कराए जाने के अभियान को सशक्त रूप से सफल क्रियान्वयन करने की दिशा में आकांक्षा समिति की अध्यक्ष डा. तनुषा टी आर (एम डी) के आह्वान पर जिला अस्पताल सहित कई विभाग के अधिकारियों व कमचारियों ने टीबी मरीजों को गोद लिया साथ ही कुछ लोगों ने अंशदान के रूप में सहयोग राशि दिया है ऐसे सभी शेषदानदाताओं को सम्मानित किया गया।

आकांक्षा समिति की अध्यक्ष डा. तनुषा टी आर ने कहा कि क्षय रोगियों की मदद करना यह एक महान कार्य है। टीबी रोग से ज्यादातर गरीब लोग ही ग्रसित होने के कारण ठीक से पौष्टिक आहार अपने खान पान में शामिल नहीं कर पाते जिसके कारण कुपोषण के भी शिकार हो जाते हैं। आकांक्षा समिति एवं रेड क्रास सोसाइटी की ओर से लगातार 6 माह तक दिए जाने वाले पोषण किट से शारीरिक रूप से स्वस्थ होंगे।

सभागार में मौजूद सभी दानियों को प्रशस्ति पत्र देते हुए जिलाधिकारी षिवषरणप्पा जीएन ने कहा कि इस पुनीत कार्य में जिन्होंने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया वे सभी बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि इस अभियान में समाजसेवी संस्था इंटरनेशनल पायनियर्स क्लब ने भी 07 लाभार्थियों को गोद लेकर सराहनीय कार्य किया है। जनपद में वर्तमान में 1758 क्षय रोगी उपचार ले रहे हैं जो शीघ्र ही ठीक होंगे। आकांक्षा समिति एवं रेड क्रास सोसाइटी द्वारा चलाए जा रहे टीबी हारेगा-चित्रकूट जीतेगा अभियान में सहयोग देकर चित्रकूट को टीबी मुक्त कराए जाने में अपना योगदान दें। इस मौके पर जिला अस्पताल, डीपीआरओ, समाज कल्याण विभाग, सीडीओ कार्यालय, अर्थ एवं संख्या अधिकारी कार्यालय व जिलाधिकारी कैम्प कार्यालय के सम्बंधित अधिकारी कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र दिया गया। इस अवसर पर परियोजना निदेशक डीआरडीए सच्चिदानंद प्रसाद, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, डीसी एनआरएलएम ओमप्रकाश मिश्र, डीपीआरओ इंद्र नारायण सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी राजदीप वर्मा सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# प्रथम पैरा लॉन्ग बॉल राष्ट्रीय चैंपियनशिप मे तीसरा स्थान

**एनपीटी ब्यूरो ललितपुर**



ललितपुर। बुंदेलखंड माटी की वीरांगना बेबी राजपूत पत्नी शैलेन्द्र सिंह राजपूत निवासी नेहरू नगर ने जनपदवासियों को गौरवान्वित कर दिया। बेबी राजपूत ने प्रथम पैरा लॉन्ग बॉल राष्ट्रीय चौंपियनशिप मे तीसरा स्थान प्राप्त कर ब्रोंज मैडल जीता। ये चौंपियनशिप 28 से 29 मार्च 2025 को स्थान युमना स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स न्यू दिल्ली मे हुई थी। बताया गया है कि बेबी राजपूत के पति शैलेन्द्र सिंह राजपूत ने भी जनपद स्तर का राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन किया। इनने व्हीलचेयर बास्केटबॉल व्हीलचेयर लॉन्ग टेनिस व्हीलचेयर क्रिकेट में प्रतिभाग कर जीत हांसिल कर अपना लोहा मनवाया है। इन्होंने जनपद, प्रदेश व देश का नाम रोशन किया। कोच शैलेन्द्र सिंह राजपूत ने बताया आगे आने वाली चौंपियनशिप मे बेबी राजपूत से गोल्ड मैडल की उम्मीद रहेगी और साथ मे लॉन्ग बॉल की अंतरराष्ट्रीय चौंपियनशिप में भी देश के लिए गोल्ड मैडल जीत कर देश का नाम रोशन करेंगी कि बेबी राजपूत के उज्वल भविष्य की कामना करते हैं।

# फसल के अवशेष जलाने पर देना होगा 30 हजार रुपए का जुमार्ना

**एनपीटी ब्यूरो ललितपुर**

ललितपुर। फसल अवशेष जलाने पर किसानों को जुमार्ना अदा करना होगा। शासन के आदेश पर जुमार्ना की राशि तय कर दी गयी है। फसल अवशेष जलाने से एक और जहां खेत में मौजूद मित्र कीट जलकर नष्ट हो जाते है। वही खेती की उपजाऊ क्षमता पर भी इसका बुरा असर पडता है। अब किसानों को फसल अवशेष जलाने पर जुमार्ना देना होगा। इसके लिए एकड के हिसाब से जुमार्ना की अलग अलग राशि तय कर दी गयी है। इन दिनों किसान गेंहूं की कटाई में जुटे हुए है। फसल काटने के बाद जायद की बुआई के लिए किसान खेत की झाडियां व डण्ठलों की सफाई कर उनमें आग लगाते है। फसल अवशेष जलाने से पर्यावरण को भारी नुकसान होता है। जानकारों की माने तो एक टन फसल अवशेष जलाने पर 60 किलो मोनो आक्साइड 1460 किग्रा कार्बनडाइड आक्साइड 199 किग्रा राख, 2 किग्रा सल्फरडाई आक्साइड, 5.5 किग्रा ग्रा नाइट्रोजन 2.3 किग्रा फास्फोरस और 25 किग्रा पोटास पैदा होता है।

इसे जलाने पर 400 किग्रा कार्वन खर्च होता है। इन रासायनिक कियाओं से पर्यावरण को बहुत तेजी से नुकसान पहुंचता है। फसल अवशेष जलाने से उनके जड तना पत्तियां से सचित लाभदायक पोषक तत्व नष्ट हो जाते है। वही लाभदायक मित्र कीट भी जल कर नष्ट हो जाते है। जिस कारण मृदा व उत्पादन पर विपरीत प्रभाव पडता है। शासनादेश के तहत 2 एकड से कम क्षेत्र मे फसल अवशेष जलाने पर 5 हजार 5 एकड तक 10 हजार व 5 एकड से अधिक क्षेत्र पर 30 हजार तक जुमार्ना देना होगा। यही नही ऐसे किसानों को कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं का लाभ देने में भी वंचित किया जा सकता है। बिडम्बना की बात तो यह है कि बीते साल नबम्बर में फसल अवशेष की जुमार्ना राशि दोगुनी करने के बाद भी किसानों ने फसलों के डण्ठलो में खूब आग लगायी है।

## संक्षिप्त समाचार

### २अज्ञात वाहन की टक्कर से वृद्धा घायल

**एनपीटी ब्यूरो ललितपुर**

ललितपुर। बिरधा हाई-वे किनारे स्थित ग्राम भैंसाई पोस्ट घटवार में रहने वाले विशाल नायक पुत्र मुकेश ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि विगत 24 मार्च को उसकी दादी ताराबाई पत्नी स्व. प्रेमनारायण अपने खेत से घर की ओर आ रही थी। तभी चार पहिया वाहन के चालक ने तेजी व लापरवाही से गाड़ी चलाते हुये उन्हें टक्कर मार दी और भाग गया। घायलावस्था में पड़ी उसकी दादी को राहगीरों की मदद से उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां हालत नाजुक होने पर उन्हें झांसी मेडीकल कॉलेज रेफर किया गया, जहां वह उपचाररत हैं। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (बी) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### घर में घुसकर युवती से छेड़छाड़ करने का मामला दर्ज

**एनपीटी ब्यूरो ललितपुर**

ललितपुर। थाना बानपुर अंतर्गत रहने वाले एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 28 मार्च की रात करीब 8 बजे उसकी पुत्री घर में अकेली थी। तभी गांव में रहने वाले नीरज पुत्र पप्पू ढीमर ने मौका पाकर घर में घुसकर उसकी पुत्री को गलत नीयत से पकड़ लिया और छेड़छाड़ करने लगा। पुत्री के चिल्लाने पर उसकी चाची मौके पर पहुंची, तो उक्त दबंग गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग निकला। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त युवक के खिलाफ बीएनएस की धारा 333, 74, 352 व 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### संचारी रोग व दस्तक अभियान को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

चित्रकूट ब्यूरोः विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के प्रथम चरण का आयोजन एक अप्रैल से 30 अप्रैल एवं दस्तक अभियान 10 से 30 अप्रैल तक किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ मंगलवार को जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्रा, पूर्व राज्य मंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय, नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता, अध्यक्ष कापरेटिव बैंक पंकज अग्रवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा चंद्र प्रकाश खरे, ब्लाक प्रमुख पहाड़ी सुशील द्विवेदी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी द्वारा सफाई कर्मियों स्वास्थ्य कर्मियों, सफाई वाहनों आदि की रैली को नगर पालिका कार्यालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली से पूर्व उपस्थित समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों को संचारी रोगों के रोकथाम व बचाव हेतु जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने शपथ दिलायी, सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी द्वारा बताया गया कि संचारी रोगों की रोकथाम हेतु समस्त संबंधित विभागों द्वारा आपसी समन्वय स्थापित करते हुए कीटनाशक दवाओ का छिडकाव, नालियों की सफाई, झाडियों की कटाई, पशुपालकों का संवेदीकरण आदि कार्य किया जायेगा। अभियान के सफल संचालन हेतु समस्त ब्लाकों व शहरी क्षेत्र में नोडल अधिकारी नियुक्त कर दिए गए हैं। मॉनिटरिंग एजेंसियों, डब्लूएचओ व यूनीसेफ द्वारा अभियान की गुणवत्ता सुधारने हेतु सहयोगात्मक कार्य किया जायेगा। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ जीआर रतमेले ने बताया दस्तक अभियान दिनांक 10 अप्रैल से 30 अप्रैल 2025 तक चलाया जायेगा जिसके अन्तर्गत आशा व आंगनबाडी कार्यकत्रियों द्वारा घर-घर भ्रमण कर व भ्रमण के दौरान क्षय रोग के लक्षणयुक्त व्यक्तियों, कुपोषित बच्चों आदि की जानकारियां एकत्र करेंगी साथ ही घर के प्रत्येक सदस्यो की आभा आईडी बनाने का कार्य भी किया जायेगा। जिला मलेरिया अधिकारी लाल साहब सिंह द्वारा बताया गया कि शहरी क्षेत्र में मलेरिया टीम को पूरे अभियान के दौरान प्रचार-प्रसार, एण्टीलार्वा स्प्रे व सोर्स रिडक्शन हेतु लगा दिया गया है। इस मौके पर ईओ लालजी यादव, समस्त अपर उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, प्रधान सहायक दिनेश दुबे, डीपीएम आरके करवरिया, सहायक मलेरिया अधिकारी आरके सिंह, वरिष्ठ मलेरिया निरीक्षक रोहित व्यास, मलेरिया निरीक्षक ज्योति सिंह, प्रगति चंदेल, जयशंकर गुप्ता. एसएमओ डब्लूएचओ डॉ श्याम जाटव व अन्य सहयोगी विभागों के अधिकारी, कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

# राज्यमंत्री-विधायक सदर ने विद्युत अफसरों के साथ की बैठक

**एनपीटी ब्यूरो ललितपुर**

ललितपुर। राज्मंत्री मनोहरलाल पंथ व सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने बिजली विभाग के अफसरों के साथ बैठक की अधिकारियों ने विद्युत सप्लाई दुरूस्त होने का दावा किया। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि पहले ग्रामीण क्षेत्रों की बिजली ठीक कराएं ताकि वहां के लोग रात में चैन की नींद सो सके शहरी व ग्रामीण क्षेत्रो में बार बार होने वाली कटौती मे कमी लाने ट्रांस फार्मरों के खराब होने पर तत्कालिक व्यवस्था कराने आदि कार्यों की समीक्षा राज्यमंत्री मनोहरलाल पंथ या सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने की। राज्यमंत्री मनोहरलाल पंथ ने ग्रामीण क्षेत्रो में सब स्टेशनों और गांवो में लगाए गए ट्रांसफार्मरों की प्रगति जानी। अधिक्षण अभियंता राजीव कालरा ने ट्रांसफार्मरो की होने वाली क्षमता वृद्धि संबन्धी कार्यों और क्षेत्रो में बदली गयी केबल की जानकारी दी। राज्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लोग रात में चैन की नीदं सो सके। इसके लिए रात में कटौती न की जाए। यदि कटौती किसी कारण होती है। तो रात में 11 से 12 बजे तक ही की जाए। मडावरा, महरौनी, पाली और सौजना में अतिरिक्त मोवाइल ट्रांसफर्मर ट्राली रखवाई जाए। ताकि ओवरलोड व अन्य कारणों से ट्रांसफार्मर में खराबी आने से व्यवस्थाएं सुचारू की जा सके। बैठक में सांसद प्रतिनिधि मिथलेश त्रिवेदी, सोनू चौबे,, अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण प्रथम गोविन्द जायसवाल, अधिशासी अधियंता द्वितीय, राहुल सिंह उपखंड अधिकारी प्रथम, पुष्पेन्द्र कुमार उपखंड अधिशासी संजय सागर आदि मौजूद रहे।

# रजिस्टर मैंटेन करने की कहने पर इंजीनियर से मारपीट

**एनपीटी ब्यूरो ललितपुर**

ललितपुर। उत्तर प्रदेश के जिला संत रविदास नगर व हाल जाखलौन निवासी अस्वनी पाठक पुत्र मनोज पाठक ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि वह जल जीवन मिशन की कार्यदायी संस्था सुधाकरा इन्फ्राटेक प्रा.लि. में इंजीनियर पद पर कार्यरत है। बताया कि बीती 29 मार्च को अपराह्न करीब 3 बजे जब वह बिरधा में पानी की टंकी पर काम चल रहा था, तभी टंकी ऑपरेटर ग्राम रमेशपुरा पोस्ट रजवान निवासी अनिल कुमार पुत्र रघुवीर सिंह को रजिस्टर मैंटेन नहीं कर रहा था, तब उसने रजिस्टर रोज मैंटेंन न करने की बात कही तो अनिल ने आवेश में आकर उसके साथ गालियां दीं।

आरोप है कि अनिल ने देवेन्द्र कुमार, राज व तीन-चार अज्ञात लोगों को लेकर आया और उसके साथ लात-घूसों व लाठियों से मारपीट कर दी, जिससे उसके शरीर में नाक, हाथ व कूल्हे के अलावा कई जगहों पर चोटें आयीं।

बताया कि मारपीट के दौरान उसका मोबाइल फोन, एयरफोन व स्मार्ट घड़ी कहीं गिर गये, जिससे वह काफी परेशान है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 191 (2), 352, 115 (2) व 351 (3) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# ब्लाक स्तरीय स्कूल चलो अभियान का हुआ शुभारंभ

चित्रकूट ब्यूरोः ब्लॉक स्तरीय स्कूल चलो अभियान और संचारी रोग अभियान का शुभारंभ उच्च प्राथमिक विद्यालय व प्राथमिक विद्यालय अहिरी से किया गया। रैली का उद्घाटन खण्ड शिक्षा अधिकारी मऊ कृष्ण दत्त पांडेय ने किया। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष आलोक गर्ग, ग्राम पंचायत अहिरी के ग्राम प्रधान रामचरण यूपीएस और प्राथमिक विद्यालय अहिरी के समस्त स्टाफ तथा बीआरसी के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे। खंड शिक्षा अधिकारी मऊ ने अपने संबोधन में स्वच्छता से संबंधित जानकारी प्रदान की और मच्छरों के माध्यम से फैलने वाले रोग के बारे में, उनसे बचाव और रोकथाम के संबंधित जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज ब्लॉक मऊ के समस्त परिषदीय विद्यालयों में विद्यालय स्तर पर संचारी रोग से संबंधित जागरूकता रैली भी निकाली जा रही है ताकि बच्चों के माध्यम से जन समुदाय भी जागरूक बने। इसके उपरांत इन सभी गणमान्य अतिथियों का प्रधानाध्यापक शारदेंदु शुक्ला के साथ विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष भवानीदीन ने विद्यालय में स्वागत किया। बच्चों के इस वार्षिक उत्सव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अमित द्विवेदी अध्यक्ष नगर पंचायत मऊ रहे। खंड शिक्षा अधिकारी मऊ एवं अध्यक्ष नगर पंचायत मऊ के द्वारा मेधावी बच्चों को पुरस्कृत किया गया। बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम देखने के उपरांत नवीन सत्र में दाखिला लेने वाले बच्चों को पुस्तकें भी वितरित की।

# कर्मचारियों ने बाइक रैली निकालकर जताया विरोध

चित्रकूट ब्यूरोः उत्तर प्रदेश के 15 लाख शिक्षक कर्मचारियों सहित देश के लगभग एक करोड़ शिक्षकों, कर्मचारियों, अधिकारियों व अर्धसैनिक बलों को मिलने वाली सामाजिक सुरक्षा पुरानी पेंशन व्यवस्था को समाप्त कर शोषणकारी व विभेदकारी नई पेंशन व्यवस्था तथा एकीकृत पेंशन व्यवस्था लागू कर दी गई है, जो न तो शिक्षक, कर्मचारियों अधिकारियों के हित में है और न ही प्रदेश व देश के हित में है। अब तो इसके दुष्परिणाम भी सामने आने लगे हैं। एनपीएस के तहत सेवानिवृत होने वाले शिक्षकों, कर्मचारियों, अधिकारियों को रुपए 700 तो किसी को 2625, 4500, 4744 पेंशन प्राप्त हो रही है। वहीं यूपीएस में शिक्षक, कर्मचारियों व अधिकारियों के द्वारा अपनी पूरी नौकरी के दौरान वेतन से की गई कटौती भी पूरी वापस नहीं की जाएगी। यूपीएस में भी एनपीएस की तरह अनेकों विसंगतियां हैं, इन विसंगति पूर्ण पेंशन योजनाओं से बुढ़ापे में जीवन यापन करने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। देश की सुरक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले अर्धसैनिक बलों को भी पुरानी पेंशन व्यवस्था से वंचित कर दिया गया है। देश भर के के शिक्षकों, कर्मचारियों व अधिकारियों का सबसे बड़ी ज्वलंत समस्या पुरानी पेंशन की बहाली है। जिसकी बहाली हेतु अटेवा के बैनर तले पूरे देश में पुरानी पेंशन बहाल न किए जाने पर मंगलवार को समस्त शिक्षक, कर्मचारी, ट्रैड यूनियन, फेडरैशन संघ, महासंघ द्वारा काला दिवस, आक्रोश मार्च व विरोध दिवस मनाया गया। जिसमें शिक्षकों, कर्मचारियों व अधिकारियों में एकजुटता तथा जबरजस्त उत्साह देखने को मिला। सभी कर्मचारियों ने मिलकर काली पट्टी बांधकर विरोध जताते हुये बीएसए कार्यालय के पास से जिलाधिकारी कार्यालय तक बाइक रैली निकाली। इसके बाद जिलाधिकारी षिवषरणप्पा जीएन के माध्यम से प्रधानमंत्री को पुरानी पेंशन बहाल किए जाने हेतु ज्ञापन सौंपा गया। साथ ही एक मई को दिल्ली के जंतर-मंतर मे देश के कोने-कोने से पहुँचकर पुरानी पेंशन के लिए हुंकार भरी जाएगी।

# हीट वेव से बचाव की कार्य योजना तैयार कर एक सप्ताह के अंदर कराएं सुनिश्चित

चित्रकूट ब्यूरोः जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने इस वर्ष लू-प्रकोप से बचाव एवं राहत कार्य सुनिश्चित किए जाने हेतु तथा हीट वेब से होने वाले नुकसान व बचाव राहत कार्य को समय समय मॉनिटर किये जाने हेतु संबंधित विभागों के विभागाध्यक्षों को नोडल अधिकारी नामित करते हुए विभागवार अपनी-अपनी एसओपी तैयार करते हुए हीट वेव से बचाव की कार्य योजना तैयार कर शासन को उपलब्ध कराया जाना प्रस्तावित है। जनपद स्तर, तहसील स्तर व ब्लाक स्तर पर नोडल अधिकारी नामित किया जाता है, अपर जिलाधिकारी नोडल अधिकारी जनपद स्तर से, समस्त उपजिलाधिकारी कर्वी ,मऊ, राजापुर, मानिकपुर नोडल अधिकारी तहसील स्तर, समस्त खण्ड विकास अधिकारी कर्वी, मऊ, पहाड़ी, रामनगर, मानिकपुर नोडल अधिकारी ब्लाक स्तर पर उक्त के दृष्टिगत जनपद चित्रकूट में लू-प्रकोप से बचाव एवं राहत कार्य हेतु विभागवार निम्न कार्य आपेक्षित है। जिसमें स्वास्थ्य विभाग, चित्रकूट जन जागरूकता के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाना एवं ग्रामीण स्तर के कार्यकताओं को अलर्ट जारी करना हीट वेव के सम्बन्ध में, सन स्ट्रोक से बचाव के लिए जन सूचना जारी करने के साथ-साथ आपातकालीन स्थिति के लिए अतिरिक्त कर्मचारियों को तैनात करना है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं जिला अस्पताल पर आवश्यक दवाईयां उपलब्ध हों तथा स्वास्थ्य केंद्रों को हीट-वेव से किसी भी प्रकार की घटना होने पर 24 घंटे क्रियाशील रहने हेतु निर्देशित किया जाये। डीएम ने समस्त ऑगनवाडी केन्द्रों पर ओआरएस पैकेट की समुचित व्यवस्था कराए जाने के निर्देश मुख्य चिकित्सा अधिकारी तथा मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को दिए।

# शैक्षिक प्रगति के लिए विनीता वर्मा का योगदान अविस्मरणीय-प्रधानाचार्या को अध्यापिकाओं ने दी भावभीनी विदाई

**एनपीटी ब्यूरो**

चित्रकूट, ब्यूरोः शहर के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या विनीता वर्मा 30 वर्ष की शानदार व संतोषजनक सेवा करने के उपरांत 31 मार्च को सेवानिवृत्ति होने पर विद्यालय की समस्त अध्यापिकाओं ने भावभीनी विदाई दी है।

प्रधानाचार्या विनीता वर्मा ने बताया कि उन्होंने अपनी नौकरी की शुरूआत 1989 में सेंट एंथोनी कांवेंट गर्ल्स इंटर कॉलेज प्रयागराज से की थी। इसके बाद 1995 में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज खरवाई प्रतापगढ़ में प्रवक्ता के रूप में अध्यापन कार्य किया। इसके उपरांत 23 सितंबर 1997 को उनका स्थानांतरण राजकीय बालिका इंटर कॉलेज चित्रकूट में हो गया तब से 31 मार्च 2025 तक सेवा करने का अवसर मिला।

उन्होंने बताया कि वह सदैव छात्राओं के हित में समर्पित भाव से शिक्षण कार्य करती रही। प्रधानाचार्या विनीता वर्मा ने अपना चार्ज शशिकला को सौंप दिया। इस दौरान शशिकला ने बताया कि प्रधानाचार्य विनीता हमेशा विद्यालय के पठन-पाठन को बहुत ही गंभीरता से लेती थी और सभी कक्षाओं में जाकर मानवीय जीवन के मूल्य को अवगत कराती थी।



साथ ही विद्यालय की शैक्षिक प्रगति के लिए उनका योगदान अविस्मरणीय है। प्रवक्ता नीलम जैन ने प्रधानाचार्या विनीता के शैक्षिक गुणवत्ता की दिशा में किए गए प्रयासों और उनके सरल व्यवहार की जबर्दस्त प्रशंसा की। इस दौरान प्रधानाचार्य विनीता वर्मा विद्यालय से विदाई लेते हुए समस्त छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को सफलता प्राप्त करने के लिए सम्पूर्ण परिश्रम की आवश्यकता होती है। विद्यार्थियों को अपने जीवन में अनुशासन को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अनुशासन ही सफल जीवन की कुंजी है। इस मौके पर अध्यापिका चंद्रभागा, रश्मि वाजपेई, गरिमा सिंह, प्रज्ञा, शोभा, रितु, राधा, स्तुति पांडेय, प्रियांशी गुप्ता, रंजना, शालिनी मौजूद रहीं।

# किशोरपुरा में महान क्रांतिकारी कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला की मनाई तृतीय पुण्यतिथि

## मूर्ति लगाने को लेकर भी किया विचार-विमर्श

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

झुंझुनूं। उदयपुरवाटी उपखंड क्षेत्र के किशोरपुरा के भैरुंजी मन्दिर के पास महान क्रांतिकारी गुर्जर आरक्षण आंदोलन के जनक स्व कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला की तृतीय पुण्यतिथि सर्व समाज के लोगों ने धूम धाम से मनाई। इस दौरान कर्नल बैंसला के फोटो चित्र पर श्रध्दा सुमन अर्पित कर भाव भीनी श्रद्धांजलि दी गई। सरपंच मोहन लाल सैनी तथा पूर्व सरपंच शिम्भूदयाल सैनी ने बैंसला को नमन करते हुए कहा कि ऐसे महापुरुष की मूर्ति हर गांव में लगनी चाहिए। पूर्व



सरपंच शीशराम खटाणा,बजरंग पहलवान पोंख, राजेश खटाणा किशोरपुरा सहित कई वक्ताओं ने बताया कि हमारे समाज में कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला ने संघर्ष एवं शिक्षा की अलख जगाई है। जिससे हमारे समाज में धीरे-धीरे शिक्षा ओर नोकरीयों का स्तर बढ़ रहा है।

इस अवसर पर भक्त बुदराम भोपा, पूर्व सरपंच शीशराम खटाणा,पूर्व सरपंच शिम्भूदयाल सैनी,सरपंच मोहन लाल सैनी,बजरंग पहलवान पोंख,शंकर भोपा,शीशराम रावत,राजेश खटाणा,सुमेर गुर्जर,वार्ड पंच महेंद्र खटाणा,लीला राम खटाणा,शीशराम खटाणा,मुकेश कुमावत,विक्रम दौराता,विकास सैनी,आनंद सिंघानिया,कैलाश खटाणा,बंटी सैनी,सुनील खटाणा,मुकेश धाबाई, जागेश्वर धाबाई,शीशराम खटाणा, मामराज खटाणा,कृष्ण सैन,भरत सैन,प्रताप बंजारा,सिंगर एसपी गुर्जर,मनोज सैनी,रोहन,दिनेश, संदीप कुमार सहित दर्जनों लोगों ने श्रध्दा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

# पेयजल व्यवस्था की प्रभावी मॉनिटरिंग एवं पेयजल सम्बन्धी शिकायतो के त्वरित निस्तारण हेतु स्थापित किया गया जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

खैरथल-तिजारा, एक अप्रैल। अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में विभिन्न विभागों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

अतिरिक्त जिला कलक्टर शिवपाल जाट ने संपर्क पोर्टल पर लंबित चल रहे परिवादों का समय पर निस्तारण कर आमजन को राहत पहुंचाने एवं एवरेज डिस्पोजल टाइम में सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने संपर्क पोर्टल पर विभागवार पेंडेंसी की समीक्षा करते हुए 30 दिवस से ऊपर लंबित परिवादों को निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागवार योजनाओं की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए

उन्होंने आगामी ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए बिजली एवं पानी की व्यवस्था को सुचारू रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिस पर पीएचईडी विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आगामी ग्रीष्म ऋतु में जिले की पेयजल व्यवस्था की प्रभावी मोनेटरिंग एवं पेयजल सम्बन्धी शिकायतो के त्वरित निस्तारण हेतु जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष (कन्ट्रोल रूम) कार्यालय अधिक्षण अभियन्ता, जन स्वास्थय अभियान्त्रिकी विभाग, वृत खैरथल में स्थापित किया गया है। जिसके दूरभाष नं. 01460-298735 है। आम नागरिक दूरभाष नंबर पर अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं तथा व्हाट्सएप नंबर 7374917525 पर भी लिखित शिकायत दर्ज करवा सकते हैं जिसका संबंधित अधिकारियों द्वारा निश्चित समय अवधि में समाधान किया जाएगा। नियंत्रण कक्ष 31 जुलाई तक सुचारू रूप से संचालित किया जाएगा।

अतिरिक्त जिला कलक्टर ने डीसीएमएचओ को निर्देशित किया कि मौसम में बदलाव को देखते हुए मौसमी बीमारियों के रोकथाम के लिए उपयुक्त उपाय सुनिश्चित करें। उन्होंने बीमारियों की रोकथाम की निरन्तर मॉनिटरिंग करते हुए अस्पतालों में सुविधाऐं बढाने, मरीजों को सरकारी योजनाओं का लाभ देने एवं नियमित रूप से जनता क्लीनिकों एवं चिकित्सा संस्थानों के निरीक्षण के निर्देश दिए। उन्होंने समाज कल्याण विभाग को पालनहार व पेंशन सत्यापन शत प्रतिशत पूर्ण करने, विद्युत निगम को विभागीय योजनाओं के अनुसार पात्र लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ बजट घोषणाओं सहित अन्य विकास कार्यों को तय समय में गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने बजट 2025-26 में की गई घोषणाओं को समयबद्ध धरातल पर उतारने के लिए संबंधित विभागों द्वारा की जा रही कार्यवाहियों की विभागवार समीक्षा कि।

बैठक के दौरान कोषाधिकारी सुरेश कुमार बंसल , कोऑपरेटिव वेद प्रकाश सैनी, उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी पूरणमल मीणा, बिजली विभाग, समाज कल्याण अधिकारी रमेश दहमीवाल, पीएचईडी, महिला एवं बाल विकास, पुलिस, राजीविका, बिजली, कृषि, वन, शिक्षा, सहित अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# उदयपुरवाटी में महिला को दाह संस्कार के लिए ले जाते समय रास्ते में मधुमक्खियों ने किया हमला

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

झुंझुनूं। कस्बे के उदयपुरवाटी कस्बे में मंगलवार को घूमचक्कर के पास ढाणी जगत सिंह वाली पर महिला की मौत के बाद दाह संस्कार के लिए ले जाते समय रास्ते में मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। शव यात्रा में शामिल लोगों ने बताया कि घर से कुछ ही दूरी पर पहुंचने के बाद रास्ते में सती मंदिर के नजदीक मधुमक्खियों ने अचानक हमला बोल दिया। मधुमक्खियों के हमले से दर्जनों लोग घायल हो गए। मधुमक्खियों के अचानक



हमले के बाद घायल लोगों को एंबुलेंस द्वारा अस्पताल पहुंचाया गया। राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर अनिमेष गुप्ता सहित डॉक्टरों की टीम व अस्पताल के कर्मचारियों ने घायल लोगों का तुरंत उपचार शुरू किया। राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर अनिमेष गुप्ता ने बताया कि मधुमक्खियां के हमले के बाद घायल लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है।

# अंबेडकर और फुले जयंती की तैयारियों को लेकर स्व बन्नाराम मीणा आदिवासी मीणा छात्रावास टोडी में बैठक 6 अप्रैल को

गुढ़ागौड़जी। कस्बे के उदयपुरवाटी स्टेट हाईवे टोडी स्थित बन्नाराम मीणा आदिवासी मीणा छात्रावास में बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर और महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती मनाने की अग्रिम तैयारियों को लेकर 6 अप्रैल को सुबह 11 बजे बैठक का आयोजन किया जाएगा। पूर्व सरपंच ख्यालीराम टोडी ने बताया कि बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर एवं महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती दिवस पर प्रभात फेरी सहित समारोह है कि आयोजन की तैयारी के लिए विचार विमर्श हेतु इस बैठक का आयोजन किया जाएगा।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. गिरिजा व्यास की हालत नाजुक, पूजा के समय लगी थी आग, 90 प्रतिशत झुलसीं

उदयपुर। आरती करते समय उनकी चुन्नी में आग लगने से वे 90 प्रतिशत तक झुलस गईं। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें अहमदाबाद के जायड्स अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है।

कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री और पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. गिरिजा व्यास उदयपुर में सोमवार को गणगौर पूजा के दौरान हादसे का शिकार हो गईं। गिरिजा व्यास हर रोज की तरह अपने आवास पर पूजा कर रही थीं। इस दौरान आरती करते समय उनकी चुन्नी में आग लग गई, जिससे वे गंभीर रूप से झुलस गईं। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें अहमदाबाद के जायड्स अस्पताल में रेफर किया गया, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है।

जानकारी के अनुसार गिरिजा व्यास 90 प्रतिशत तक झुलस चुकी हैं और उन्हें ब्रेन हेमरेज होने की भी सूचना मिल रही है। हालांकि ब्रेन हेमरेज की खबर की अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। उनके परिजनों और समर्थकों में चिंता का माहौल है और सभी उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना कर रहे हैं। डॉ. गिरिजा व्यास का राजनीतिक करियर काफी प्रभावशाली रहा है। वे चार बार सांसद रह चुकी हैं और कई अहम पदों पर कार्य कर चुकी हैं, जिनमें केंद्रीय मंत्री और राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्षता भी शामिल है। राजस्थान की राजनीति में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

डॉ. गिरिजा व्यास की हालत को लेकर राजनीतिक और सामाजिक स्तर पर चिंता जताई जा रही है। पूरे देश से उनके स्वस्थ होने की कामनाएं की जा रही हैं। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भी जायड्स में डॉक्टर्स से बात करते हुए डॉक्टर व्यास के स्वास्थ्य और इलाज के लिए आवश्यक निर्देश दिए हैं। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने इस संदर्भ में गुजरात के सीएम से भी बात की है।

# स्कूल में पढ़ाई घर में सीखी चित्रकारी, जिला कलेक्टर की पेंटिग बनाई तो लोगों के सामने आई प्रतिभा

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

खैरथल :खैरथल शहर मे एक स्कूली बच्ची ने राजस्थान दिवस सप्ताह समारोह में चित्रकारी का हुनर दिखाते हुए जिला कलेक्टर किशोर कुमार की पेंटिंग फोटो हुबहु बना दी जिसे देखकर जिला कलेक्टर एवं जिला अधिकारी भी तारीफ किए बगैर नही रह सके , यदि ऐसी प्रतिभवान बच्ची की कला को तराशा जाए तो समाज को जागृत करने के काम में ये बच्ची महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है. यह बच्ची गांव व शहरों की सड़कों पर चित्र बनाकर पर्यावरण संरक्षण व महिलाएं मुद्दों को लेकर समाज को जागृत कर सकती



है अन्य सामाजिक मुद्दों पर जागृति ला सकती है

राजकीय उ.मा.विद्यालय (कन्या) आनन्द नगर कालोनी की छात्रा गायत्री प्रजापत पुत्री संजय निवासी हनुमान पहाड़ी खैरथल की निवासी है छात्रा के पिता संजय ने बताया गायत्री को बचपन से ही चित्र बनाने का शौक है और धीरे-धीरे इसमे सुधार आता गया आज किसी भी दृश्य,चित्र को देखकर पेंटिंग बना देती है शहर के समाज सेवी रवि दासवानी एवं डीग्निटी आफ गर्लस चाइल्ड,राजस्थान के जिला कॉर्डिनेटर रविंद्र शर्मा ने गायत्री की प्रशंसा की और कहा छात्रा की कला देख लगता है इस क्षेत्र मे छात्रा बड़े मुकाम तक पहचेगी और खैरथल का नाम रोशन करेगी,प्रसाशन को इसके लिए उचित अवसर उपलब्ध कराने चाहिए

# दो समुदायों के बीच हिंसा, इज्जतनगर पुलिस ने दर्ज किया 67 पर मुकदमा, अब होगी कार्रवाई

**एनपीटी ब्यूरो**

बरेली। थाना इज्जतनगर क्षेत्र के मुडिया अहमदनगर में सोमवार रात दो समुदायों के बीच हिंसक झड़प हो गई। लाठी-डंडों और फायरिंग के बीच दोनों पक्षों से कुल नौ लोग घायल हो गए। हालात को काबू में करने के लिए पुलिस को मौके पर भारी बल तैनात करना पड़ा। इज्जतनगर पुलिस ने झगड़ा करने वाले दोनों समुदाय के 17 नामजद समेत 67 पर रिपोर्ट दर्ज की है।

इज्जतनगर क्षेत्र में दूसरे समुदाय की युवती पिछले साल सितंबर में अपने प्रेमी सुमित यादव के साथ चली गई थी। मामला पुलिस तक पहुंचा, लेकिन युवती ने सुमित के पक्ष में बयान दिया। बाद में वह अपने माता-पिता के साथ रहने लगी, लेकिन इस घटना से दोनों पक्षों में तनाव बना रहा। बीतीरात रात करीब 9 बजे एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष के घर पर हमला बोल दिया। लाठी-डंडों और ईंट-पत्थरों से मारपीट के साथ फायरिंग भी हुई। इसमें एक पक्ष के रफीक, सलमान और नावेद और दूसरे पक्ष के अनिल यादव, सुमित और तीन अन्य लोग घायल हो गए थे।

एक पक्ष के अनिल पुत्र नत्थू लाल, नेत्रपाल पुत्र राम विलास, सुमित पुत्र राजेश, आशुतोष पुत्र थान सिंह, पंकज पुत्र कल्लू, छोटे पुत्र थान सिंह, भूटानी उर्फ जसपाल पुत्र कस्तुरी समेत 20-25 अज्ञात लोग और दूसरे पक्ष के रफीक शाह पुत्र रसीद शाह, शफीक पुत्र रफीक शाह, इरशाद पुत्र रफीक शाह, वाजिद पुत्र रफीक, नावेद पुत्र इरफान, इरफान, चांद पुत्र रफीक, मुजाहिद पुत्र भोले शाह, छोटे पुत्र महमूद समेत 20-25 अज्ञात लोगों पर एफआईआर दर्ज हुई है।

# जयपुर का नारायण सिंह सर्किल बस स्टैंड बंद, जानें अब कहां से होगा रोडवेज बसों का संचालन

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

जयपुर । राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम ने यात्रियों की सुविधा और शहर में सुचारू यातायात व्यवस्था के लिए इस नई व्यवस्था को लागू किया गया है। इसके तहत अब दो नए बस स्टॉप से बसों का संचालन किया जाएगा।

राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम ने एक अप्रैल 2025 से नारायण सिंह सर्किल बस स्टैंड से बसों की बुकिंग और ठहराव पूरी तरह से बंद कर दिया है। अब जयपुर से विभिन्न मार्गों पर जाने वाली बसों के संचालन के लिए नई व्यवस्था लागू की गई है। नई व्यवस्था के बाद भी कोई बस अब भी नारायण सिंह सर्किल पर ठहरती है, तो उसका चालान काटा जाएगा।



जयपुर-दौसा मार्ग और जयपुर-दिल्ली (दौसा) एक्सप्रेस-वे की बसें अब ट्रांसपोर्ट नगर टनल के पास स्थित नए बस स्टैंड से संचालित होंगी। यहां यात्रियों की सुविधा के लिए 24 घंटे बुकिंग काउंटर, यात्री शेड, पंखे, लाइटिंग, मोबाइल चार्जिंग पॉइंट, वाटर कूलर, सुरक्षा गार्ड और शौचालय जैसी सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई हैं। वहीं, जयपुर-दिल्ली (कोटपुतली होते हुए) और जयपुर-अलवर मार्ग की बसें अब ट्रांसपोर्ट नगर ओवरब्रिज के पास बजरी मंडी बस स्टॉप से चलेंगी। यहां यात्रियों को आवश्यक सुविधाएं स्थानीय प्रशासन द्वारा मुहैया करवाई जाएंगी।

**नियम उल्लंघन पर कार्रवाई**

परिवहन निगम ने स्पष्ट किया है कि यदि कोई बस अब भी नारायण सिंह सर्किल पर ठहरती है, तो उसका चालान काटा जाएगा। यात्रियों की सुविधा और शहर में सुचारू यातायात व्यवस्था के लिए इस नई व्यवस्था को लागू किया गया है।

# सांसद रौत ने पूछा- जब धर्मांतरण जैसी घटना नहीं तो कानून की आवश्यकता क्यों? बिल का आधार बताए सरकार

जयपुर। राजस्थान सरकार द्वारा प्रस्तावित धर्मांतरण बिल को लेकर सांसद राजकुमार रौत ने सरकार से जनवरी 2025 से पहले दर्ज हुए मुकदमों की संख्या सार्वजनिक करने का आग्रह किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार के पास जबरन धर्मांतरण के कोई ठोस आंकड़े नहीं हैं।

राजस्थान सरकार द्वारा प्रस्तावित धर्मांतरण बिल को लेकर सांसद राजकुमार रौत ने कड़ा विरोध जताया है। उन्होंने सरकार से स्पष्ट रूप से यह पूछने की मांग की है कि इस बिल को लाने के पीछे उसका आधार क्या है? उन्होंने सरकार से यह भी आग्रह किया कि वह प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताएं कि राजस्थान में अब तक कितने धर्मांतरण के मामले दर्ज हुए हैं, जिसके चलते यह बिल लाया जा रहा है।

सांसद रौत ने दावा किया कि उनके पास उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, राजस्थान में जबरन धर्मांतरण का कोई भी मुकदमा दर्ज नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति ने ऐसा कोई मामला दर्ज नहीं कराया है, जिसमें यह बताया गया हो कि उसे जबरदस्ती धर्म बदलने के लिए मजबूर किया गया। उन्होंने सवाल किया कि जब इस तरह की कोई घटना सामने नहीं आई है तो फिर इस कानून की आवश्यकता क्यों पड़ी? उन्होंने इसे भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) का एक फामूर्ला करार दिया, जिसका उद्देश्य मुसलमानों, आदिवासियों और पिछड़े समुदाय के लोगों के बीच वैमनस्य पैदा करना है।

**बिना आंकड़ों के बिल लाने पर सवाल-** सांसद रौत ने कहा कि सरकार ने आनन-फानन में कैबिनेट में यह बिल प्रस्तुत कर दिया है, जबकि कोई ठोस आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी बिल को तब लाया जाता है, जब संबंधित घटनाएं प्रदेश में हो रही हों, लेकिन यहां तो कोई मामला दर्ज ही नहीं है। इसके बावजूद सरकार ने बिल पेश कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि अब जबरदस्ती ट्राइबल बेल्ट में धर्मांतरण के मुकदमे दर्ज कराए जा रहे हैं, ताकि सरकार अपनी नीतियों को सही ठहरा सके।

**पैलेस में होंगे रस्म अदायगी के कार्यक्रम-** सांसद ने सरकार से यह भी पूछा कि जिस दिन यह धर्मांतरण कानून कैबिनेट में लाया गया, उस दिन से दस साल पहले तक कितने ऐसे मुकदमे दर्ज हुए थे? उन्होंने मांग की कि सरकार जनवरी 2025 से पहले दर्ज हुए मुकदमों की संख्या सार्वजनिक करे। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार के पास जबरन धर्मांतरण के कोई ठोस आंकड़े नहीं हैं, इसलिए वह ट्राइबल बेल्ट में अधिकारियों पर दबाव बना रही है, ताकि जबरदस्ती धर्मांतरण के मुकदमे दर्ज कराए जाएं और एक कृत्रिम आंकड़ा प्रस्तुत किया जा सके।

**सामाजिक सद्भाव को बिगाड़ने का प्रयास**

राजकुमार रौत ने आरोप लगाया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और सरकार से जुड़े कुछ लोग इस प्रकार की घटनाओं को गढ़ने में लगे हुए हैं।

# हाथों पर काली पट्टी बांधकर किया नई पेंशन का विरोध

## विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने की पुरानी पेंशन योजना लागू करने की मांग, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**एनपीटी संवाददाता**

**शामली।** नई पेंशन योजना के विरोध में मंगलवार को सरकारी कर्मचारियों द्वारा काला दिवस मनाया गया। इस दौरान कर्मचारियों ने हाथों पर काली पट्टी बांधकर नई पेंशन योजना पर आक्रोश जताया तथा नई पेंशन योजना की वापसी के नारे भी लगाए।



मंगलवार को ऑल टीचर्स इंप्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन (अटेवा) शामली के जिला संयोजक नवनीत गहमरी की अध्यक्षता में नई पेंशन योजना व यूनिफाइड पेंशन स्कीम के विरोध में विभिन्न विभागों के कर्मचारियों द्वारा हाथों पर काली पट्टी बांधकर कार्य किया तथा कलेक्ट्रेट पहुंचकर नायब तहसीलदार व एसडीएम को प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। सरकारी कर्मचारियों ने नई पेंशन योजना का विरोध करते हुए पुरानी पेंशन योजना लागू करने की मांग की। वक्ताओं ने कहा कि सरकारी कर्मचारी 30 साल 35 साल सेवा देता है उसके बदले में उसे शेयर आधारित नई पेंशन स्कीम जबरदस्ती थोपना उचित नहीं है। सरकार कितनी भी नई स्कीम ले आए लेकिन हमें तो पुरानी पेंशन ही चाहिए। जब एक दिन का सांसद, विधायक पुरानी पेंशन ले सकता है तो 30 साल 35 साल सेवा देने वाला सरकारी कर्मचारी क्यों नहीं ले सकता? इस मौके पर नई पेंशन योजना को वापस लेने व पुरानी पेंशन लागू करने के नारे भी लगाए गए। विरोध प्रदर्शन करने वालों में प्रवेन्द्र कुमार, प्रदीप मलिक, सुरेन्द्र पांडे, उषा मलिक, प्रदीप मलिक, प्रवेंद्र मलिक, सुनील चौधरी, लोकेश कुमार, पवन जावला, उषा मलिक, अमृत चौधरी,सुरेंद्र पांडेय, मनीष मिश्रा, रामफूल, रमाकांत राजवंशी,रविंद्र कुमार, मंजीत सिंह,प्रताप सिंह,रमेश चंद्र, मनीष मिश्रा,सुनील चौधरी, अमित खैवाल आदि कर्मी मौजूद रहे।

# युवक के पेट में मारा चाकू, गंभीर, किया गया रेफर



**एनपीटी संवाददाता**

**कैराना।** घर पर बैठे युवक पर तीन लोगों ने हमला कर दिया। हमले के दौरान युवक के पेट में चाकू मारकर हमलावर मौके से फरार हो गए। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। हालत चिंताजनक देखते हुए उसे रेफर कर दिया। क्षेत्र के गांव भूरा निवासी पच्चीस वर्षीय शोएब पुत्र मुस्तफा अपने घर पर बैठा हुआ था। इसी दौरान एक बाइक पर सवार तीन युवक उसके घर में घुस गए। वहीं उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। युवक ने अपने आपको हमलावरों के चुंगल से बचने का प्रयास किया। इस दौरान हमलावर ने उसके पेट में चाकू मारकर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। वहीं शोर शराबा होने पर लोग एकत्रित हो गए। हमलावर मौके से फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराया। वहीं चिकित्सक ने घायल की हालत चिंताजनक देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया।

# चंदन की खेती को बढावा देने के लिए डीएम कैंप कार्यालय पर लगाए पौधे

## डीएम अरविन्द कुमार चौहान से मिले पंतनगर के विशेषज्ञ, डीएम को बताए फायदे

### किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार लाने में मदद करेगी चंदन की खेती

**एनपीटी संवाददाता**

**शामली।** मंगलवार को पंतनगर विश्वविद्यालय के विशेषज्ञ रमेश चौहान ने डीएम अरविन्द कुमार चौहान से मुलाकात कर उन्हें चंदन का पौधा भेंट किया, इसके बाद डीएम कैंप कार्यालय पर चंदन के पौधों का रोपण भी किया। विशेषज्ञ रमेश चौहान ने चंदन की खेती को बढावा देने के लिए डीएम से अनुरोध किया, डीएम ने कहा कि किसानों को चंदन की खेती के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। मंगलवार को पंतनगर विश्वविद्यालय के विशेषज्ञ रमेश चौहान डीएम अरविन्द कुमार चौहान से मिले तथा उन्हें चंदन का पौधा भेंट किया। रमेश चौहान ने ने बताया कि पंतनगर विवि में प्रक्षेत्र सहायक के रूप में कार्यरत है, चंदन की खेती के बारे में व्यापक जानकारी रखते हैं। उन्होंने डीएम को चंदन की खेती एवं उसके लाभों की भी जानकारी दी। डीएम अरविन्द कुमार चौहान ने कहा कि चंदन की खेती किसानों के लिए एक लाभदायक व्यवसाय हो सकता है, उन्होंने जिले के किसानों को चंदन की खेती अपनाकर आय बढाने के लिए प्रोत्साहित करने का भी आश्वासन दिया। रमेश चौहान ने कहा कि चंदन एक बहुमूल्य पौधा है जिसकी बाजार में काफी मांग भी है। उन्होंने किसानों को चंदन की खेती के बारे में उचित प्रशिक्षण व सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि यह पहल शामली जनपद में चंदन की खेती को बढावा देने व किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार लाने में मदद करेगी। इस अवसर पर डीएम अरविन्द कुमार चौहान व रमेश चौहान ने डीएम कैंप कार्यालय पर 200 चंदन के पौधे भी लगाए गए।



# 5 दिन में अवैध स्पा सेंटर बंद न हुए तो होगा धरना प्रदर्शन

### भाकियू वेलफेयर फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट में दिया प्रार्थना पत्र

**एनपीटी संवाददाता**

**शामली।** भारतीय किसान यूनियन वेलफेयर फाउंडेशन ने शहर में कई स्थानों पर चलाए जा रहे अवैध स्पा सेंटरों पर पांच दिन के अदर कार्रवाई न होने पर धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है।



भारतीय किसान यूनियन वेलफेयर फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट में डीएम को संबोधित प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि शामली में कई स्थानों पर अवैध रूप से स्पा सेंटर चलाए जा रहे हैं जिससे समाज में अराजकता व कम आयु के बच्चों पर बुरा असर पड रहा है। अवैध स्पा सेंटर के कारण आए दिन झगडा व मारपीट भी होती रहती है जिसे कई बार पुलिस भी अनदेखा कर देती है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि पांच दिन के अंदर अवैध स्पा सेंटरों को बंद न कराया गया तो भाकियू वेलफेयर फाउंडेशन धरना प्रदर्शन शुरू कर देगी।

# बाजारो में विद्युत सप्लाई की बदली जाएगी लाइन

कैराना। विद्युत लाइन को दुरुस्त करने के लिए विभाग की ओर से कार्य किया जाएगा। जिस कारण नगर के मुख्य बाजारो की लाइट बाधित रहेगी। एसडीओ कैराना अमित गुप्ता ने बताया कि बुधवार की सुबह ग्यारह बजे देवी मंदिर बिजलीघर के तहत कोतवाली फीडर पर पुराने बिजलीघर के पास रखे दो नंबर चार सौ किलोवाट के ट्रांसफार्मर की विद्युत लाइन बदलने का कार्य किया जाएगा। जिसमें मूलचंद उर्फ मूला पंसारी के यहां से निर्मल चौराहे तक की एलटी लाइन बदलने का कार्य किया जाएगा। नगर के पुराना बाजार, बेगमपुरा, चोक बाजार, जोड़वा कुआं, निर्मल चौराहा की विद्युत सप्लाई सायं छह बजे तक बाधित रहेगी।

# पक्के आवास के आवेदन करने वालों की जांच में कैराना ब्लाक फिसड्डी

**एनपीटी संवाददाता**

**कैराना।** प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के अंतर्गत आवेदन करने वालों व विकास खंड कार्यालय की ओर से जांच करने की तारीख समय समाप्त हो गया हैं। लेकिन विडंबना यह हैं कि ग्राम पंचायतों के सचिवों को ओर से जांच में लापहरवाही करने के कारण सर्वे अधर में लटका हुआ हैं। विकास खंड अधिकारी भी निर्धारित समय आगे बढ़ने की आस लगाए बैठे हैं। आखिर महत्वपूर्ण योजना के कार्य में शिथिलता व लापरवाही करने वालों कैसे हो कार्रवाई।

केंद्र व प्रदेश सरकार की ओर से प्रधानमंत्री आवास योजना को संचालित किया गया। योजना बेहतर साबित होने पर सरकार ने इसे ग्रामीण क्षेत्रों में भी लागू किया। निर्धन लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना संचालित की गई जिससे गांव के भीतर मौजूद बिना मकानों के झुग्गी, झोपड़ियों, कच्चे मकान व खाली प्लाट में रहने वाले ग्रामीणों को राहत पहुंचाने के लिए योजना स्थापित की गई। वहीं योजना के अंतर्गत गत 31 मार्च तक योजना का लाभ लेने के लिए ग्रामीण आवेदन कर सकता था। वहीं ग्रामपंचायतों में तैनात सचिव को साथ के साथ सर्वे करने के निर्देश दिए गए थे। वहीं सर्वे रिपोर्ट मानकों के अनुरूप दाखिल करने की समयावधि भी 31 मार्च नीयत की गई थी। जिसकी समयावधि समाप्त हो गई हैं। परिणाम यह हैं कि कैराना विकास खंड कार्यालय के अंतर्गत 42 ग्रामपंचायत मौजूद हैं। लेकिन सर्वे अधूरा पड़ा है। विकास खंड कार्यालय में तैनात अधिकारी व कर्मचारी सरकार की महत्वपूर्ण योजना के प्रति गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं। विकास खंड अधिकारी उमाकांत मुद्गल ने बताया कि प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के अंतर्गत सभी ग्राम पंचायतों से आवेदन किए जारहे हैं। जिनके मानकों की जांच ग्राम पंचायत सचिव कर रहे हैं। आवेदन करने व जांच 31 मार्च अंतिम तारीख निर्धारित थी। फिलहाल तारीख बढ़ने की आशंका हैं।

## संक्षेप समाचार :

### आरएसएस कॉलेज ने नए सत्र के शुभारंभ पर यज्ञ



झिंझाना। मंगलवार को राष्ट्रीय शिक्षा सदन इंटर कॉलेज के प्रांगण में सत्र 2025 , 26 के प्रारंभ के लिए विधिवत यज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ में मुख्य यजमान कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रवीण कुमार रहे। ब्रह्मा आचार्य देवेंद्र ने मंत्र उच्चारण के बाद यज्ञ पूर्ण कराया। कॉलेज के समस्त स्टाफ के साथ छात्र छात्राओं ने भी श्रद्धा पूर्वक यज्ञ में भाग लिया। कॉलेज के प्रबंधक शैलेंद्र कुमार मित्तल ने मां शारदे, भगवान से प्रार्थना की कि हमारा यह परिवार सुखी रहे, दीघार्यु हो, स्वस्थ रहे और उन्नति करें। इस अवसर पर कॉलेज के अध्यापक सुनील कुमार, मुकेश कुमा,र ऋषिपाल, कुलदीप सरोहा, संदीप कुमार अजय कुमार तथा समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### कांधला कॉलेज के छात्र ने विधानसभा में रखे अपने विचार

काँधला। कॉलेज काँधला में अध्ययनरत बीए चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवी नाजिम मलिक द्वारा युवा कार्यक्रम एवं खेल मन्त्रालय, भारत सरकार द्वारा विकसित माय भारत के अन्तर्गत 28 एवं 29 मार्च, 2025 को उत्तर प्रदेश विधान सभा लखनऊ में आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय विकसित भारत युवा संसद महोत्सव के अन्तर्गत भारत के संविधान की 75वीं वर्षगांठ पर अधिकारों, कर्त्तव्यों और प्रगति की यात्रा विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किये। होनहार छात्र का कॉलेज प्रबन्ध समिति के सदस्यों, महाविद्यालय में कार्यरत कर्मचारियों एवं प्रवक्तागणों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। आयोजित कार्यक्रम में छात्र द्वारा बताया गया कि हमारे कॉलेज चैयरमेन डॉक्टर साहब सिंह एवं डॉ. आशीष तोमर की प्रेरणा एवं अनुभवी प्रवक्तागणों के मार्गदर्शन से अपने विचार प्रस्तुत करने की कला सीखने को मिली है।

### इंजन से अचानक निकली चिंगारी, बाइक जलकर स्वाहा

कैराना। सोमवार को क्षेत्र के गांव जहानपुरा निवासी वाजिद अली का छोटा भाई अजरुन बाइक संख्या-यूपी 19 डी-5044 हीरो एचएफ डीलक्स पर सवार होकर गांव के ही सावर नामक युवक के साथ में यमुना खादर क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर राई में रिश्तेदारी में गया था। गांव के ही इसरार, नोमान व ओवेश भी दो अन्य बाइकों पर सवार होकर अजरुन के साथ गए थे। बताया गया है कि शाम करीब पौने आठ बजे वापिस लौटते समय कैराना-मोहम्मदपुर राई मार्ग पर स्थित नाशपाती के बाग के पास नोमान की बाइक का फ्यूल खत्म हो गया, जिस पर साथ गए अजरुन ने अपनी बाइक की पेट्रोल की टंकी के नीचे लगे पाइप को निकालकर युवक की बाइक में तेल डाल दिया। इसके बाद, अजरुन ने जैसे ही बाइक को स्टार्ट किया, तभी अचानक इंजन से निकली चिंगारी से बाइक में आग लग गई। बाइक में आग लगते ही युवकों में हड़कंप मच गया। युवकों ने जैसे-तैसे बाइक से कूदकर अपनी जान बचाई। कुछ ही देर में बाइक में लगी आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। पांचों युवकों व राहगीरों ने मिट्टी आदि डालकर बाइक में लगी आग को बुझाने का प्रयास किया, लेकिन वह सफल नही हो सके। थोड़ी देर में ही बाइक आग में जलकर स्वाहा हो गई।



# पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षों में हुई फायरिंग, तीन घायल

## पुलिस व फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए, घायलों की सीएचसी पर भर्ती कराया गया, हायर सेंटर रेफर





**एनपीटी संवाददाता**

**कैराना।** गांव मन्नामजरा में पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षों के बीच जमकर फायरिंग हुई। इस दौरान दोनों पक्षों के तीन लोग गोली लगने से गंभीर घायल हो गए। पुलिस ने घायलों की सीएचसी पर भर्ती कराया गया है, जहां से सभी घायलों को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

मंगलवार की शाम लगभग साढ़े चार बजे गाँव मन्नामाजरा में पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षों में जमकर फायरिंग हुई। गोलियों की आवाज सुनकर ग्रामीणों में दहशत फैल गई। आधा घण्टे तक दोनों पक्षों के बीच फायरिंग होती रही। इस दौरान रिजवान उर्फ चीमा (31) निवासी गाँव जहानपुरा,परवेज पुत्र इकराम (23) निवासी मोहल्ला आलकलां कैराना व राकिब पुत्र हारून (23) निवासी गाँव मन्नामजरा गोली लगने से गंभीर घायल हो गए। फायरिंग की सूचना मिलते ही पुलिस में हड़-कंप मच गया। आनन-फानन में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह रावत भारी पुलिस बल व फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुँचे और घटना के संबन्ध में जानकारी जुटाई।साथ ही फोरेंसिक टीम ने भी मौके से साक्ष्य एकत्रित किये गए। बताया गया है कि कैराना निवासी यहिया व मन्नामजरा निवासी राकिब पहले से ही इस्लाम (55) पुत्र रोशन का कुशलक्षेम जानने के लिए उसके घर बैठे हुए थे। जिसकी दो दिन पूर्व हुई आंखें बनवाई गई है। कुछ देर बाद ही अचानक ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू हो गई,जैसे ही गोलियों की आवाज सुनकर राकिब बाहर निकला तो दूसरे पक्ष ने उसकी जांघ में गोली मार दी,जबकि यहिया मौके से फरार हो गया। आमने -सामने की हुई फायरिंग में रिजवान उर्फ चीमा भी गोली लगने से घायल हो गया। इस दौरान राकिब के सिर में ईंट लगने से वह भी गंभीर घायल हो गया।

### नकाब लगाकर करते रहे फायरिंग

ग्रामीणों का कहना है बाइकों व कार में सवार होकर गाँव में पहुंचे युवकों ने अपने चेहरों पर नकाब लगाया हुआ था, जो बेखौफ होकर फायरिंग कर रहे थे। दोनों। और से दर्जनों फायरिंग की गई। खुद को घिरता देख दबंग अपनी बीएम डब्ल्यू जी 310 आर आर संख्या डीएल 03 ए 0017 टीसी 0004 मौके पर छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने बाइक को कब्जे में ले लिया है।

**मस्जिद की दीवारों पर गोली के निशान**

गाँव मन्नामजरा में हुई ताबड़तोड़ फायरिंग के बाद ग्रामीणों में दहशत फैल गई। अंधाधुंध हुई फायरिंग में कई गोलियां मस्जिद की दीवारों पर लगी हैं,जिनके निशान साफ तौर पर दिखाई दे रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि एक दर्जन राउंड से अधिक फायरिंग की गई हैं, मौके से पुलिस ने खोखा कारतूस बरामद किये हैं।

**कहाँ से आये अवैध हथियार**

पिछले कुछ दिनों से क्षेत्र में फायरिंग की घटनाओं का ग्राफ लगातर बढ़ रहा है। आखिर इनके हाथों में अवैध हथियार कहाँ से आये और गैंग कैसे सक्रिय हो गए। समय रहते आखिर पनप रहे गैंग पर अंकुश क्यों नही लग पाया। आज हुई फायरिंग कोई नई बात नही है। इससे पहले भी कई राउंड फायरिंग करके दहशत फैलाई जा चुकी है।



**टार्गेट पर कौन?**

गाँव मन्नामजरा में लोकेशन के आधार पर पहुँचे एक पक्ष के टार्गेट पर याहिया था या फिर राकिब। यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है,लेकिन इतना जरूर है कि जिस प्रकार से बाइकों व गाड़ियों में भरकर दबंग मौके पर पहुंचे थे, उससे यही प्रतीत होता है कि किसी बड़ी घटना को ही अंजाम देना था। सटीक जानकारी और ताबड़तोड़ फायरिंग ने दबंगों के इरादों को जाहिर कर दिया है। आखिर एक दूसरे के खून के प्यासी क्यों बने इसके पीछे की वजह क्या है।यह तो जांच के बाद ही स्पष्ट हो पायेगा।

# एक हफ्ता बीत जाने के बाद भी मृतक व्यक्ति की नहीं हो सकी पहचान

**एनपीटी संवाददाता कांधला।** बीते रविवार को थानो क्षेत्र के कस्बा एलम निवासी अभिनव उर्फ निशु के ईख के खेत में सुबह एक युवक का जलता हुआ शव मिला। खेत में कार्य करने गए किसानों ने पुलिस को घटना की सूचना दी, शव मिलने की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक युवक की शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी। युवक के शरीर पर तीन जगह गोलियों के निशान भी मिले हैं, जिसमें एक गोली पैर में, दूसरी दिल पर और तीसरी सर में मारी गई है। आशंका है कि हत्या करने के बाद आरोपियों ने हाइवे के किनारे शव को गन्ने में के खेत में डाला और यहीं पर पेट्रोल डालकर जलाया गया। जिससे मृतक की पहचान ना हो सके। एएसपी, सीओ, कांधला पुलिस, फॉरेनसिक टीम ने मौके पर जाँच की। थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार का कहना है कि पुलिस जनपद व अन्य पास के जनपदों के थाने में मृतक की फोटो भेज कर पहचान करने का प्रयास कर रही है।

# अवैध संबंधों का विरोध करने पर पत्नी के साथ मारपीट

कांधला। नगर के मोहल्ला खेल निवासी महिला जुलेखा ने बताया कि उसकी शादी 13 वर्ष पूर्व मौहल्ला खेल निवासी इरफान के साथ हुई थी। पीड़ित महिला का आरोप है कि उसके पति ने किसी अन्य महिला के साथ अवैध संबंध बना रखे हैं और उसके तीन बच्चे हैं। आरोपी पीड़िता व बच्चों को खाने-पीने का खर्चा भी नहीं देता जिस कारण पीड़िता परेशान है और भुखमरी की कगार पर है। आरोप है कि मंगलवार को पीड़िता ने जब आरोपी पति से घर का खर्चे के लिए रूपयों की मांग की तो आरोपी ने आग बबूला होते हुए उस पर लाठी डंडों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया और जान से करने का प्रयास किया। घायल महिला ने मामले की जानकारी कर अपने परिजनों को दी परिजनों ने घायल महिला को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया और आरोपी पति के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

# सतगुरु मार्गदर्शक, गुरु के बिना भक्ति नहीं हो सकती: बाबा फुलसंदे वाले

## हनुमान धाम पर चल रहे दो दिवसीय दिव्य सत्संग का समापन, भंडारे का भी आयोजन

**एनपीटी संवाददाता**

**शामली।** शहर के मंदिर हनुमान टीला हनुमान धाम पर चल रहे दो दिवसीय सत्संग के दूसरे दिन बाबा फुलसंदे वालों ने कहा कि जीवन को उच्चता में ले जाने के लिए किसी महान मार्गदर्शक की जरूरत होती है। ये मार्गदर्शक सतगुरु होते हैं, गुरु के बिना भक्ति नहीं हो सकती। देवपुत्र धर्मार्थ सेवा समिति द्वारा हनुमान धाम पर आयोजित दो दिवसीय एक तू सच्चा तेरा नाम सच्चा दिव्य सत्सग में श्रद्धालुओं को प्रवचन करते हुए बाबा फुलसंदे वालों ने कहा कि गुरु के बिना जीवन अधूरा ही नहीं बल्कि इंसान के रुप में जन्म लेने का मकसद भी पूरा नहीं होता। राष्ट्रवाद, मानवतावाद और ईश्वरवाद में सबको विश्वास रखना चाहिए।






जीवन को उच्चता में ले जाने के लिए किसी महान मार्गदर्शक की जरूरत होती है। ये मार्गदर्शक सतगुरु होते हैं, गुरु के बिना भक्ति नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि जहां पर तपस्वी निवास करते हैं, जहां परमेश्वर की चर्चा भजन कीर्तन सुमिरन, आराधना निरन्तर चलती रहती है, वहां देव आत्माएं भी अक्सर आती जाती हैं इसलिए मनुष्य को मंगल कार्य करने चाहिए। मंगल कार्य ही मनुष्य का कल्याण करते हैं। परमेश्वर से जो क्षमा मागते हैं उनके गुनाह माफ हो जाते हैं और दूसरों की जो मदद करते हैं उनके बंद रास्ते खुल जाते हैं। प्रवचन के अंतिम दिन हनुमान धाम पर विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया जिसमें बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर धर्मलाभ उठाया। इस मौके पर देवपुत्र धर्मार्थ सेवा समिति के पदाधिकारियों सच्चू प्रधान, अजय कुमार, विकास मौजूद रहे।

# हनुमान धाम पर श्रीरामचरित मानस पाठ का शुभारंभ

## 6 अप्रैल रामनवमी पर होगा समापन, निकाली जाएगी श्रीरामायणजी की शोभायात्रा

**एनपीटी संवाददाता**

**शामली।** शहर के मंदिर हनुमान टीला हनुमान धाम स्थित श्री रामदरबार में श्रीरामचरित मानस के पाठ का शुभारभ हुआ। 6 अप्रैल श्रीरामनवमी पर हनुमान धाम से श्रीरामायण जी की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। वहीं मंदिर में तीन दिवसीय बूढे बाबा का मेला भी शुरू हो गया है। मंदिर हनुमान टीला हनुमान धाम के प्रधान सलिल द्विवेदी ने बताया कि हनुमान धाम पर 48वां चैत्रीय नव संवत्वर 2082, नवरात्रि एवं श्री रामनवमी उत्सव के मौके पर श्रीराम दरबार में श्रीरामचरित मानस पाठ का शुभारंभ हो गया है। जो प्रतिदिन शाम 4 बजे से रात्रि 9 बजे तक होगा जबकि मंगलवार व शनिवार को रामचरित मानस का पाठ दोपहर 2 बजे से रात्रि 9 बजे तक होगा। 6 अप्रैल को श्रीरामचरित मानस का समापन होगा। इस अवसर पर सुबह 10 बजे श्रीरामायण जी की विभिन्न मार्गों से होते हुए शोभायात्रा निकाली जाएगी। उन्होंने बताया कि हनुमान धाम पर तीन दिवसीय बूढे बाबा के मेले का भी शुभारंभ हो गया है। मेले में बडी संख्या में महिलाएं, बच्चे भी पहुंचकर खरीददारी कर रहे हैं। कार्यक्रम में हनुमान धाम कमेटी व श्री हनुमान युवा सेवा संघ भी सहयोग दे रहे हैं।



### 12 अप्रैल को मनाया जाएगा हनुमान प्रकटोत्सव

शामली। श्री मंदिर हनुमान टीला हनुमान धाम द्वारा 12 अप्रैल को श्री हनुमान प्रकटोत्सव महापर्व धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा जिसके लिए तैयारियां भी प्रारंभ कर दी गयी है। मंदिर के प्रधान सलिल द्विवेदी ने बताया कि 11 अप्रैल को अखंड रामायण पाठ होगा। 12 अप्रैल को रामायण पाठ के पूर्ण होने के बाद भजन संकीर्तन व प्रसाद का वितरण किया जाएगा। इस मौके पर बाबा का भव्य श्रृंगार किया जाएगा वहीं 56 भोग का प्रसाद अर्पित किया जाएगा।

### ललमटिया- फरक्का एमजीआर रेलवे लाइन पर दो मालगाड़ी का टक्कर

# तीन की मौत, सीआईएसएफ के जवान हुए घायल

**एनपीटी,**

झारखण्ड के साहेबगंज में एक बड़ा रेल हादसा हुआ है। जिसमें पायलट सहित अन्य दो की मौत होने की खबर है। साथ ही कई सीआईएसएफ के जवान घायल भी हो गये। जानकारी के मुताबिक झारखण्ड के जिला साहेबगंज में फरक्का- ललमटिया एमजीआर रेलवे लाइन पर बरहेट थाना क्षेत्र अन्तर्गत बरमसिया- सोनाजोड़ी के दरमियान दो मालगाड़ी के टकराने से एक पायलट सहित दो अन्य की भी मौत हो गई। साथ ही कई जवान भी घायल हो गये। घटना करीब 3: 30 बजे के आसपास की बताई जा रही है। सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंचे और काफी मुशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। बताया जा रहा है कि एक माल गाड़ी पहले से खड़ी थी कि एक अन्य मालगाड़ी रनिंग अवस्था में खड़ी मालगाड़ी को जोरदार टक्कर मारी , जिसे इंजन में भीषण आग लग गई और कई मालगाड़ी के डिब्बे के परखच्चे उड़ गये। इस रेल हादसे में तीन की मौत हो गई, जबकि सीआईएसएफ के लगभग चार जवान भी घायल हो गये। सुचना मिलते ही पुलिस व फरक्का- एनटीपीसी के



अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे, साथ ही फायर ब्रिगेड की गाड़ी को भी बुलाया गया। काफी मुशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हादसे में हुए घायलों का उपचार हेतु अस्पताल ले जाया गया। गनीमत रही कि हादसा भीड़- भाड़ वाले इलाके में नहीं हुई, अन्यथा काफी जान व माल की नुकसान होने की सम्भावना बनी रहती। बाहरेहाल हादसे को ले कई तरह के सवालिया निशान लगाया जा रहा कि आखिर जब पहले से मालगाड़ी खड़ी थी तो फिर दुसरी मालगाड़ी कैसे उस रेलखंड पर जाने दिया गया। क्या रेलवे अधिकारी/ कर्मियों को पहले से मालगाड़ी खड़ी रहने की सूचना नहीं थी। क्या कैबिन मैन को इसकी जानकारी नहीं थी या फिर जानबूझकर ही पहले से खड़ी मालगाड़ी को पूर्णतः साइडिंग किये बगैर ही दुसरे मालगाड़ी को उसी दिशा में जाने हेतु हरी झंडी दिखा दी गई? की तरह की आंशका जताया जा रहा है। जांच पड़ताल के पश्चात ही वृतांत की असलियत पर पर्दाफश हो सकता है। वही मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी, ईस्टर्न रेलवे, कोलकाता से जारी प्रेसवार्ता के मुताबिक एनटीपीसी के निजी ट्रैक पर दो मालगाड़ियों की टक्कर भारतीय रेलवे से कोई सम्बन्ध नहीं। दरअसल फरक्का ललमटिया एमजीआर रेलवे लाइन पर साहेबगंज जिले बरहेट थाना क्षेत्रांतर्गत हुए रेल हादसे पर आधिकारिक प्रेसवार्ता कर (कोलकाता, 1 अप्रैल 2025) बताया गया कि आज तड़के लगभग 03:00 बजे एनटीपीसी द्वारा संचालित निजी रेलवे लाइन पर दो मालगाड़ियों की आमने-सामने की टक्कर होने की सूचना मिली है।

यह ट्रैक पूरी तरह से एनटीपीसी के स्वामित्व में है और एनटीपीसी द्वारा ही संचालित किया जाता है। यह रेल मार्ग कहलगांव और फरक्का ताप विद्युत संयंत्रों को जोड़ता है और इसे आमतौर पर ह्वएनटीपीसी ललमटिया एमजीआर के नाम से जाना जाता है। यह स्पष्ट किया जाता है कि इस घटना का भारतीय रेलवे से कोई संबंध नहीं है। एमजीआर लाइन का संपूर्ण संचालन, जिसमें लोकोमोटिव, चालक दल, रखरखाव, सिग्नलिंग आदि शामिल हैं, पूरी तरह से एनटीपीसी के अधीन है। दुर्घटना से जुड़ी अधिक जानकारी एनटीपीसी अधिकारियों से प्राप्त होने पर साझा की जायेगी। हालांकि, एनटीपीसी ने मालदा मंडल से सहायता मांगी है और 140 टन की क्रेन उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है। यह क्रेन साहिबगंज से भेजी जा रही है। भारतीय रेलवे, एनटीपीसी अधिकारियों को बहाली कार्य में हर संभव सहायता प्रदान कर रहा है।

# झारखण्ड पुलिस होंगे हाईटेक, हेमन्त सरकार देगी स्मार्टफोन समेत रिचार्ज के भी पैसे

एनपीटी, झारखण्ड पुलिस को हाईटेक बनाने की कवायद तेज कर दी गई है । हेमन्त सरकार 2.0 के द्वारा राज्य के पुलिस को आधुनिक तकनीकी सुविधाओं से लैस लगभग 25,000 रुपए की स्मार्टफोन देने जा रही है। जिसके निमित्त आधिकारिक आदेश/घोषणा राज्य सरकार के गृह विभाग के द्वारा जारी कर कर दी गई है। यह स्मार्टफोन मामले की जांच/ अनुसंधान हेतु झारखण्ड पुलिस को दी जायेगी। जिसके लिए सभी जिला स्तरीय पहल की शुरूआत कर दी गई है। आधुनिक तकनीक की सुविधाओं से लैस स्मार्टफोन देने की प्लानिंग के तहत दी जाने वाली स्मार्टफोन क्रय की रसीद सह-मोबाइल अनुसंधानकर्ता/जांचकर्ता 4 साल के पश्चात जिला संपत्ति शाखा में जमा कर प्रमाण पत्र ले लेंगे। ताकि चार साल के पश्चात नया या फिर दूसरी मोबाइल लेने के पश्चात राशि की क्षतिपूर्ति उपलब्ध हो सके। वही विभाग द्वारा अनुसंधानकर्ता/ जांचकर्ता को दी जा रही मोबाइल फोन गुम या चोरी होने की स्थिति में विधिवत कारवाई भी की जायेगी। वही इस प्लानिंग के तहत अनुसंधानकर्ता/ जांचकर्ता यदि राशि 25,000 से अधिक राशि की कीमत वाली मोबाइल स्मार्टफोन क्रय करता है तो उन्हें 25,000 की ही प्रतिपूर्ति मान्य होगा तथा अतिरिक्त राशि उन्हें खुद भुगतान करना पड़ेगा। वही यदि विभाग द्वारा जारी निर्धारित राशि 25,000 से कम कीमत वाली स्मार्टफोन खरीदने पर भुगतान की गई वास्तविक राशि की प्रतिपूर्ति मान्य होगी। वही सरकार द्वारा दी जा रही स्मार्टफोन उपयोग करने वाले अनुसंधानकर्ता/ जांचकर्ता को सरकार की ओर से डाटा के लिए ?500 प्रतिमाह दिया जायेगा। इस प्लानिंग के तहत झारखण्ड सरकार की ओर से आवंटन प्राप्त होने पर सभी जिला मुख्यालय को जिला को पुलिस मुख्यालय द्वारा तय निर्धारित राशि दी जायेगी। वही मोबाइल फोन का रख-रखाव, सुरक्षा, डाटा की गोपनीयता जांचकर्ता/ अनुसंधानकर्ता की व्यक्तिगत जिम्मेदारी होगी। तभी यह ध्यान रखेंगे की विश्वसनीय इंटरनेट साइट को गुप्त मोबाइल फोन से ऐसा नहीं करेंगे। विदित हो कि 1 जुलाई 2024 से देश भर में प्रभावी/ लागू बीएनएस 2023 के प्रावधान के तहत सभी अनुसंधानकर्ता इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से साक्ष्य का संकलन करेंगे। जिसमें फोटोग्राफी के साथ वीडियोग्राफी भी शामिल है।

# डीसी ने त्यौहार के ध्यानार्थ संवेदनशील स्थानों पर चौकसी बरतने का दिया निर्देश




**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), उपायुक्त मनीष कुमार व पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के संयुक्त अध्यक्षता में वर्चुअल माध्यम से जिले की विधि-व्यवस्था से सम्बन्धित बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त मनीष कुमार के द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया कि आगामी दिनों में रामनवमी, चैती नवरात्र, छठ पूजा आदि का आयोजन होना है। इसके लिए जरूरी है कि जिलेभर में उचित विधि व्यवस्था का संधारण सुनिश्चित किया जाय। बैठक में सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, प्रखण्ड स्तरीय पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को अपने कर्तव्य क्षेत्र में उपस्थित एवं तत्पर रहने का निर्देश भी दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि सभी अधिकारियों का दायित्व है कि क्षेत्र अन्तर्गत संचालित सभी तरह के अवैध गतिविधियों पर निगरानी रखे। पर्व के दौरान कोई भी अश्लीलता भरे गाना न बजने दें, इसका विशेष ध्यान रखे सम्बन्धित पदाधिकारी। उपायुक्त ने कहा कि प्रशासन, अखाड़ा समितियां से बेहतर समन्वय बनाकर सभी पर्व-त्यौहार को सम्पन्न कराते आये हैं। किसी भी अपुष्ट सूचना/अफवाह का स्थानीय प्रशासन अथवा जिला नियंत्रण कक्ष और वरीय अधिकारी से सत्यापन जरूर करायें। मेला स्थलों पर समर्पित दण्डाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की जायेगी। ड्रोन कैमरों से विशेष निगरानी का निर्देश दिया गया। वही प्रशासन आपके सहयोग के लिए सदैव तत्पर, अखाड़ा समिति अपने वॉलंटियर्स के माध्यम से भी जुलूस पर नियंत्रण रखे। पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार* ने कहा कि प्रत्येक अखाड़ा समिति से वॉलंटियर्स की सूची जरूर ले। सभी अखाड़ा, समिति, सभी वॉलंटियर को पहचान पत्र जरूर निर्गत करें। साथ ही सभी अखाड़ा, समिति, अपने वॉलंटियर्स की सूची फोन नंबर सहित स्थानीय थाना में उपलब्ध करा दें ताकि समन्वय बनाकर कार्य किया जा सके। सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था को लेकर सभी पदाधिकारियों को अलर्ट मोड में रहने का निर्देश दिया गया। सभी संवेदनशील स्थलों की लगातार निगरानी रखने का निर्देश दिया।

# उपासना मरांडी ने लोगों से मिलकर दी ईद मुबारकबाद, महिलाओं में देखी गई खुशियों की झलक



**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), महेशपुर विधानसभा क्षेत्र से हैट्रिक लगाये विधायक स्टीफन मरांडी के सुपुत्री एवं क्षेत्र के उभरता हुआ चेहरा युवा नेत्री उपासना मरांडी उर्फ पिंकी ने ईद उल- फितर के शुभ अवसर पर विधानसभा क्षेत्र के मुस्लिम बेरदारी से मिले एवं ईद की खुशियां बांटी। युवा नेत्री उपासना मरांडी के पहुंचते ही मुस्लिम बिरादरी में खुशियां साफ झलकता हुआ नजर आया। युवा नेत्री उपासना मरांडी उर्फ पिंकी ने ईद के मौके पर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांव का दौरा कर लोगों से मिले और ईद की मुबारकबाद भी दी। ईद- उल- फितर की महकती खुशबू की खुशी क्षेत्र के महिलाओं में व्याप्त रहा। उपासना मरांडी के पहुंचते ही उनकी जोरदार तरीके से स्वागत किया गया।

# रामनवमी त्यौहार को ले जयसवाल समाज ने की बैठक

**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), हरिणडंगा बाजार में जयसवाल समाज की बैठक हुई। बैठक में राम नवमी को लेकर किये जाने वाले सेवा कार्य को लेकर विस्तार से चर्चा किया गया। वही चर्चा के दौरान कुछ अहम निर्णय लिए गये, निर्णय के तहत रामनवमी की अवसर पर 6 अप्रैल 2025 को संध्या 6:00 बजे से टिनबंगाल के पास स्थित बजरंगबली मंदिर अर्पित स्टेशनरी के पास जयसवाल समाज की ओर से लड्डू और पानी का वितरण किया जायेगा। इस सेवा कार्य में समाज के सभी लोगों से सहयोग प्राप्त किया जायेगा। वही सभी के सहयोग से यह सेवा कार्य संपादित करने का निर्णय लिया गया। सभी सदस्यों से आग्रह किया गया कि सेवा कार्य की निमित्त सभी सदस्य तन मन और धन से सहयोग करे। इसके साथ-साथ संध्या 6:00 बजे तक सभी लोग सेवा स्थल पर पहुंच जाए, ताकि सेवा कार्य समय पर प्रारम्भ किया जा सके। मौके पर मौजूद प्रदीप जायसवाल के द्वारा बताया गया कि जयसवाल समाज की ओर से हर रामनवमी पर्व के अवसर पर लड्डू और पानी का वितरण किया जाता है।

इस वर्ष भी यह सेवा कार्य किया जाएगा और इसमें समाज की सभी सदस्यों को सक्रिय भूमिका अदा करनी चाहिए। रामनवमी के दिन अखाड़ा का आयोजन किया जाता है और अखाड़ा में शामिल रामभक्तों के बीच लड्डू और पानी का वितरण करने से एक सकारात्मक संदेश समाज में जायेगा। मौके पर मौजूद सचिव राजेश जायसवाल के द्वारा उपस्थित सदस्यों का मार्गदर्शन करते हुए बताया गया कि जयसवाल समाज समय पर कई सेवा कार्य चलती आ रही है, रामनवमी पर्व के मौके पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सेवा कार्य किया जायेगा। इसमें महिलाओं की भूमिका काफी सक्रिय है, जल्द ही महिला समिति की बैठक भी होगी और महिलाओं की भूमिका को लेकर उसे बैठक में चर्चा भी की जायेगी। बैठक में जितेंद्र जायसवाल, जितेश चौधरी, संजय जयसवाल, आनंद चौधरी, विजय जायसवाल समेत कई सदस्य मौजूद थे।

# असहायों को खाना परोसते देख छलकते ह्रदय की टपकते आसूं चेहरे पर मुस्कुराहट दे गये

एनपीटी ब्यूरो

पाकुड़ के जाने-माने समाजसेवी व उद्योगपति लुतफल हक ने सोमवार को पाकुड़ रेलवे स्टेशन परिसर में करीब तीन सौ गरीबों को लजीज भोजन परोस कर ईद की खुशियां बांटी। अपने हाथों से बुजुर्ग महिला और पुरुषों को लजीज व्यंजन परोसा। असहाय गरीब परिवार के बच्चों और युवाओं ने भी लजीज व्यंजन का लुत्फ उठाया। ईद- उल- फितर के अवसर पर बने खास और लजीज व्यंजन गरीबों की थाली में परोस कर ईद की खुशी में शामिल किया। ईद की खास पहचान मानी जाने वाली सेवई, कई तरह की मिठाईयां भोजन में शामिल किया गया था। जिसका स्टेशन परिसर में मौजूद गरीब परिवार से आने वाले लोगों ने लुत्फ उठाया। इस दौरान लोगों के चेहरे पर खुशी देखी गई। लुतफल हक की प्रशंसा करते हुए लोगों ने उन्हें दुआएं और आशीर्वाद दिया। लुतफल हक के द्वारा स्वयं असहायों को थाली में खाना परोसते हुए देख ह्रदय की टपकते आंसू चेहरे पर मुस्कुराहट को दावत दे गये। वही आसपास मौजूद लोगों ने समाजसेवी लुतफल हक की प्रशंसा की और उन्हें गरीबों के लिए मसीहा बताया। लुतफल हक की सादगी और सरल स्वभाव के साथ ही



उनके ऐसे नेक कार्यों की प्रशंसा की। इस नेक काम में सामाजिक कार्यकर्ता हिसाबी राय, राणा शुक्ला, संजय ओझा, अनिकेत गोस्वामी, सुशील साह सहित कई लोगों ने भी हाथ बंटाया। बता दें कि समाजसेवी लुतफल हक पिछले करीब पौने दो साल से पाकुड़ रेलवे स्टेशन परिसर में गरीब असहाय परिवार से आने वाले करीब 300 लोगों को लगातार भोजन खिलाते आ रहे हैं। पर्व त्यौहारों पर भोजन में खास व्यंजन को शामिल किया जाता है। लुतफल हक स्वयं ऐसे मौकों पर अपने हाथों से लोगों को भोजन परोसते हैं। वही समाजसेवी लुतफल हक ने पाकुड़ जिला सहित पूरे देशवासियों को ईद की बधाई दी। उन्होंने मीडिया कर्मियों के सवालों के जवाब में कहा कि सबसे पहले मैं पूरे पाकुड़ जिला वासी और देशवासियों को ईद की बहुत-बहुत मुबारकबाद देता हूं। उन्होंने कहा कि आज ईद- उल- फितर का दिन पवित्र माहे रमजान के पूरा होने के बाद बेहद ही खास और खुशी का दिन है। ईद की यह खुशी सिर्फ अमीरों के लिए नहीं है, यह हर वर्ग के लिए है, चाहे वो अमीर हो या गरीब ही क्यों ना हो। ईद की खुशी गरीबों के लिए भी बराबर है। इसलिए ईद की खुशी में उन्हें शामिल करना हमारी जिम्मेदारी भी बनती है। इसलिए आज मैंने यहां वैसे परिवार के लोगों के लिए खास तौर पर भोजन की व्यवस्था की है। उन्होंने कहा कि ईद का त्यौहार भाईचारा का संदेश लेकर आता है। इस आयोजन से भाईचारा को बढ़ावा मिलेगा। इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता हिसाबी राय ने कहा कि मैं पाकुड़ के प्रख्यात समाजसेवी लुतफल हक का तहे दिल से आभार व्यक्त करता हूं।

जिन्होंने पर्व त्यौहारों के मौके पर हमेशा गरीबों के बीच पहुंचकर उन्हें खुशियों में शामिल करते हैं। पिछले करीब पौने दो साल से समाजसेवी लुतफल हक की ओर से निरन्तर और नियमित रूप से पाकुड़ रेलवे स्टेशन पर रात्रि में करीब 300 लोगों को भोजन कराया जाता है। यह आयोजन कहीं ना कहीं गरीबों के लिए वरदान साबित हो रहा है। पाकुड़ रेलवे स्टेशन परिसर में गरीब परिवार से आने वाले बेबस लोग हर दिन भोजन कर पेट की आग बुझाते हैं। उन्होंने कहा कि समाजसेवी लुतफल हक के इस पहल से लोग आनंदित हैं। ईश्वर से हम प्रार्थना करते हैं कि लुतफल हक का यह नेक काम निरन्तर चलती रहे। उल्लेखनीय है कि समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए समाजसेवी लुतफल हक देश- विदेशों में दर्जनों बार बड़े-बड़े मंच पर सम्मानित हुए हैं। कोलकाता, मुंबई, दिल्ली जैसे शहरों के अलावे लंदन, मकाउ जैसे शहरों में भी देश दुनिया की नामचीन और बड़ी हस्तियों ने उन्हें सम्मानित किया है।

### वक्फ संशोधन बिल पर समाजवादी पार्टी की जिलाध्यक्ष का चेतावनी, सड़क पर उतरकर करेंगे विरोध

एनपीटी ब्यूरो, पाकुड़ (झा०खं०),, वक्फ संशोधन बिल पर समाजवादी पार्टी की चेतावनी, सड़क पर उतरकर विरोध करेंगे। समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष हजीकूल आलम ने कहा समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय अखिलेश यादव ने वक्फ संशोधन बिल का विरोध कर रहे हैं, जब यह बिल लोकसभा में पेश किया गया था, हमारे नेता आदरणीय अखिलेश यादव जी ने कहा था, जिनके लिए यह बिल लाया जा रहा है, वही सहमत नहीं है, कहीं ना कहीं भारतीय जनता पार्टी बेस कीमती वक्फ जमीन को अपने मित्रों को देना चाहती है, सड़क पर मुस्लिम संगठन भी विरोध कर रहे हैं, समाजवादी पार्टी और उनके साथ है और जब वही लोग विरोध कर रहे हैं, उनके माकूल बिल नहीं है

# दिल्ली में होगी कांग्रेस की बैठक, जिलाध्यक्ष ट्रेन मार्ग से दिल्ली हुए रवाना



**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), आगामी 4 अप्रैल 2025 को इन्दिरा भवन नई दिल्ली में झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस के सभी जिला अध्यक्षों को पावरफुल बनाने के ध्यानार्थ एक संगठनात्मक बैठक एआईसीसी के द्वारा आयोजित किया गया है। इस बैठक को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे सम्बोधित करेंगे। कांग्रेस के नेता राहुल गांधी भी इस बैठक में उपस्थित रहेंगे।उक्त बैठक में शामिल होने के लिए साहिबगंज एवं पाकुड़ जिला के जिलाध्यक्ष बरकतुल्लाह खान एवं श्रीकुमार सरकार 1 अप्रैल 2025 को आनंद विहार ट्रेन से दिल्ली रवाना हुए। उक्त मौके पर विदा करने के लिए बरहरवा रेलवे स्टेशन पर कांग्रेस के प्रखण्ड अध्यक्ष रंजीत टुडू, प्रखण्ड महासचिव निताई सरकार, अजीज अंसारी, छोटेलाल रामानी, अहमद, दीपक कुमार, राजु महतो उपस्थित थे।

## साहिबगंज में भीषण रेल हादसा

# दो मालगाड़ियों की टक्कर के बाद लगी भीषण आग, ड्राइवर समेत तीन की मौत

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

साहिबगंज,गोड्डा झारखंड के साहिबगंज में बड़ा रेल हादसा हुआ है। यहां दो मालगाड़िया आपस में टकरा गईं। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रेन के इंजनों में आग लग गई। हादसे में ड्राइवर समेत तीन लोगों की मौत हो गई। इस दौरान सीआईएसएफ के तीन जवान भी घायल बताए जा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, घटना सुबह 3:30 बजे के आसपास की बताई जा रही है। फरक्का से ललमटिया जा रही मालगाड़ी बरहेट में खड़ी मालगाड़ी से जा टकराई। इसके बाद फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।



इससे पहले रविवार को ओडिशा से बड़ा रेल हादसा हुआ था। यहां कामाख्या एक्सप्रेस ट्रेन के कई डिब्बे पटरी से उतर गए थे। कटक में नेरगुंडी रेलवे स्टेशन के पास यह हादसा हुआ था। ट्रेन संख्या 12251 बंगलूरू से असम के गुवाहाटी के कामाख्या स्टेशन जा रही थी। दुर्घटना में एक शख्स की मौत हुई थी, जबकि सात यात्री घायल भी हुए थे। एक अधिकारी ने बताया था कि रविवार को ओडिशा के कटक जिले में एक एक्सप्रेस ट्रेन पटरी से उतर गई। सुबह 11.54 बजे मंगुली के पास निरगुंडी में एसएमवीटी बंगलूरू-कामाख्या एसी एक्सप्रेस के 11 डिब्बे पटरी से उतर गए।

# बेरहम दारोगा पर गिरी गाज, वीडियो वायरल होते ही रढ ने ले लिया बड़ा एक्शन, जानवरों की तरह की थी युवक की पिटाई

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

कैमूर (भभुआ): बिहार बिहार के कैमूर में सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ था। वायरल वीडियो में एक दारोगा युवक को बीच सड़क पर जानवरों की तरह पीटता दिख रहा है। आरजेडी ने वीडियो को शेयर कर सरकार पर हमला बोला था। पुलिस पिटाई का वीडियो वायरल होते ही कैमूर एसपी ने आरोपी दारोगा के खिलाफ बड़ा एक्शन ले लिया है।

दरअसल, कैमूर में सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें मोहनिया थाना क्षेत्र के समेकित चेक पोस्ट के पास एनएच 19 पर डायल 112 की पुलिस एक व्यक्ति को बाल पकड़ कर बेरहमी से डंडे से पिटाई कर रही है और फिर जीप में डालकर डंडे से धकेल रही है। कहा जा रहा है कि युवक ट्रक चालक है और पैसे नहीं देने पर पुलिसकर्मी उसके साथ मारपीट कर रहे हैं।

वायरल वीडियो कब का है यह तो स्पष्ट नहीं है लेकिन वीडियो वायरल होते ही कैमूर एसपी पूरे मामले का संज्ञान लेते हुए पिटाई करने वाले मोहनिया थाना के एएसआई प्रभात कुमार को सस्पेंड कर दिया है और उस दौरान वहां मौजूद रहे दो होमगार्ड को कर्तव्य से वंचित करने के लिए डीएम को आवेदन पुलिस लिख रही है।



कैमूर एसपी हरिमोहन शुक्ला ने बताया कि आज सुबह ही एक वीडियो वायरल होने और वायरल वीडियो में पुलिस का एक व्यक्ति को पिटाई करने का मामला प्रकाश में आया है, जो पुलिस के छवि के प्रति बिल्कुल गलत है। तत्काल एएसआई प्रभात कुमार को सस्पेंड कर दिया गया है।

उन्होंने बताया कि मामले में शामिल दो होमगार्ड के जवान को भी कर्तव्य से वंचित करने के लिए डीएम को पत्र लिखा गया है। पूरे मामले की जांच एसडीपीओ मोहनिया से कराई जा रही है। जांच रिपोर्ट में जैसा आएगा उसके अनुरूप आगे की कार्रवाई कर जानकारी दी जाएगी।

# सरकारी कर्मचारियों ने आज से लागू पेंशन स्कीम का किया विरोध

**नेशनल प्रेस टाइम्स, ब्यूरो**

मुरादाबाद । शिक्षकों और कर्मचारियों ने आज से लागू पेंशन स्कीम का किया वरोध प्रदेश में आज से लागू यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) का मुरादाबाद के शिक्षकों और कर्मचारियों ने विरोध किया और जिला अस्पताल में प्रदर्शन किया। यहां आंदोलनकारियों ने सरकार को अल्टीमेटम दिया कि पुरानी पेंशन बहाली तक होने तक संघर्ष जारी रहेगा।

केन्द्र सरकार की ओर से यूपीएस 1 अप्रैल 2025 लागु किया जाना प्रस्तावित है। इसके विरोध में काला फीता बांधकर आज जिला चिकित्सालय मुरादाबाद में समस्त विभाग के कर्मचारियों ने युपीएस व एनपीएस के विरोध में प्रदर्शन किया।



डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष सन्दीप बडोला ने बताया कि 1 जनवरी 2004 को केंद्र सरकार द्वारा पुरानी पेंशन व्यवस्था को समाप्त कर दिया गया। शेयर बाजार पर आधारित नई पेंशन व्यवस्था को लागू कर दिया गया, जो देश के शिक्षकों एवं कर्मचारियों की भविष्य निधि की सुरक्षा पूंजीपतियों के हवाले किया गया है, जो पूर्णतः असंवैधानिक है। नई पेंशन व्यवस्था के अंतर्गत सेवानिवृत होने वाले शिक्षक कर्मचारी आज आर्थिक समस्याओं से जूझ रहे हैं। यूपीएस नई पेशन स्कीम से भी खराब है दोनों स्वीकार नहीं है।

पुरानी पेंशन बुढ़ापे का सहारा-अटेवा जिला महामंत्री हेमन्त चौधरी ने बताया कि पुरानी पेंशन कर्मचारियों की सामाजिक सुरक्षा है। बुढ़ापे का सहारा है। सरकार ने इसे छीन लिया है। कर्मचारी पुरानी पेंशन की मांग कर रहे। सरकार पुरानी पेंशन न देकर यूपीएस लेकर आयी है जिसे लेकर कर्मचारियों में रोष उत्पन्न है। पुरानी पेंशन के अलावा कुछ स्वीकार करने के मूड में नहीं है। अटेवा के जिला महामंत्री ने कहा कि कर्मचारी शिक्षकों को पुरानी पेंशन की व्यवस्था को बहाल किया जाए। उन्होंने कहा नई पेंशन स्कीम /यूपीएस कर्मचारियों के लिए छलावा है। 30 से 40 वर्ष की सेवा करने के पश्चात कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति पर मात्र दो ?2000 की पेंशन मिल रही है, जिससे सेवानिवृत्ति के पश्चात कर्मचारियों का जीवन अंधकारमय हो रहा है।

प्रदर्शन में मुख्य रूप से निश्चल भटनागर, राजकीय नर्सेज संघ की अध्यक्ष पूनम मैसी, जिला मंत्री प्रतिमा शर्मा, शशांक शाही, सुशील, पुष्पा, अर्चना, मीनाक्षी,सीमा भारती,योगेश राजपूत, शिवप्रसाद रतूड़ी, राजेश पाठक,सुशील, शशांक साही, पंकज पाण्डेय, हरीश चौहान, संजीव, मकसूद,शेखर आदि उपस्थित रहे।

# सांसद रामजी लाल सुमन पर कार्यवाही की मांग



**नेशनल प्रेस टाइम्स, ब्यूरो**

मुरादाबाद । राष्ट्रीय योगी सेना जनपद मुरादाबाद की इकाई ने सांसद रामजी लाल सुमन कार्रवाई की मांग की है। संगठन कार्रवाई के लिए राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन मंडलायुक्त को सौंपा है।

सपा सांसद के बयान से सिर शमार्सार हो गयादिये ज्ञापन में बताया कि राज्य सभा सपा सांसद रामजी लाल सुमन द्वारा राज्यसभा में वीर मराठा परम श्रीराणा सांगा को गद्दार कहा गया और एक धर्म विशेष के लोगों को बाबर की औलाद और दूसरों को गद्दार की औलाद कहकर सम्बोधित किया गया, जिससे हमारे समस्त देशवासियों का सिर शर्मसार हो गया। उनके इस वाक्यों की राष्ट्रीय योगी सेना जनपद मुरादाबाद इकाई घोर निन्दा, भर्तस्ना करती है और सांसद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करती है।

## ऑनलाइन गवाही शुरू होने से प्रभावित हो रहे अदालती कार्य

गाजियाबाद। न्यायालयों में ऑनलाइन गवाही शुरू होने से गैर जनपदों के केसों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग होने पर अदालती कार्य प्रभावित हो रहे हैं। पुलिस के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से बयान दर्ज कराने पर कंप्यूटर की मांग भी बढ़ गई है। जनपद न्यायाधीश ने पुलिस आयुक्त को पत्र लिखकर कहा है कि पुलिसकर्मियों की ऑनलाइन गवाही पुलिस मुख्यालय से ही कराई जाएं। इससे गवाहों की अनुपस्थिति और अनावश्यक विलंब की समस्या को रोका जा सकेगा। जनपद न्यायालय कार्यालय में रोजाना औसतन 10 से 15 मामलों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से पुलिसकर्मियों के बयान दर्ज हो रहे हैं। इनमें से कई मामलों में पुलिसकर्मी गवाही के दौरान अनुपस्थित रहते हैं या तकनीकी समस्याओं का हवाला देकर जुड़ने में देरी करते हैं।

# सेवा भारती गाजियाबाद महानगर द्वारा वार्षिक उत्सव का भव्य आयोजन

**नेशनल प्रेस टाइम्स, ब्यूरो**

गाजियाबाद। सेवा एवं समर्पण की भावना से कार्यरत सेवा भारती गाजियाबाद महानगर द्वारा अपने वार्षिक उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन महानगर संघचालक धुरेंद्र द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता एवं मुख्य अतिथि सरदार मलकित सिंह जस्सर, राजकुमार मटाले एवं गंभीर सिंह (अपर जिलाधिकारी नगर) शामिल रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में सुमाष गुप्ता, सुधीर अग्रवाल, ललित खन्ना, विवेक त्यागी, संजीव कुमार गर्ग सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सेवा भारती का यह





वार्षिकोत्सव समाजसेवा के क्षेत्र में किए गए कार्यों की एक प्रेरणादायक झलक प्रस्तुत करता है। यह आयोजन न केवल सेवा कार्यों की उपलब्धियों को प्रदर्शित करता है, बल्कि समाज में परोपकार और सेवा की भावना को भी सुदृढ़ करता है। इस अवसर पर रेडक्रॉस सोसायटी सभापति सुभाष गुप्ता, समाजसेवी धवल गुप्ता, डूडाहेडा जिला संयुक्त अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक अतुल आनंद, नेत्र परीक्षण अधिकारी डा. दीपक चौहान आदि सदस्यगण मौजूद रहे।

## वक्फ बिल के नाम पर मुस्लिमों से धोखा कर रही सरकार - डा0 एस टी हसन

नेशनल प्रेस टाइम्स, ब्यूरो

मुरादाबाद । वक्फ संसोधन बिल को लेकर की जा रही भड़काऊ बयानबाजी पर केन्द्रीय मंत्री किरण रिजिजू द्वारा सख्ती बरतने की बात कहने पर पूर्व सपा सांसद डॉ एसटी हसन ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। एसटी हसन ने कहा है कि ये सरकार की दमनकारी नीति है,जिसे सरकार हमेशा अपनाती अपना हक अगर कोई पीसफुल तरीके से मांगता है और विरोध करता है,तो क्या उसे ये भी अधिकार नही है कि वो अपनी बात रख सके। सरकार इतना बड़ा फ्रॉड कर रही है। इतिहास में कभी नही हुआ है। अगर इस पर जनता शांतिपूर्वक धरना प्रदर्शन कर रही है तो मंत्री जी को आपत्ति क्यों है



**वफ्फ बोर्ड किसी की भी जमीन को अपना नहीं बताता**

पूर्व सपा सांसद डॉ एसटी हसन ने कहा है कि संसद सत्र में बिल पेश होने जा रहा है। वफ्फ बोर्ड संसोधन बिल का सीधे तौर पर विरोध दर्ज कराया है। उनका कहना है कि अगर कोई बिल ही लाना ही था तो ऐसा लाते जो वफ्फ की संपत्तियों पर हुए कब्जो को हटाया जाता और मैं खुद वफ्फ बोर्ड का मेम्बर रह चुका हूं,कुछ लोगो द्वारा एक झूठा प्रचार किया गया है,कि वफ्फ बोर्ड किसी भी जमीन को अपना बता रहा है।

# नगर निगम खुद सबसे बड़ा बकायेदार जनता पूछ रही कब जमा करेगा बकाया

**नेशनल प्रेस टाइम्स, ब्यूरो**

मुरादाबाद । नेताओं, व्यापारियों के मकान, दुकान, भवन, होटल आदि सील करने वाले नगर निगम पर स्मार्ट सिटी परियोजना में लगी स्ट्रीट लाइटों का 4 करोड़ से अधिक का बिजली का बिल बकाया चल रहा है,जोकि अभी तक जमा नहीं कर रहा है

नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल के निर्देश पिछले कई महीनों से ताबड़तोड़ छापेमारी करके नेताओं, व्यापारियों सभी के मकान, भवन, दुकान, होटल आदि सील किये जा रहे हैं। ऐसे में जब नगर निगम खुद बिजली का सबसे बड़ा बकायेदार है तो लोग नगर आयुक्त से पूछ रहे हैं। नगर निगम कब अपना बकाया जमा करेगा। टैक्स वसूलने वाले नगर निगम पर स्मार्ट सिटी परियोजना में लगी केवल स्ट्रीट लाइटों का 3 करोड़ से अधिक का बिजली का बिल बकाया चल रहा है,जोकि अभी तक जमा नहीं किया गया है।

जल संस्थान के ट्यूबवेल पर लगे पंप हाउस पर भी बिजली के बिल का भी लाखों के बिल का भुगतान नहीं किया गया। ऐसे में बिजली विभाग की ओर से कई बार से नगर निगम को बिल भुगतान के लिए पत्र लिखा गया है।अब बिजली विभाग की ओर से बिल भुगतान के लिए जिलाधिकारी के सामने मामले को रखा जाएगा। जिससे बिजली विभाग का बिजली बिल जल्द ही जमा कराया जाए।

**नगर निगम कर रहा है मनमानी**

अधिशासी अभियंता द्वितीय नरेंद्र सिंह ने बताया कि कांठ रोड पर लगी स्ट्रीट लाइटों के बिल का अभी तक भुगतान नहीं किया गया है। पीटीसी विद्युत केंद्र के क्षेत्र में नगर निगम की स्मार्ट परियोजना में लगी स्ट्रीट लाईटों का बिजली के बिल डेढ़ करोड़ से अधिक हो चुका है। कई बार बिजली विभाग की ओर से बिल भुगतान के लिए नगर निगम को बिल भेजे गए हैं,लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया गया।

**दिल्ली रोड पर लगी स्ट्रीट लाइट का एक करोड़ बकाया, कट सकती है बिजली**

वहीं प्रथम वितरण खंड के अंतर्गत दिल्ली रोड पर लगी स्ट्रीट लाइटों का लगभग एक करोड़ रुपए के बिजली बिल का भुगतान नहीं हो पाया है और नगर निगम के जल निगम के ओवर हेड टैंक पर लगे पंप हाउसों पर लाखों रुपये का बिजली बिल बकाया है,जिसका अभी तक भुगतान नहीं कराया गया है।

उन्होंने बताया कि कई बार बिजली विभाग द्वारा नगर निगम को बिल के भुगतान पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया है। लेकिन अभी तक नगर निगम के जिम्मेदारों ने बिल जमा नहीं कराया है। अब इस मामले को जिलाधिकारी मुरादाबाद के सामने रखा जाएगा। इसके बाद आदेश मिलने पर नगर निगम की बिजली काटी जा सकती है।

'नेशनल प्रेस टाइम्स'
दैनिक समाचार पत्र में एनसीआर के जनपदों के लिए ब्यूरो चीफ, तहसील ब्यूरो, संवाददाता व मार्केटिंग के लिए इच्छुक लड़के व लड़की सम्पर्क करें।
विज्ञापन, न्यूज, आदि के लिए संपर्क करें।
सुखपाल सिंह (संपादक)
प्रमोद मिश्रा (सह-संपादक)
8448184482
एस.के. राणा (सह-संपादक)
8938805409
पता : 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद
फोन- 0120-4549844, मो. 9312606107
nationalpresstimes@gmail.com/
www.nationalpresstimes.com
नेशनल प्रेस टाइम्स की तरफ से मुफ्त कानूनी सलाह के लिए सम्पर्क कर सकते हैं।
एडवोकेट आदर्श कुमार राय
(इलाहाबाद हाईकोर्ट)
09415624173

# ओलंपिक पदक विजेता मीराबाई चानू ने किए महामाया देवी के दर्शन, देश की तरक्की और सुख-शांति की कामना की

**नेशनल प्रेस टाइम्स, ब्यूरो**

गाजियाबाद-ओलंपिक पदक विजेता मीराबाई चानू ने महामाया देवी के दर्शन किए। मीराबाई ने देश की तरक्की और सुख-शांति की कामना की। पूजा-अर्चना के बाद मीराबाई चानू गंतव्य के लिए रवाना हो गई।

सीकरी खुर्द स्थित प्रसिद्ध व पौराणिक महामाया देवी मंदिर में चल रहे चैत्र नवरात्र मेले में लगातार भक्तों की भीड़ बढ़ रही है। ओलंपिक पदक विजेता मीराबाई चानू भी महामाया देवी मेले में पहुंची। मीराबाई चानू ने महामाया देवी के दर्शन किए। मंदिर के मंहत ने वैदिक मंत्रोंच्चार के साथ ओलंपिक मीराबाई चानू से पूजा संपन्न कराई।



मीराबाई ने देश की तरक्की और सुख-शांति की कामना की। पूजा-अर्चना के बाद मीराबाई चानू गंतव्य के लिए रवाना हो गई। मीराबाई के कोच विजय शर्मा मोदीनगर के रहने वाले हैं। मीराबाई अक्सर कोच विजय शर्मा से मिलने आती हैं। वहीं, मंगलवार को भी मेले में भक्तों का तांता लगा रहा।

कई हजार की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने देवी मां के दर्शन किए। भक्तों ने मां कूष्मांडा के स्वरूप की पूजा-अर्चना कर नवैद्य और पुष्प अर्पित किए। वाहन पार्किंग दूर होने के कारण मेले में पहुंच रहे दिव्यांग और वृद्धों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।:

स्वामी' प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक सुखपाल सिंह ने 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश से प्रकाशित एवं **बैकुंठ मीडिया, 47 बेसमेंट, नवयुग मार्केट, गाजियाबाद** (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित। RNI No. : UPHIN/2015/64579 मुख्य कार्यालय-209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद। मो. 9312606107, फोन- 0120-4549844, **nationalpresstimes@gmail.com/ www.nationalpresstimes.com** नोटः- समाचार पत्र से संबंधित किसी भी विवाद के निपटारे के लिए न्याय क्षेत्र गाजियाबाद ही होगा। *पीआरबी अधिनियम के अनुसार समाचार चयन और संपादन के लिए उत्तरदायी। समाचार पत्र में छपने वाले विज्ञापन की सत्य/ असत्य की जानकारी स्वयं करें, किसी भी विज्ञापन की असत्यता की जिम्मेदारी समाचार पत्र की नहीं होगी।